CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 11°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 28 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 317 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 6 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


बीएलओ की मौत पर एक करोड़ मुआवजा दे आयोग, सपा देगी दो लाख मदद: अखिलेश पेज 2


दीप्ति को मिली 3.2 करोड़ की बड़ी राशि, फिर से यूपीडब्ल्यू की टीम में हुई शामिल खेल टाइम्स


गाजा का पुनर्निर्माण : वैज्ञानिकों की क्या है भूमिका सम्पादकीय


इमरान खान जेल में, बाहर मौत की अफवाह पेज 12

## परमाणु क्षेत्र भी निजी क्षेत्र के लिए खोला जाएगा: मोदी

हैदराबाद, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में 21वीं सदी को भारत की सदी बताते हुए गुरुवार को कहा कि सरकार इस क्षेत्र की तरह अब परमाणु क्षेत्र को भी निजी क्षेत्र के लिए खोलने की दिशा में आगे बढ़ रही है, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा तथा प्रौद्योगिकी नेतृत्व को बल मिलेगा।

श्री मोदी ने उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान तथा नवाचार पर विशेष बल देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में सरकार देश भर में विद्यार्थियों के लिए और 50,000 अटल टिकरिंग लैब बनाने पर काम कर रही है। अटल टिकरिंग लैब भारत सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य स्कूलों में छात्रों के बीच रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देना है। श्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हैदराबाद में अंतरिक्ष उद्योग क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनी स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने स्काईरूट के पहले ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 का अनावरण किया, जिसमें उपग्रहों को कक्षा में प्रक्षेपित करने की क्षमता है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जैसे हमने अंतरिक्ष क्षेत्र में नवाचार को प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला, वैसे ही हम एक बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र में भी कदम उठाने जा रहे हैं। हम न्यूक्लियर सेक्टर को भी (निजी क्षेत्र के लिए) खोलने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम परमाणु क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर की सशक्त भूमिका की नींव रखने जा रहे हैं। इससे छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर, उन्नत रिएक्टर और परमाणु प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवाचार के अवसर बनेंगे।



■ हम न्यूक्लियर सेक्टर को भी निजी क्षेत्र के लिए खोलने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं: प्रधानमंत्री

### भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट तैयार

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये भारत के पहले प्राइवेट आर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 को दुनिया के सामने रखा। इस रॉकेट की ऊंचाई 26 मीटर यानी करीब 85 फीट है। रॉकेट को प्राइवेट स्पेस कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने बनाया है। इस रॉकेट को 2026 में लॉन्च किया जाएगा। यह अपने साथ 300 किग्रा सैटेलाइट ले जाने में सक्षम है। पीएम ने रॉकेट के अलावा कंपनी के नए इनफिनिटी कैंपस का भी इनॉगरेशन किया। इस कैंपस में कई लॉन्च व्हीकल के डिजाइन, डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग का काम किया जाएगा। कैंपस तेलंगाना के हैदराबाद में बना है। कंपनी का हेड ऑफिस भी यहीं है।

## असम में एक से ज्यादा शादी करने पर जेल होगी

### सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी, निकाय चुनाव नहीं लड़ पाएंगे, सदन में बिल पास

**गुवाहटी।** असम में एक से ज्यादा शादी (बहुविवाह) करना अब अपराध होगा। राज्य सरकार ने गुरुवार को विधानसभा में बहुविवाह पर रोक लगाने वाले असम प्रोहिबिशन ऑफ पालिगामी बिल, 2025 को पास कर दिया। आगे ये बिल राज्यपाल के पास जाएगा। बिल कब से लागू होगा, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। इस नए बिल के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति पहले से शादीशुदा होते हुए दूसरी शादी करता है या उसकी पिछली शादी कानूनी रूप से खत्म नहीं हुई है, तो यह अपराध माना जाएगा। इसकी सजा 7 साल तक की जेल और जुर्माना है। साथ ही पीड़ित को 1.40 लाख रुपये मुआवजा देने का भी प्रावधान है। यदि कोई व्यक्ति अपनी मौजूदा शादी को छिपाकर दूसरी शादी करता है तो उसे 10 साल तक जेल और जुर्माने की सजा हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत के पहले निजी नेविगेशन केन्द्र 'एसीईएन' का शुभारंभ

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने भारत के पहले निजी क्षेत्र के नेविगेशन नवाचार केंद्र अनंत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नेविगेशन (एसीईएन) का उद्घाटन केरल के तिरुवनंतपुरम में किया। अनंत टेक्नोलॉजीज द्वारा स्थापित इस केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। उद्घाटन समारोह में रक्षा, अंतरिक्ष और शैक्षणिक संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे। कंपनी ने नेविगेशन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आधुनिक रक्षा और नागरिक जीवन की अदृश्य रीढ़ है। इस दृष्टि से यह केंद्र नेविगेशन प्रौद्योगिकियों में राष्ट्र की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

### दिव्यांगों के लिए फंड जुटाएं यूट्यूबर्स: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सोशल मीडिया के कंटेंट से जुड़े दो मामलों पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया पर डाले जाने वाले एडल्ट कंटेंट के लिए किसी न किसी को जिम्मेदारी लेनी ही होगी। केंद्र सरकार इसके लिए 4 हफ्ते में रेगुलेशन बनाए और कानून एससी/एसटी एक्ट की तरह सख्त हों। वहीं दिव्यांगों से जुड़े दूसरे मामले में इंडियाज गॉट लेटेंट के होस्ट और यूट्यूबर समय रैना को आदेश दिया कि वे अपने शो में दिव्यांग लोगों की सफलता की कहानियां दिखाएं, ताकि उनकी मदद के लिए फंड इकट्ठा किया जा सके।

### धोखाधड़ी रोकने के लिए बदले साइबर सुरक्षा से जुड़े नियम

**नई दिल्ली।** मोबाइल के जरिये होने वाली धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने दूरसंचार साइबर सुरक्षा नियम, 2025 में संशोधन किए हैं। दूरसंचार विभाग द्वारा नियमों में तीन बदलाव किए गए हैं। मोबाइल नंबर, आईएमईआई और आईपी जैसे आईडेंटिफायर का रिकॉर्ड रखने वाले निकायों को टेलीकॉम आईडेंटिफायर यूजर एंटिटी (टीआईयूई) के रूप में परिभाषित किया गया है। नए नियमों के मुताबिक, विशिष्ट परिस्थितियों में और नियामकीय प्रक्रिया के तहत टीआईयूई के लिए सरकार के साथ टेलीकॉम आईडेंटिफायर डाटा साझा करना जरूरी होगा।

### मेडिकल कॉलेज भ्रष्टाचार मामले में देशभर में छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 15 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। ईडी ने कहा कि यह मामला सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है जिसमें आरोप लगाया गया है कि मेडिकल कॉलेजों के निरीक्षण से संबंधित गोपनीय जानकारी के बदले राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के अधिकारियों और कई सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी गई थी।

## आधार कार्ड वाले घुसपैठियों को क्या दे दें वोटिंग का अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

### आधार केवल सरकारी योजनाओं के लिए है, नागरिकता साबित करने के लिए नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की संवैधानिक वैधता पर एक अहम सुनवाई के दौरान गुरुवार को पूछा कि क्या ऐसे लोग जो गैर-कानूनी तरीके से भारत में आए हैं, लेकिन जिनके पास कल्याणकारी योजनाओं के लाभों को लेने के लिए आधार कार्ड हैं, उन्हें भी वोट देने का हक होना चाहिए? मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की एक पीठ ने एसआईआर को चुनौती देने वाली अलग-अलग राज्यों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही।

यह बात पश्चिम बंगाल और केरल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के इस तर्क के बाद आई कि आधार कार्ड होने के बावजूद मतदाताओं को बाहर रखा जा रहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि आधार का मकसद इसे बनाने वाले कानून के तहत योजनाओं का लाभ पाने तक ही सीमित है। उन्होंने पूछा कि मान लीजिए कि पड़ोसी देशों से लोग यहां आते हैं और यहां रिक्शा चलाने या मज़दूरी करने लगते हैं। अगर आप आधार कार्ड इसलिए जारी करते हैं, ताकि उन्हें सब्सिडी वाला राशन मिल सके, तो यह हमारे संवैधानिक मूल्यों के हिसाब से है। लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि क्योंकि उन्हें यह फायदा दिया गया है, तो अब उन्हें वोटर भी बना देना चाहिए? बिहार में मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर जताई गई चिंताओं पर मुख्य न्यायाधीश ने -शेष पृष्ठ दो पर

**SIR पर हुई सुनवाई**




■ आधार से वोटर होने का नहीं मिल सकता अधिकार

### दिल्ली प्रदूषण पर बोले सीजेआई हमारे पास जादू की छड़ी नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुनवाई की। उन्होंने कहा कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। मुझे बताइए कि हम क्या आदेश दे सकते हैं, जिससे हवा तुरंत साफ हो जाए।

सीजेआई ने कहा कि दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) के बिगड़ने के कई कारण हैं। इस क्षेत्र के एक्सपर्ट्स और साइंटिस्ट्स ही इसका हल निकाल सकते हैं। समस्या हम सबको पता है। समाधान ढूंढ़ने की जरूरत है। प्रदूषण का कोई एक कारण है, यह सोचना बहुत बड़ी गलती हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए एक दिसम्बर की तारीख तय की।




## सुरक्षा चुनौतियों से निपटने को सेना में बड़े बदलाव की जरूरत : सेना प्रमुख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि तेजी से बदलते और अनिश्चित वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सेना में बड़े स्तर पर बदलाव किए जाने की जरूरत है।

जनरल द्विवेदी ने यहां सेना के सेमिनार 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग - 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया एक उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है, जहां बड़ी ताकतें लगातार टकरा रही हैं और प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया शीत युद्ध की द्विध्रुवीयता से संक्षिप्त एकध्रुवीय दौर के बाद अब एक अनिश्चित और बिखरी हुई व्यवस्था की ओर अग्रसर है। अभी दुनिया भर में 50 से अधिक संघर्ष चल रहे हैं और यह कहना कि हम अशांत समय में जी रहे हैं, शायद हल्की टिप्पणी होगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीति प्रतिरोधक क्षमता, राष्ट्रीय सुरक्षा और युद्ध तैयारियों में जुटी है और ऐसे में सेना के समक्ष एक मूलभूत प्रश्न उठता है कि उसे किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने की तैयारी के तहत किस तरह के बदलावों की जरूरत है। उन्होंने इस बारे में एक दीर्घकालिक रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सेना का एकीकरण और इसे प्रौद्योगिकी से लैस करना है। सेना प्रमुख ने कहा कि सेना में व्यापक बदलावों के तहत आत्मनिर्भरता, त्वरित नवाचार, अनुकूलन और पारिस्थितिकी तंत्र सुधार और सैन्य-नागरिक समन्वय पर जोर दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में गहन तालमेल की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि युद्धक क्षमता का विकास बहु-एजेंसी और बहु-आयामी प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैन्य संगठन संकोच छोड़ रहा है और फायरिंग रेंज खोल रहा है, स्टार्ट-अप को फंड दे रहा है और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी मिशनों में शामिल हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक वैश्विक साझेदारियों के लिए शिक्षाविदों, उद्योग और सेना में सहयोग जरूरी है। सेमिनार का विषय बदलाव के लिए सुधार : सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत है और इसका आयोजन सेना तथा सेंटर फॉर लैंड वॉरफेयर स्टडीज़ द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। सेना प्रमुख ने कहा कि इस सेमिनार की शुरुआत 2023 में उनके पूर्ववर्ती जनरल मनोज पांडे ने की थी और उन्होंने उस वर्ष को भारतीय सेना के रूपांतरण वर्ष के रूप में घोषित किया था। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि वास्तविक बदलाव अलग-थलग होकर नहीं किया जा सकता। इसके लिए व्यापक समझ और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के सभी हितधारकों के साथ सहयोग आवश्यक है। तब से यह मंच आकार तथा प्रभाव में बढ़ा है।



■ दुनिया एक अनिश्चित व बिखरी हुई व्यवस्था की ओर अग्रसर

## जेवर एयरपोर्ट का सीएम योगी ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किन्जरापु के साथ जेवर एयरपोर्ट परियोजना का स्थल निरीक्षण किया तथा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

जेवर में विकसित हो रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के प्रमुख ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स में शामिल है, जिसे एनसीआर के लिए एक बड़े हवाई केंद्र के रूप में तैयार किया जा रहा है।



## क्रिकेट सट्टेबाजी से कमाया हर मुनाफा अपराध: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट से जुड़ी 6 याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि नेटवर्क अपराध पर खड़ा था। इसलिए इससे कमाया हर मुनाफा अपराध है।

दरअसल, क्रिकेट सट्टेबाजी से जुड़े मुकेश कुमार, उमेश चौटालिया, नरेश बंसल, घनश्याम भाई पटेल और अन्य ने याचिका लगाई थी। कहा था कि ईडी के जारी अस्थायी अटैचमेंट और नोटिस रद्द किए जाएं। क्रिकेट सट्टेबाजी पीएमएलए में अपराध नहीं है। उनकी संपत्ति गैर-कानूनी आय नहीं मान सकते। हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि दलीलें खारिज की जाती हैं। रैकेट की बुनियाद अपराध पर टिकी थी। डिजिटल फर्जीवाड़े, फर्जी केवाईसी, हवाला चेन और बिना दस्तावेज वाले सुपर मास्टर लॉगिन आईडी मुख्य अपराध की बुनियाद हैं। यह सब जहरीले पेड़ की तरह है, जब पेड़ जहरीला हो तो फल कैसे वैध हो सकता है।

■ कहा- यह जहरीले पेड़ की तरह, इसका फल कैसे वैध

■ पीएमएलए में सट्टेबाजी अपराध नहीं

## भारत की आतंकवाद-रोधी रणनीति को मिली नई पहचान: मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति और तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की आतंकवाद-रोधी और प्रतिरोधक रणनीति का प्रतीक बताते हुए कहा है कि भारत शांति चाहता है लेकिन अपनी सीमाओं तथा लोगों की सुरक्षा के लिए दृढ़ता और संकल्प के साथ किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार है।

श्रीमती मुर्मू ने गुरुवार को यहां सेना द्वारा आयोजित संगोष्ठी 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग-2025' के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की संप्रभुता की रक्षा में पेशेवराना दक्षता और देशभक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि हमारे बलों ने हर सुरक्षा चुनौती चाहे पारंपरिक हो, उग्रवाद विरोधी हो या मानवीय, हमारे बलों ने अद्भुत क्षमता और दृढ़ संकल्प दिखाया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को देश की आतंकवाद-रोधी और प्रतिरोधक रणनीति का निर्णायक क्षण बताते हुए उन्होंने कहा कि इसने न केवल भारत की सैन्य क्षमता को दुनिया के सामने रखा, बल्कि जिम्मेदार और दृढ़ तरीके से शांति के लिए कार्य करने की भारत की नैतिक स्पष्टता को भी प्रदर्शित किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा सशस्त्र बल अपने संचालन दायित्वों से परे राष्ट्रीय विकास के स्तंभ भी हैं। सीमाओं को मजबूत करने के साथ-साथ उन्होंने बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी, पर्यटन और शिक्षा के माध्यम से सीमा क्षेत्र के विकास में भी योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। वैश्विक व्यवस्था प्रतिस्पर्धी शक्ति केंद्रों, तकनीकी उथल-पुथल और बदलते गठबंधन के कारण नया आकार ले रही है। साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध जैसे नए प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों ने शांति और संघर्ष की रेखाओं को धुंधला कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' की हमारी सभ्यतागत भावना से प्रेरित होकर भारत ने दिखाया है कि रणनीतिक स्वायत्तता वैश्विक जिम्मेदारी के साथ हमारी कूटनीति, अर्थव्यवस्था और सशस्त्र बल मिलकर ऐसे भारत की छवि प्रस्तुत करते हैं, जो शांति चाहता है, लेकिन अपने सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा के लिए दृढ़ता और संकल्प के साथ तैयार है।



■ राष्ट्रपति ने कहा: ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य शक्ति और शांति के संकल्प का प्रतीक

## दिल्ली-एनसीआर में बेकाबू होता प्रदूषण



**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की दिशा बदलने और गति कम होने के चलते वायु प्रदूषण में एक बार फिर से बढ़ोतरी हुई है। बीते दिनों में लगातार घटता जा रहा प्रदूषण फिर से बढ़ते क्रम की दिशा पर चल पड़ा है। गुरुवार सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई।

वहीं, आसमान में स्मॉग की चादर भी दिखाई दी। इसके चलते दृश्यता भी कम रही। इस दौरान लोग मास्क पहने नजर आए। साथ ही, सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 377 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें बुधवार की तुलना में 50 सूचकांक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 381 दर्ज किया गया, यह बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, ग्रेटर नोएडा में 381, गाजियाबाद में 358 और गुरुग्राम में 317 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 203 दर्ज किया गया।

■ सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से, जहरीली हवा में सांस लेना हुआ मुश्किल, नोएडा की वायु सबसे प्रदूषित

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर में प्रतिबंधित संगठन पर बड़ी कार्रवाई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को कई जिलों में प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के सदस्यों और संस्थानों को निशाना बनाते हुए छापेमारी की। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन के 'पूरे आतंकी तंत्र और अलगाववादी प्रचार को खत्म करने' के लिए कुलगाम, अनंतनाग और बडगाम जिलों में बड़ी छापेमारियां की गई। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंधित जमात से जुड़े व्यक्तियों और परिसरों को लक्षित करते हुए कुलगाम में कई स्थानों पर सावधानीपूर्वक समन्वित तलाशी अभियान चलाए गए। तलाशी के दौरान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, साहित्य और कई दस्तावेज बरामद हुए, जिन्हें मौके पर ही जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि अनंतनाग में भी जमात के खिलाफ इसी तरह की छापेमारी की गई।

### घोसी विस सीट पर छह महीने को अंदर होगा उपचुनाव

**लखनऊ।** यूपी में जल्द ही एक बार फिर से उपचुनाव होने जा रहे हैं। विधानसभा सचिवालय की ओर से मऊ की घोसी विधानसभा सीट रिक्त घोषित कर दी गई हैं। समाजवादी पार्टी के विधायक सुधाकर सिंह के निधन के बाद ये सीट खाली हुई हैं, जिसके बाद अब जल्द ही इस सीट पर उपचुनाव कराएं जाएंगे। विधानसभा सचिवालय की ओर से इस संबंध में अधिसू. चना जारी कर दी गई है। इसे लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा के सदस्य, डीएम मऊ और मुख्य निर्वाचन अधिक. ारी समेत सभी संबंधित विभागों को इसकी जानकारी दे दी गई है। ऐसे में अब छह महीने के भीतर इस सीट पर उपचुनाव कराए जाएंगे।

## कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया को बताया देश के लिए घातक

# बीएलओ की मौत पर पीएम व ज्ञानेश जबाव दें

नई दिल्ली, वार्ता



- बीएलओ को मजबूर किया जा रहा, पिछड़े तथा दलितों के वोट काटे जा रहे हैं
- भाजपा के इशारे पर देश की लोकतांत्रिक मजबूती को तबाह किया जा रहा : सुप्रिया श्रीनेत

कांग्रेस ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को घातक बताते हुए कहा है कि इस प्रक्रिया को अंजाम दे रहे बीएलओ काम के दबाव में जान देने को मजबूर हो रहे हैं और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार जिम्मेदार हैं।

कांग्रेस सोशल मीडिया तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बीएलओ को मजबूर किया जा रहा है और पिछड़े तथा दलितों के वोट काटे जा रहे हैं। कनपट्टी पर कट्टा लगाकर एसआईआर कराने का कोई औचित्य नहीं है। भाजपा के इशारे पर देश की लोकतांत्रिक मजबूती को तबाह किया जा रहा है और एसआईआर को लेकर जो सवाल कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूछे हैं, उनका जवाब नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीएलओ पर काम का जबरदस्त दबाव है और इसके कारण उन्हें आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। एसआईआर के लिए भारी दबाव में काम करवाया जा रहा है और 20 दिन में 26 बीएलओ की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ये दिनदहाड़े हत्या है। गोंडा के बीएलओ विपिन यादव ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। विपिन यादव पर वोटर लिस्ट से ओबीसी वोटरों के नाम काटने का दबाव बनाया जा रहा था। बीएलओ की एसआईआर के दबाव में जान जा रही है और मोदी तथा ज्ञानेश कुमार इसके लिए जिम्मेदार हैं और उन्हें इसका जवाब देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सवाल इस बात का है कि 'कनपटी पर कट्टा' रखकर एसआईआर क्यों करवाया जा रहा है। आज ही महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव से पहले जबरदस्त 'वोट चोरी' सामने आई है। दो कोचिंग सेंटरों में 600 लोग रजिस्टर्ड हैं, वहीं 3,500 से ज्यादा लोग ऐसे हैं, जिनका पता ही गलत है। दूसरी ओर चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश को अपना बता रहा है और प्रधानमंत्री लाल आंखें मूंदकर बैठे हुए हैं।

### नई श्रमिक संहिताएं मजदूर विरोधी, वापस ले सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि श्रम सुधारों के नाम पर सरकार हाल में जो नई श्रम संहिताएं लेकर आई हैं वे श्रमिकों के खिलाफ हैं और इन्हें तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। असंगठित श्रमिक एवं कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष डा. उदित राज ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाए नई श्रमिक संहिताओं का कांग्रेस विरोध करती है और सरकार को इसे वापस लेना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन संहिताओं को वापस नहीं लिया जाता है, तो उनका संगठन पूरे देश में इनके खिलाफ आंदोलन करेगा। असंगठित श्रमिक एवं कर्मचारी कांग्रेस ने 22 नवम्बर को यहां श्रम शक्ति भवन पर प्रदर्शन किया था। ये सभी श्रमिक संहिताएं मजदूर विरोधी हैं और इन चारों लेबर कोड्स-औद्योगिक संबंध संहिता- 2020, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य संहिता- 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता- 2020 तथा वेतन संहिता, 2019 कारपोरेट की हितैषी और मजदूर विरोधी हैं।

एसआईआर 'वोट चोरी' करती हुई धरी गई है। एक राज्य जहां 20 साल से भाजपा की सरकार है, वहां 93 प्रतिशत की स्ट्राइक रेट आना संभव ही नहीं है। ऐसे में बच्चा-बच्चा जानता है कि एसआईआर के जरिए 'वोट चोरी' का काम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सच्चाई ये है कि देश को खतरा मोदी सरकार से है, जिसने युवाओं का भविष्य चौपट किया है। किसानों को फसल का दाम नहीं मिल रहा है, लोगों से वोट का अधिकार छीना जा रहा है, महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है।

# बीएलओ की मौत पर सपा देगी दो लाख की सहायता

शाह टाइम्स ब्यूरो



- केंद्र सरकार को एक करोड़ मुआवजा देना चाहिए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रहे एसआईआर के बीच बीएलओ द्वारा आत्महत्या किए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी सरकार को आड़े हाथों लिया है।

अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सत्ता के अहंकार में इस भ्रम में है कि काम के दबाव में किसी की मृत्यु होने पर न तो वे अपनी व्यवस्था सुधारेंगे, न ही कोई मुआवज़ा देंगे। चुनाव आयोग से अपील है कि मृतक आश्रितों को 1 करोड़ रुपये का मुआवज़ा दिया जाए। समाजवादी पार्टी मृतक आश्रितों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

गुरुवार को पार्टी की तरफ से जारी बयान में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बीएलओ भाई-बहनों पर एसआईआर का अव्यावहारिक एवं असंभव लक्ष्य थोपकर जो अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, वह अत्यंत निदनीय और घोर आपत्तिजनक है। भाजपा राज में कर्मचारियों को प्रताड़ना, दबाव और अशांति के अलावा कुछ नहीं मिला है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने नई नौकरियां नहीं दीं और जो मौजूदा व्यवस्थाएं हैं, उन्हें इतना कठिन बना दिया है कि लोग हताश होकर नौकरी छोड़ने को मजबूर हों। बीएलओ से मशीन की तरह काम करने की उम्मीद रखना अमानवीय है। यह सब भाजपा अपने चुनावी महाघोटाले के लिए कर रही है, जो बीएलओ हताश होकर नौकरी छोड़ रहे हैं या जो अपनी जान तक जोखिम में डाल रहे हैं, वे आखिर इस सियासी घपले का खामियाज़ा क्यों भुगतें? देशभर के कर्मचारियों को इसके विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समा. जवादी पार्टी हर बीएलओ के साथ खड़ी है।

# भाजपा ने यूपी के 14 जिलाध्यक्षों को हटाया, पांच को दोबारा दिया मौका

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अब तक 98 में से 84 जिलाध्यक्षों के नामों का कर चुकी ऐलान

**लखनऊ।** भाजपा ने यूपी में बुधवार देर रात 14 जिलाध्यक्षों को हटाकर नए जिलाध्यक्ष को जिम्मेदारी दे दी है। इसकी घोषणा पूर्व केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने की। इस तरह भाजपा अब तक 98 में 84 जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा कर चुकी है। अब 14 जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान होना ही बाकी रह गया है। पांच जिलों में पुराने जिलाध्यक्षों को फिर मौका दिया गया है। बीजेपी ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर भी लिस्ट जारी की है। कुल 84 जिलों के लिए घोषित जिलाध्यक्षों में सात सामान्य, छह पिछड़े वर्ग (ओबीस) और एक अनुसूचित जाति (एससी) से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है।

इस सूची में बृज क्षेत्र के अलीगढ़ जिले में सामान्य वर्ग से एक नाम शामिल है, जबकि अन्य जिलों में ओबीसी और एससी प्रतिनिधियों को प्राथमिकता दी गई। कुल मिलाकर, 84 जिलाध्यक्षों में सामान्य वर्ग से 45, ओबीसी से 32 और एससी से सात का चयन हुआ है। सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया गया। यह घोषणा मार्च 2025 में 70 जिलाध्यक्षों के चयन के बाद की कड़ी है, जब दिल्ली-लखनऊ में कई दौर की चर्चाओं के बाद सूची अंतिम रूप ले चुकी थी। उस समय भी पार्टी ने संगठनात्मक पुनर्गठन पर जोर दिया था, ताकि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़े। बीजेपी के 98 संगठनात्मक जिलों में अब 14 जिले बचे हुए हैं, जिनके अध्यक्षों का चयन किया जाना है। बीते कई माह से भाजपा यूपी में 98 जिलाध्यक्षों को लेकर नामों का ऐलान कर रही है। बुधवार देर रात बीजेपी की ओर से इसी कड़ी में 14 नए जिलाध्यक्षों की सूची जारी की गई, इनमें 5 चेहरे पुराने पुराने हैं। इस तरह बीजेपी अब तक 98 में 84 जिलाध्यक्षों का नामों का ऐलान कर चुकी है। अब सिर्फ 14 नामों का ऐलान होना ही बाकी है।

# पुतिन के दौरे से यूपी की लेदर इंडस्ट्री को बूस्टर डोज की उम्मीद

लखनऊ, वार्ता

- अमेरिकी टैरिफ के चलते प्रभावित हो रहे बाजार

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से जहां रक्षा क्षेत्र को मजबूती मिलने की उम्मीद है वहीं उत्तर प्रदेश की लेदर इंडस्ट्री की भी निगाहें टिकी हुई है।

लेदर इंडस्ट्री को उम्मीद है कि अमेरिकी टैरिफ के चलते प्रभावित हो रहे व्यापार के लिए रूस के बाजार उनके लिए खुल सकते हैं। जो एमएसएमई सेक्टर के लिए बूस्टर डोज का काम करेगी। रूस को लेकर भारत के इस समय अमेरिका समेत उसके पश्चिमी सहयोगियों के साथ जो कूटनीतिक रिश्ते हैं, उसको देखते हुए पुतिन की इस यात्रा पर दुनिया भर की नजरें लगी हुई हैं लेकिन, भारत और रूस अपने सामरिक, रक्षा और आर्थिक संबंधों में इनकी वजह से किसी भी तरह से दबाव में आने वाले नहीं हैं। ऐसे में पांच दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 5 दिसम्बर बेहद अहम द्विपक्षीय सम्मेलन होने वाला है। इसमें भारत अपनी रक्षा क्षमताओं के विस्तार और आत्मनिर्भरता की दिशा में रूस के साथ बड़ी डील को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। पुतिन के साथ भारत दौरे पर आने वाले प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर मंथन होगा।

### विदेशों में सोशल मीडिया अकाउंट्स से की जा रही देशविरोधी बयानबाजी: भाजपा

**नई दिल्ली।** बीजेपी ने गुरुवार को कांग्रेस और वामपंथी विचारधारा वाले दलों पर आरोप लगाया कि वे विदेशों में स्थित सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए भारत विरोधी बयानबाजी कर रहे हैं और देश विरोधी माहौल बना रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार सम्मेलन में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी टीम के साथ साथ वामपंथी दलों के जाने-माने चेहरे करीब 2014 से लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत को अपमानित करने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल इसके लिए विदेशी ताकतों की मदद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जानकारी के मुताबिक देश विरोधी बयानों और भाजपा सरकार के खिलाफ बयानबाजी विदेशों से संचा. लित एकाउंट्स के जरिए की जा रही है, ताकि देश में सरकार विरोधी माहौल बनाया जा सके। पात्रा ने कहा कि वर्तमान में सोशल मीडिया एक्स पर कुछ दिन पहले एक नया फीचर आया है, जिसके माध्यम से आप जान सकते हैं कि जिनका एकाउंट है, वो किस देश से इसे ऑपरेट कर रहे है या फिर उनकी लोकेशन क्या है।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 85720.38
निफ्टी 26215.55



सोना रु. 127800
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 160800
प्रति किलो



# शेयर बाजार: सेंसेक्स 86000 अंक को छूकर लौटा

मुंबई, वार्ता



आईटी, निजी बैंकों और वित्तीय कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स बीच कारोबार में पहली बार 86,000 अंक को छूने में कामयाब रहा।

सेंसेक्स बढ़त में खुलने के बाद बीच कारोबार में एक समय 446 अंक उछलकर 86,055.86 अंक पर पहुंच गया था। अंत में यह 110.87 अंक (0.13 प्रतिशत) की बढ़त में 85,720.38 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 105 अंक चढ़कर 26,310.45 अंक पर पहुंच गया, हालांकि अंत में यह 10.25 अंक यानी 0.04 प्रतिशत ऊपर 26,215.55 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांकों यह सितम्बर 2024 के बाद का उच्चतम बंद स्तर है। मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा जबकि छोटी कंपनियों में निवेशकों ने बिकवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.16 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.53 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में कुल 3,193 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,598 के शेयर लाल निशान में और 1,486 के शेयर हरे निशान में रहे। वहीं 109 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित बंद हुए। मीडिया, आईटी, वित्तीय कंपनियों और निजी बैंकों के समूहों से सूचकांक हरे निशान में रहे। ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, तेल एवं गैस, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर हरे निशान में और अन्य 15 के लाल निशान में रहे। बजाज फाइनेंस का शेयर सबसे अधिक 2.27 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक में 1.24 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.05, बजाज फिनसर्व में 0.93, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 0.68, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक दोनों में 0.54 और एलएंडटी में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी और सनफार्मा के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। मारुति सुजुकी में सबसे ज्यादा 1.56 फीसदी की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 1.35 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.15, भारतीय स्टेट बैंक का 1.14, टाटा स्टील का 0.97 और टीसीएस का 0.80 प्रतिशत टूट गया। टेक महिंद्रा, ट्रेंट, भारती एयरटेल, पावरग्रिड, बीईएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर भी लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.23 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.29 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.07 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.20 प्रतिशत ऊपर था, जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.19 प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोना-चांदी के दाम में अचानक आया उछाल

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी के दाम में अचानक उछाल आ गया। गुरुवार के दाम के अनुसार चांदी का भाव एक लाख 60 हजार 800 रुपये प्रति किलो है, वहीं 24 कैरट सोने की कीमत एक लाख 27 हजार 800 रुपये प्रति 10 ग्राम है। 22 कैरट सोना एक लाख 17 हजार 485 रुपये प्रति दस ग्राम है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि सुरक्षित निवेश की नई मांग के कारण सोने में तेजी आई, जबकि अमेरिकी श्रम बाजार में कमजोरी के लगातार संकेत से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बनी हुई है। वैश्विक मोर्चे पर हाजिर सोना लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ 46.32 डॉलर या 1.14 प्रतिशत बढ़कर 4,114.01 डॉलर प्रति औंस हो गया। विदेशी कारोबार में चांदी हाजिर 3.09 प्रतिशत बढ़कर 52.26 डॉलर प्रति औंस हो गई। मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटीज प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि सोना हाजिर 4,084 डॉलर के स्तर से ऊपर कारोबार कर रहा है, क्योंकि एफओएमसी की अक्टूबर बैठक के विवरण का इंतजार कर रहे हैं, जो आज रात जारी होगा।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के भाव टूट गए। चावल के साथ गेहूं में भी गिरावट रही। आवक कम रहने से चीनी में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 10 रुपये प्रति क्विंटल फिसलकर 3,844.42 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं भी तीन रुपये की गिरावट के साथ 2,854.46 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत भी तीन रुपये टूट गई। दाल-दलहनों में उड़द दाल 13 रुपये और मूंग दाल आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 15 रुपये और चना दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। वहीं मसूर दाल की कीमत 21 रुपये प्रति क्विटल टूट गई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 65 रिंगिट चढ़कर 4089 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 33 रुपये और वनस्पति 15 रुपये प्रति क्विटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल की कीमत भी 64 रुपये प्रति क्विटल बढ़ गई। पाम ऑयल में 27 रुपये और सोया तेल में 18 रुपये प्रति क्विटल की तेजी रही। सूरजमुखी तेल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ गत दिवस के स्तर पर स्थिर रहा जबकि चीनी चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7893.50 रुपये, मसूर काली 8158.13 रुपये, मूंग दाल 10130.80 रुपये, उड़द दाल 10384.09 रुपये, तूअर दाल 10638.42 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2854.46 रुपये और चावल 3844.42 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**आधार कार्ड...**

कहा कि बड़े पैमाने पर मीडिया कवरेज ने एसआईआर प्रक्रिया को पूरे राज्य में मशहूर कर दिया है। कभी-कभी हमें मीडिया को पूरा क्रेडिट देना चाहिए। अगर दूर-दराज़ के इलाकों के लोगों को जानकारी थी कि नई लिस्ट आ रही है, तो क्या कोई कह सकता है कि उन्हें पता नहीं था?

अधिवक्ता सिब्बल की इस बात पर कि एसआईआर प्रक्रिया का बोझ मतदाताओं पर नहीं पड़ना चाहिए, और सॉफ्टवेयर फर्जी मतदाताओं का असरदार तरीके से पता लगा सकता है, न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि तकनीकी उपकरण मृत मतदाताओं की पहचान नहीं कर सकते। यह सब राजनीतिक रुझान पर निर्भर करता है। अगर पार्टी 'अ' मज़बूत है, तो सभी मृत मतदाता उसी पार्टी को वोट देंगे। इसीलिए मृत मतदाताओं को हटाना होगा। बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की गलतियों के बारे में चिंता जताते हुए, न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि सर्वे शायद ही कभी पूर्ण होते हैं और इसलिए सुधार के लिए मसौदा सूची प्रकाशित की जाती हैं। पीठ ने दोहराया कि सूची से हटाए गए और बाहर चले गए मतदाताओं की सूची न केवल ऑनलाइन बल्कि पंचायतों और स्थानीय निकायों में भी अपलोड की जानी चाहिए। पीठ ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चुनाव आयोग से भी जवाब मांगा। इसने कहा कि अगर ज़रूरत पड़ी, तो न्यायालय मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन की समयसीमा बढ़ा सकता है। एसआईआर के दूसरे चरण के कार्यक्रम के अनुसार, गणना फॉर्म 4 दिसम्बर को जमा करने हैं, और मसौदा सूची 9 दिसम्बर को प्रकाशित की जाएगी। न्यायमर्ति सूर्यकांत ने जोर देकर कहा कि अगर आप कोई केस बनाते हैं, तो न्यायालय हमेशा तारीखें बढ़ाने का निर्देश दे सकता है।

इन्हें टालने का विरोध करते हुए चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि 99 प्रतिशत मतदाताओं को को गणना प्रपत्र मिल गए हैं और 50 प्रतिशत से ज्यादा डिजिटाइज हो गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य चुनाव कार्यालय और चुनाव आयोग बेहतर तरीक से समन्वय कर रहे थे और उन्हें संचालनात्मक दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा। केरल में 9 और 11 दिसम्बर को होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव की अर्जी को देखते हुए न्यायालय केरल की याचिका पर 2 दिसम्बर को सुनवाई के लिए सहमत हो गया। तमिलनाडु मामले पर चार दिसम्बर और पश्चिम बंगाल मामले पर नौ दिसम्बर को सुनवाई होगी।

# बंगाल में एसआईआर में 26 लाख मतदाताओं की पहचान नहीं हो पाई

- अब तक छह करोड़ मतदाताओं के विवरण का मिलान हो चुका

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान संभावित नाम हटाए जाने की बढ़ती आशंकाओं के बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने पुष्टि की है कि मिलान प्रक्रिया के दौरान अब तक लगभग 26 लाख मतदाताओं की पहचान नहीं हो पााई है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब तक छह करोड़ मतदाताओं के विवरणों का मिलान किया जा चुका है, जिनमें से लगभग 26 लाख का डिजिटल डेटाबेस के माध्यम से सत्यापन नहीं हो सका है। अधिकारी ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा कि जमा किए गए गणना प्रपत्रों के मिलान की प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ यह संख्या बढ़ने की संभावना है। हालांकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया कि सिर्फ इन विसंगतियों के कारण नाम नहीं हटाए जाएंगे। इसके बजाय, अधिकारी कोई भी निर्णय लेने से पहले दूसरे दौर के भौतिक सत्यापन के लिए मुद्रित मतदाता सूचियों पर निर्भर रहेंगे। आयोग के सूत्रों के अनुसार राज्य भर में 7.64 करोड़ गणना फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें से 6.01 करोड़ का डिजिटलीकरण हो चुका है। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि शेष फॉर्म भी जल्द ही डिजिटल कर दिए जाएंगे। कुल मिलाकर पश्चिम बंगाल इस समय डिजिटलीकरण के मामले में देश में सबसे आगे है। इस बीच निर्वाचन आयोग ने बुधवार को एसआईआर प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए तीन केंद्रीय अधिका. रियों को कोलकाता में तैनात किया। ये अधिकारी, प्रधान सचिव बीसी पात्रा, सचिव सौम्यजीत घोष और उप सचिव बीबर अग्रवाल, पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल के अधीन काम करेंगे। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर बूथ स्तर के अधिकारियों के एक वर्ग द्वारा पिछले दो दिनों से किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के बाद कोलकाता पुलिस से 48 घंटों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। सीईओ के अधिकारियों ने कहा कि आयोग अपने अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर रूप से चितित है और उनका मानना है कि कार्यालय में मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था अपर्याप्त है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नगवा के युवक ने दहेज में मिले 31 लाख रुपये लौटाए

## कहा- दुल्हन ही असली दहेज है

■ दहेज रहित शादियों के लिए आगे आ रहे हैं पढ़े लिखे समझदार युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गांव नगवा के एक युवक ने दहेज में मिले 31 लाख रुपये दुल्हन पक्ष के लोगों को ये कहकर वापस लौटा दिए कि दुल्हन ही दहेज है। दुल्हे के इस फैसले की पूरे गांवध में खूब चर्चा हो रही है और यह बात उन लोगों के लिए भी एक सबक है जो अतिरिक्त दहेज के लिए भी लड़कियों को परेशान कर उनकी हत्या करने से भी नहीं चूकते।

बताया जाता है कि एक दूल्हे ने एक अनूठी मिसाल पेश की है। उसने दहेज में मिले 31 लाख रुपए लेने से मना कर दिया। दुल्हन के घरवाले 31 लाख रुपए एक थाली में सजाकर लाए थे लेकिन दूल्हे ने थाली को प्रणाम करते हुए लौटा दिया और कहा कि दुल्हन ही उसका दहेज है। इस रकम पर मेरा हक नहीं है।

यह पैसा दुल्हन के पिता की गाढ़ी कमाई है। इसे मैं नहीं ले सकता। दुल्हे का यह फैसला सुनकर सभी भौचक रह गए। लड़के के फैसले पर उनके माता पिता का भी सिर ऊंचा हो गया। उन्होंने बेटे के फैसले का साथ दिया। वहीं लड़की के घर वालों ने भी हाथ जोड़कर धन्यवाद किया। इससे शादी की खुशी दोगुनी हो गई। सारी रस्में पारंपरिक तरीके से निभाई गई। जयमाला हुई। दूल्हा व दुल्हन को लड़के और लड़की पक्ष के बड़े बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। नाना ने नातिन का कन्यादान किया। सुबह हंसी खुशी दुल्हन विदा हुई। गांव वाले दूल्हे की तारीफ कर रहे हैं। कह रहे दामाद हो तो ऐसा। बताया जाता है का बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के नगवा गांव के रहने वाले हरवीर राणा के बेटे अवधेश सिंह की शादी गांव शाहबुद्दीनपुर की अदिति सिंह से तय हुई थी। अदिति एमएससी पास है। कोरोना काल में उसके पिता का निधन हो गया था। परिवार में एक भाई अभिनव हैं। बीते 5 सालों वह अपने नाना-नानी के यहां रह रही है। अदिति सिंह की शादी मामा और नाना ने मिलकर की है। अदिति के नाना सुखपाल किसान हैं। उनके पास 36 बीघा जमीन है। लड़की के दो मामा अभिषेक और संदीप हैं। वहीं अवधेश के परिवार का गोगा जी ट्रेडर्स के नाम से पतंजलि प्रोडक्ट्स का होलसेल का काम है। बुढ़ाना की घास मंडी के पछाला मोहल्ले में इनकी शॉप है। तय समय अनुसार



शहर के एक मैरिज हॉल में दूल्हा अवधेश बारात लेकर पहुंचा। लड़की वालों ने बारातियों को नाश्ता कराया। इसके बाद डीजे पर नाचते गाते बाराती बैंक्वेट हॉल पहुंचे। बारातियों का लड़की के घर वालों ने माला पहनाकर हाथ जोड़कर स्वागत किया। शादी की रस्में शुरू हुईं। मंत्रोच्चारण के बीच द्वार पूजा हुई। तिलक चढ़ाया गया। इसी बीच जैसे ही लड़की के घर वालों ने भेंट के तौर पर दूल्हे अवधेश की तरफ 31 लाख रुपए की नोटों से भरी थाल बढ़ाई तो उन्होंने लेने से मना कर दिया। लड़की के घर वालों ने उन्हें पहले मनाने की कोशिश की लेकिन दूल्हे ने कहा मैंने शुरु से साफ कर दिया था कि मैं दहेज नहीं लूंगा। दूल्हे अवधेश ने कहा यह पैसा अदिति के पिता की गाढ़ी कमाई है जिसे उसकी मां और नाना ने इकट्ठा किया है। यह उसका हक है मेरा नहीं। यह सुनकर लड़की के घर वाले भावुक हो गए। उन्होंने भी दूल्हे के फैसले का सम्मान किया। हाथ जोड़कर धन्यवाद कहा। दुल्हे के इस नेक काम पर अवधेश को बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया और कहा कि ऐसा दामाद मिलना सौभाग्य की बात है। जब इस बात का पता चला दुल्हन अदिति को चला तो उसने भी पति का शुक्रिया अदा किया।

# मीटर उखाड़ने पर भारी जुर्माना, नोटिसों से भड़के किसान

## एक्सईएन कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रतनपुरी क्षेत्र में नए बिजली मीटर लगाने को लेकर महीनों से मीटर का विवाद अब खुलकर सड़क पर आ गया है। किसान संगठन टिकैत के नेतृत्व में गुरुवार को बुढ़ाना मार्ग स्थित एक्सईएन कार्यालय के बाहर किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया।

गुरुवार को किसान नेताओ द्वारा दिये गए अनिश्चित कालीन धरने के दौरान एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी वाली कहावत जिंदा हो गई। विधुत विभाग के अधिकारियों का कहना था कि किसानों द्वारा सरकारी संपत्ति को लाखों की हानी पहुँचाई है और जब कार्रवाई की तो किसान धरने पर बैठ गए। मामला तब तूल पकड़ गया जब कुछ माह पहले ग्रामीणों ने अपने घरों पर लगे सैकड़ों बिजली मीटर उखाड़कर एक्सईएन कार्यालय में फेंक दिए थे। विद्युत विभाग ने इस कार्रवाई को सरकारी संपत्ति को नुकसान मानते हुए दर्जनों किसानों को 50 से 60 हजार रुपये तक के भारी-भरकम नोटिस जारी कर दिए। नोटिसों से नाराज किसानों का आरोप है कि विभाग ने बिना जांच के मनमर्जी से यह कार्रवाई की है, जिससे गरीब ग्रामीणों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। किसानों ने यह भी कहा कि रतनपुरी में करंट लगने से एक व्यक्ति की घोड़ी की मौत के मामले में अब तक मुआवजा नहीं दिया गया, जबकि शिकायत कई बार दर्ज कराई जा चुकी है। धरने में शामिल किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक नोटिस वापस नहीं लिए जाते और घोड़ी की मौत का मुआवजा नहीं दिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं एक्सईएन देवेंद्र कुमार का कहना है कि किसानों ने नए मीटर लगाने का विरोध करते हुए सैकड़ों मीटर उखाड़कर विभाग को लाखों का नुकसान पहुंचाया था, इसलिए नोटिस जारी करना जरूरी था। उन्होंने आश्वस्त किया कि घोड़ी की मौत के मामले में रिपोर्ट भेजी



जा चुकी है और लगभग 30 हजार रुपये का मुआवजा जल्द दिया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक एक्सईएन कार्यालय पर किसानों का धरना लगातार जारी था। धरने में सचिन चौधरी, कपिल सोम, शालू, जुल्फकार छोटा समेत कई किसान नेता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया एक दिवसीय रिमोट सेन्सिंग कार्यशाला का आयोजन

मुजफ्फरनगर ।रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर, उप्र लखनऊ (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) विभाग द्वारा जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया।

एक दिवसीय कार्यशाला में रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अमित सिन्हा एवं नरेन्द्र कुमार एवं परियोजना वैज्ञानिक डा. जय कुमार मिश्रा एवं अवनीश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर में विभिन्न परियोजनाओं में रिमोट सेन्सिंग एवं जीआईएस तकनीक का उपयोग करके जनपदवार तैयार किये गये डिजिटल डाटाबेस का प्रस्तुतीकरण किया गया एवं उक्त के बारे में जानकारी दी। उक्त के अतिरिक्त वैज्ञानिकों द्वारा रिमोट सेन्सिंग, जीआईएस एवं जीपीएस तकनीक के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई और यह बताया गया कि इस तकनीक का उपयोग कृषि, राजस्व, भू-संचय, जल-संचय, प्राकृतिक आपदा, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, सिंचाई विभाग, जल निगम, नलकूप, सड़क, वन आदि में किया जाता है एवं भुवन पोर्टल पर भी जाकर इस सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उक्त के अतिरिक्त लिडार तकनीक के बारे में भी जानक. ारी दी गयी। प्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल पीएमजीएसपी के माध्यम से विभिन्न विभागों के डाटाबेस के बारे



में भी जानकारी दी गई।कार्यशाला में जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, पंकज कुमार, अधिशासी अधिकारी, उप निद. ेशक-कृषि, कृषि रक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, सामाजिक वानिकी, जिला विद्यालय निरीक्षक, उपायुक्त-एनआरएलएम, उपायुक्त मनरेगा, जल निगम, लघु सिंचाई एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

### अज्ञात चोर ने युवक की जेब से पर्स किया साफ

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोर ने मिठाई खरीद रहे एक ग्रामीण की जेब से पर्स चोरी कर लिया। पीड़ित ग्रामीण ने पुलिस से पर्स की बरामदगी की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन सिंह पुत्र धर्मपाल निवासी गांव बिराल बुढाना ने पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती बुधवार की देर रात सांवरिया होटल के पास से उसका पर्स किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। वह वहां पर मिठाई खरीदने के लिए कुछ देर रुका था कि इसी बीच किसी ने उसका पर्स चोरी कर लिया। उसे पर्स चोरी होने का पता तब लगा जब उसने दुकानदार को मिठाई के पैसे देने चाहे तो उसका पर्स उसकी जेब से गायब था। पीड़ित ग्रामीण ने बुढ़ाना पुलिस से पर्स की बरामदगी किए जाने की गुहार लगाई है जबकि उधर बुढ़ाना पुलिस ने पीड़ित ग्रामीण की तहरीर पर अज्ञात चोर के विरु) चोरी का मामला दर्ज करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की कई फुटेजें खंगालकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्यवाही शुरु कर दी थी।

# टैक्स बार एसोसिएशन ने किया आई-कार्ड वितरण समारोह

**मुजफ्फरनगर।** टैक्स बार एसोसिऐशन (रजि) के तत्वाधान में एक आम सभा का आयोजन जानसठ रोड स्थित गोल्डन ऐरा में किया गया जिसमें बडी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता डा. ए.के. अरोरा एड. को भारत सरकार द्वारा जीएसटी कांउसिल की बैठक में आमंन्त्रित किये जाने पर बार संघ द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बार द्वारा अधिवक्ताओ के आई-कार्ड का विमोचन बार के अध्यक्ष शलभ कौशिक द्वारा किया गया तथा पहला आई-कार्ड अध्यक्ष जी द्वारा एनके अरोरा को पहनाया गया। इस वर्ष बार में 12 नये मेम्बरर्स शामिल हुए जिन सभी को बार द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। बार द्वार आई-कार्ड कमिटि के चेयरमेन मुकेश ढींगरा, अंकुर मैनी,कृष्ण कुमार को उनके सरहानीय कार्य के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन संघ के महासचिव असगर मेंहदी एडवोकेट द्वारा किया गया। सभा में मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण अग्रवाल, सलिल वत्स, सतीश अनेजा, रोहिताश कर्णवाल, राज कुमार शर्मा, रवि शंकर, अभिलाष गुप्ता, नीरज पाल, राजीव गुप्ता, अंकुर मैनी, अनुज सैनी, नीरज पाल, मुकेश ढींगरा, प्रवीण गुप्ता, कृष्ण कुमार, नमन मित्तल, नीतिश गुप्ता, दीपक शर्मा, अमित कुमार, राममोहन शर्मा, राजीव गर्ग,



हर्षित गर्ग, सादीक, विजय जैन, नवीन गोयल, वंषिका शर्मा, अभय सिंह, डा. मौ. तसलीम, रक्षित कुश, अमित कुमार, सैयंद नदीम हुसैन, इशा नायक, अंकाशा गोयल, रजनीश कुमार, मौ. फैसल सैफी, वैभव शर्मा, उज्जवल आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे किसान नेता हाउस अरेस्ट

**चरथावल।** क्षेत्र में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे कई किसान नेताओं और किसानों को पुलिस ने उनके आवास पर ही रोक दिया। सूचना मिलते ही पुलिस उनके घरों पर पहुंची और उनसे बातचीत के बाद उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। उनके आवासों पर पुलिस बल भी तैनात किया गया है। भारतीय किसान यूनियन (किसान सेना) द्वारा गाजियाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम निर्धारित था। इस ज्ञापन में गन्ने के मूल्य में हाल ही में हुई 30 प्रति क्विंटल की वृद्धि और इसके साथ ही परिवहन शुल्क में 3 की बढ़ोतरी जैसे मुद्दों पर चर्चा की जानी थी।

किसान जानना चाहते थे कि क्या यह वृद्धि मिल की दूरी बढ़ने, डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी, या गन्ने के वजन में किसी असामान्य वृद्धि के कारण हुई है। इस संदर्भ में भाकियू किसान के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इसरार त्यागी और मंडल अध्यक्ष सहारनपुर मोहम्मद मुरसलीन सहित कई किसान नेताओं को उनके आवास पर ही हाउस अरेस्ट किया गया है।उनके घरों पर पुलिस बल तैनात है और सूचना तंत्र भी अलर्ट पर है।




# पेंशनर्स निकालेंगे 29 को मौन जुलूस

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ नागरिक पेन्शनर्स सेवा संस्थान के बैनर पर लंबित मांगों के समर्थन में प्रान्तीय कार्यकारिणी द्वारा 29 नवंबर को जिला मुख्यालय पर पेंशनर संगठन द्वारा मौन जलूस निकाला जाएगा।

पेशनर्स संगठन से जुड़े एमए अलवी ने जानकारी देते हुए बताया कि पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान के प्रति सरकार को संवे. दनशील रवैया अपनाना चाहिए। क्योंकि देश की प्रगति में पूर्व कर्मचारियों का भी अहम योगदान रहा है। सचिव सत्यवीर सिंह,पीके गर्ग,मो. कमर, शिलेन्द्र कुमार, एके त्यागी, सतीश शर्मा,भूषण लाल,शाहिद हसन, इफ्तखार अहमद चंदू सिंह, एनके जैन, केवी सिंह, सुनील कुमार गर्ग कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हैं।

# गोलियां दागने वाली बुलेट को पुलिस ने किया जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाईन पुलिस ने आग फेंकने वाली मोटरसाईकिल व मॉडीफाईड सेलेन्सर लगाकर तेज आवाज करने वाली बाइको के विरूद्व सख्त अभियान चलाया गया। इसमे कई वाहनों को जब्त किया गया और कई वाहनों का जब्त किया गया है।

सिविल लाईन थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तेज आवाज की सलेन्सर लगी बाइक बुलेट, पटाखे तथा आग फेंकने वाली सलेन्सर का इस्तेमाल करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ अभियान चलाया गया है।

सिविल लाईन थाना प्रभारी ने बताया कि उन्होंने एक अभियान चलाकर तेज आवाज में पटाखा फोडने वाली तीन मोटरसाईकिल व



बुलेटो को जब्त किया है और मॉडीफाईड सेलेन्सरों का प्रयोग करने वाली दो मोटरसाईकिलों का चालान भी किया गया। सिविल लाईन पुलिस का कहना है कि यदि उनके क्षेत्र में तेज आवाज और पटाखा फोडने वाली बाइक या बुलट चलती मिली तो वह वाहनों को जब्त करने के साथ वाहन स्वामी पर कडी कार्यवाही भी करेंगे। उनका कहना है कि सलेन्सर लगाकर पटाखा फोडने वाले वाहन स्वामी इसके माध्यम से छेडखानी करते है और तेज आवाज की बुलट से बीमार व्यक्ति पर बुरा असर भी पडता है। उन्होंने बताया कि ऐसे वाहन स्वामियों की शिकायत लगातार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को मिल रही है जिसके चलते तेज आवाज के सलेन्सर वाली बुलट व मोटरसाईकिल तथा उसके स्वामी के विरूद्व पूरे जनपद में अभियान चल रहा है और आज उन्होंने इसी कार्य में पांच वाहनों पर कार्यवाही की है।

# 58 लाख हड़पने के आरोप में दिल्ली पुलिस की दबिश

■ दिल्ली के कारोबारी से ठेकेदारी में फंसे पैसे निकालने हेतु ले लिये लाखों रूपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार की शाम दिल्ली पुलिस ने सिविल लाईन थाने में आमद दर्ज करायी। इसके बाद पुलिस ने प्रमोद कुमार निवासी संतोष विहार सरकुलर रोड थाना सिविल लाईन पर दबिश दी, लेकिन दिल्ली पुलिस द्वारा बताये गया आरा. ेपी घर पर नही मिला। दिल्ली पुलिस का कहना है कि आरोपी मौके से फरार हो गया। दिल्ली पुलिस का यह भी कहना है कि आरोपी प्रमोद कुमार दिल्ली के एक व्यक्ति से कारोबार के लिए 58 लाख रूपये अपने बैंक एकाउंट में लिये थे।

यह भी आरोप है कि प्रमोद कुमार ने अपने आपको यू.पी.जल बोर्ड का ठेकेदार बताते हुए दिल्ली के व्यक्ति से कहा था कि उसे पैसो की सख्त जरूरत है और आरोपी ने सहायता को कहकर पैसे मांगे थे और कहा था कि यदि पैसे से उसकी सहायता हो गई तो वह जल बोर्ड के टैण्डरों में फंसा पैसा वापस मिलने के बाद 4 माह में उक्त रकम को लौटा देगा। आरोप है कि दिल्ली निवासी उक्त व्यक्ति को आरोपी प्रमोद कुमार ने पूरी तरह अपने विश्वास में लिया और उस परिचित से 58 लाख रूपये उधार ले लिये। इस दौरान प्रमोद कुमार और उक्त दिल्ली के व्यक्ति के बीच कानूनी प्रक्रिया के तौर पर एक महायदा हुआ जहां प्रमोद कुमार ने महायदे में कागजी लिखा पढी की, प्रमोद कुमार ने इस बीच चार चैक भी दिल्ली व्यक्ति को दिये। जिन्हे चार माह बाद कैश करने और रकम वापस लौटाने की बात कही गई जब चार माह गुजर गये तो उक्त व्यक्ति ने प्रमा. ेद से दी गई रकम वापस मांगी लेकिन आरोपी ने पैसे देने में आना कानी की इसके बाद पीडित ने प्रमोद कुमार द्वारा दिये गये चैक को भुगतान के लिए बैंक में लगाये और उक्त चैक बाउंस हो गये और उक्त व्यक्ति के खाते में कोई पैसा नही आया जब मामला पीडित की समझ में आया तो उसने न्यायालय का सहारा लिया और न्यायालय के माध्यम से एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी पीडा सुनायी। चैक बाउंस मामला कोर्ट में पहुंचने के बाद प्रमोद कुमार ने मीडियेशन के दौरान पीडित व्यक्ति को 10 लाख रूपये प्रतिमाह देने की बात कही लेकिन इसके बाद प्रमोद कुमार ने न तो पैसे लौटाये और न ही कोर्ट की तारीख भुगती गयी। इस दौरान कई समन, वारंट हाजिर होने के लिए जारी किये, लेकिन आरोपी कोर्ट में हाजिर नही हुआ। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने 21 अक्टूबर 2024 को 174ए के तहत प्रमोद कुमार को भगौडा घोषित किया और पुलिस को मुकदमा दर्ज कर गिरफतारी के आदेश दिये। इसी के तहत दिल्ली पुलिस ने सिविल लाईन थाने में आमद दर्ज करायी और प्रमोद कुमार के घर पहुंची। दिल्ली पुलिस का कहना है कि आरोपी घर पर नही मिला। इसके बाद दिल्ली पुलिस बैंरग लौट गयीं

## बंद हुई निगरानी की आंख

# लापरवाही की भेंट चढ़े सर्विलांस कैमरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** अपराध पर पूर्णतरूअंकुश लगाने व शान्ति व्यवस्था को मज़बूत बनाने तथा दुर्घटनाओं की जांच मे सहायता के लिए प्रत्येक गांव मे सीसीटीवी कैमरो को मुख्य चौराहो, सार्वजनिक स्थानों,व्यस्त मार्गो आदि पर लगाया गया था। जिससे क्षेत्र की सुरक्षा मज़बूत बनाने की आशा जगी थी।

ग्रामीणों ने सीसीटीवी कैमरे लगाने के कार्य का स्वागत किया था। किन्तु उचित रख रखाव की व्यवस्था न होने के कारण वर्तमान मे यह कैमरे बंद हो गये हैं। जिससे नागरिकों की सुरक्षा को लेकर लाप. रवाही उजागर हुई है।

आधुनिक युग मे सीसीटीवी कैमरे नागरिकों व प्रतिष्ठान आदि की सुरक्षा मे महत्वपूर्ण साबित हुए हैं। शहर अथवा देहात सभी जगह उपयोगी यह तकनीक अनिवार्य रूप ले रही है।इसी के दृष्टिगत मोरना क्षेत्र मे जहां कुछ समय पूर्व नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरो को लगाया गया था। अपराध पर अंकुश लगाने के इस प्रयास का स्वागत आमजन ने किया था। किन्तु कुछ समय बीतने के बाद वर्तमान मे अक्सर सीसीटीवी कैमरे लापरवाही के कारण बंद हो गये हैं। जिससे क्षेत्र मे नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खडे हो गये हैं।

### शुकतीर्थ में नहीं है सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था

प्रसिद्ध तीर्थ नगरी के विकास पर जहां बड़ी राशि खर्च की जा रही है वहीं तीर्थ नगरी मे आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को गंभीरता दिखाई नहीं पड़ती है। तीर्थ नगरी मे मुख्य चौराहो, प्रमुख मार्गो पर अभी तक सीसीटीवी कैमरो को लगाने की व्यवस्था नहीं की गयी है।

### मोरना में भी है सीसीटीवी कैमरों की कमी

ब्लॉक् मुख्यालय होने के आलावा क्षेत्र का एक मात्र व्यवसायिक केन्द्र होने के चलते प्रतिदिन बड़ी संख्या मे ग्रामीणों का आना जाना मोरना मे होता है।वहीं दिन प्रतिदिन मोरना की आबादी तीव्रता से बढ़ रही है।जिससे नागरिकों की सुरक्षा महत्वपूर्ण हो गयी है। किन्तु अभी तक मुख्य स्थानों पर सर्विलांस कैमरो की व्यवस्था नहीं हो सकी है।

### पंचायत चुनाव के पूर्व कैमरों का लगना आवश्यक

पंचायत चुनाव की सरगर्मी देहात क्षेत्र मे शुरू हो गयी है।अनेक गांव मे संवे. दनशीलता बढ़ रही है।राजनीती के चलते मार्गो व चौराहो पर घटे सहज मामलो को असहज किया जा रहा है।ऐसे मे सीसीटीवी कैमरो की उपयोगिता अनिवार्य हो चली है। अब देखना है की शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधि कब सुरक्षा को लेकर गंभीर होंगे।

### नगर पंचायत भी सर्विलान्स कैमरों से दूर

क्षेत्र की एक मात्र नगर पंचायत भोकरहेड़ी मे भी अभी तक सर्विलांस कैमरो की व्यवस्था नहीं हो सकी है। किसी भी घटना के बाद पुलिस को निजी कैमरो की सहायता लेनी पड़ती है।नगर चौयरमैन सरला देवी ने बताया की कस्बे मे प्रमुख स्थानों व मुख्य मार्गो पर सर्विलांस कैमरो को लगाने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। शीघ्र ही कैमरो को लगाया जायेगा।

## जिला अस्पताल में सफाईकर्मियों की हड़ताल

### वेतन न मिलने पर कर्मचारियों ने जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला अस्पताल में लंबित वेतन का भुगतान न होने पर जब सफाई कर्मचारियों ने अचानक हड़ताल कर दी तो व्यवस्था बुधवार को पूरी तरह चरमरा गई, हड़ताल के शुरू होते ही अस्पताल के सभी वार्डों, ओपीडी और आपातकालीन कक्षों में गंदगी का अंबार लग गया। जगह-जगह कूड़ा जमा हो गया और दुर्गंध से मरीजों व तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पिछले कई महीनों से उन्हें नियमित वेतन नहीं दिया जा रहा, जिसके कारण उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया। कर्मचारियों ने कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद ठेकेदार कंपनी और अस्पताल प्रशासन ने कोई समाधान नहीं निकाला, जिससे मजबूर होकर हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा।



हड़ताल में रामेश्वरी, कमलेश, ममता, शिक्षा, मुन्नी, अनीता, माधुरी, रेशू, नरेश, बबली, अमीता, विजय सहित ए-वन फैसिलिटी कंपनी के सुपरवाइजर व अन्य कर्मचारी शामिल रहे। इनका कहना था कि जब तक लंबित वेतन का भुगतान नहीं किया जाता, वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। उधर, अस्पताल आने वाले मरीजों में आक्रोश देखा गया। मरीजों ने कहा कि अस्पताल में उपचार के साथ स्वच्छता भी अत्यंत आवश्यक है, लेकिन सफाई न होने के कारण संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। कई वार्डों के बाहर कूड़े के ढेर और वाश रूमों में गंदगी से हालात और भी बदतर हो गए। हड़ताल के कारण अस्पताल प्रशासन भी मुश्किल में नजर आया और वैकल्पिक प्रबंध की कोशिशें शुरू कर दी गई। फिलहाल, कर्मचारियों की मांगों पर प्रशासनिक स्तर पर कर्मचारियों की समस्या का निराकरण करने का प्रयास चल रहा है।

## गन्ने से लदे वाहनों पर रिफलेक्टर लगवाने का कार्य शुरु

**मुजफ्फरनगर।** ठंड के धीरे-धीरे बढ़ने के कारण रात्रि में कोहरा शुरू होने की आशंका भी बढ़ती जा रही है। पाला पड़ने से किसान परेशान है तो कोहरे की शुरूआत से वाहन चालक और राहगीर दुविधा में है, ऐसे में वाहन दुर्घटनाएं रोकने हेतु यातायात पुलिस गन्ने से लदे वाहनों पर रिफलेक्टर लगवाने की पहल कर रही है।

इण्डियन पोटाश लि.यूनिट तितावी शुगर कॉम्प्लेक्स, तितावी मे सड़क सुरक्षा एवं प्रशासनिक सहयोग को दृष्टिगत रखते हुए भरे तथा खाली गन्ना ढुलाई वाहनों में पुलिस क्षेत्राधिकारी थाना फुगाना, विभागाध्यक्ष (गन्ना) एवं विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन एवं विधि) द्वारा रिफ्लेक्टिव पट्टी युक्त लाल कपड़ा लगवाने का शुभारम्भ किया गया है।






**खतौली:** आवाम-ए-हिंद ने लगाया एस.आई.आर.पंजीकरण सहायता शिविर।

## खतौली क्षेत्र में लगा एसआईआर सहायता कैंप

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गुरुवार को आवाम ए हिंद पार्टी द्वारा राव नदीम एड, राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा-निर्देश पर ग्राम पंचायत वाजिदपुर कवाली में एसआईआर सहायता कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप का नेतृत्व पार्टी के मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष हाफिज कमरुद्दीन ने किया। कैंप में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण पहुंचे, जहां उनकी समस्याएं सुनी गई और आवश्यक एसआईआर फॉर्म भरवाए गए। पार्टी पदाधिक. ारियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं, सुविधाओं और उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए हर संभव सहायता प्रदान की। हाफिज कमरुद्दीन ने कहा कि आवाम ए हिंद पार्टी का उद्देश्य है कि हर जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पहुंचे।

उन्होंने इसे जनसेवा और जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस दौरान ग्रामीणों ने कैंप की पहल की सराहना करते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पार्टी की ओर से आश्वा. सन दिया गया कि ऐसे कैंप आगे भी विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जाएंगे ताकि कोई भी पात्र नागरिक सरकारी सुविधाओं से वंचित न रह जाए।जिला अध्यक्ष हाफिज कमरुद्दीन ने भारत के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से यह मांग भी रखी कि एसआईआर प्रक्रिया की अवधि को चार माह तक बढ़ाया जाए, ताकि देश के सभी नागरिक समय से अपने एसआईआर फॉर्म भर सकें। ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर सक्रियता दिखाते हुए आवाम ए हिंद पार्टी ने साफ किया कि जनसेवा ही पार्टी का सर्वोपरि संकल्प है।

## कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में छात्रा रिया आई प्रथम



**बुढ़ाना।** आज बृहस्पतिवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमति किरण यादव के मार्ग निर्देशन में ब्लॉक बुढाना और शाहपुर की तहसील स्तरीय दिव्यांग क्रीड़ा प्रतियोगिता बुढाना कस्बे के कांधला रोड पर कमल मार्किट के समीप स्थित शिक्षण संस्था कन्या जूनियर हाईस्कूल बुढ़ाना के भव्य परिसर में सफलतापूर्वक तरीके से आयोजित की गई। जिसमें ब्लॉक बढ़ाना और शाहपुर के परिषदीय विद्यालयों के दिव्यांग छात्र और छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़ चढकर प्रतिभाग किया।

यहां बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान अमन बुढ़ाना नंबर 03, द्वितीय स्थान अरमान कंपोजिट विद्यालय जोगियाखेड़ा और वीर बुढ़ाना नंबर 03 तीसरे स्थान पर रहा। एक सौ मीटर दौड़ में निशांत टांडा माजरा ब्लॉक बुढ़ाना प्रथम स्थान, अमिश कसेरवा द्वितीय स्थान और जिकरा कसेरवा ब्लॉक शाहपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और कुसह्ल दौड़ में रिया कसेरवा ब्लॉक शाहपुर ने प्रथम स्थान और श्रेयांश सठेडी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें बच्चों को प्रोत्साहित और सम्मानित किया गया और उनके माता-पिता शबनम और आयशा आदि को भी सम्मानित किया गया। उक्त क्रीडा प्रतियोगिता में आईटी टीचर दिनेश कुमार और रामफूल सिंह की उपस्थिति के साथ साथ परिषदीय विद्यालय से मनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजीव कुमार और अंकुर कुमार आदि अध्यापक भी उपस्थित रहे।

## बरातघर पर आंबेडकर पार्क नामांकन को लेकर विवाद

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के मझावली गांव में ग्राम प्रधान द्वारा बरातघर पर ग्राम पंचायत निधि से रंगाई पुताई कराने और वहां 'डॉ. आंबेडकर पार्क' लिखा पत्थर लगवाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। मामला बढ़ता देख पुलिस तक पहुंचा, जिसके बाद ग्राम प्रधान ने तेजी से कदम उठाते हुए न सिर्फ वह पत्थर हटवा दिया बल्कि गेट पर लगा बोर्ड भी पुतवा दिया।

**जनता हाई ग्राम शिक्षा सभा स्कूल भोपा मुजफ्फरनगर**

दिनांक: 27.11.2025

"निविदा सूचना"

सूचित किया जाता है कि रजि0 संस्था जनता हाई ग्राम शिक्षा सभा स्कूल भोपा मु0नगर द्वारा संचालित संस्था जनता इन्टर कालेज भोपा मुजफ्फरनगर के भवन दरवाजों बाहरी दीवार आदि पर पुताई रंग रोगन करने के लिए ठेकेदारों से (मजदुरी) ठेका काम के लिए निविदा बन्द लिफाफे में दिनांक 4.12.2025 को सोसाइटी कार्यालय जनता इंटर कालेज के प्रांगण में 9:30 बजे से 10:30 बजे प्रात: तक आमंत्रित की जाती हैं। शर्ते निम्न प्रकार हैं।

1. निविदा बंद लिफाफे में समय पर जमा करनी होगी।
2. कार्य स्थल पर कार्य को पहले देख लें।
3. काम सफाई व स्वच्छता से करना होगा।
4. काम समय पर करना होगा व भुगतान काम की मात्रा के अनुसार चरण बद्ध होगा।
5. निविदा पर निर्णय लेने का अधिकार अध्यक्ष महोदय को होगा।

(सुदेशपाल) अध्यक्ष मो-9758618298

(देवराज सिंह) सचिव मो-9719333549

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, मुजफ्फरनगर**

अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक 2609/8ए दिनांकः-18.11.2025

.1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, मुजफ्फरनगर द्वारा लोक निर्माण विभाग में A,B,C,D श्रेणी में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत एवं पात्र अनुमोदित तथा अर्ह ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता द्वारा एक या समस्त कार्यो के लिए निविदा दी जा सकती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि कृपया नोट कर ले कि कॉन्ट्रेट के अवार्ड हेतु अर्ह के लिए बिडर्स के निर्देश के क्लॉज-4 के अनुसार न्यूनतम अर्हता रखता है।

2.

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी छोडकर) (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सहायक अभियंता प्रथम के अधीन विभिन्न मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 33.50 | 3.35 | 09 माह | 500+300+144 = 944 | मार्ग श्रेणी ए.बी.सी. डी |
| 2 | सहायक अभियंता द्वितीय के अधीन विभिन्न मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 33.50 | 3.35 | 09 माह | 500+300+144 = 944 | मार्ग श्रेणी ए.बी.सी. डी |
| 3 | सहायक अभियंता तृतीय के अधीन विभिन्न मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 33.50 | 3.35 | 09 माह | 500+300+144 - 944 | मार्ग श्रेणी ए.बी.सी. डी |
| 4 | सहायक अभियंता चतुर्थ के अधीन विभिन्न मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 33.50 | 3.35 | 09 माह | 500+300+144 - 944 | मार्ग श्रेणी ए.बी.सी. डी |

3. वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्ते तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट ऑनलाईन देखे जा सकते है।
4. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 29.11.2025 की प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 05.12.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकेगें। निविदादाताओं द्वारा ऑनलाईन निविदा की अपलोडिंग/डाउनलोडिंग तथा समस्त प्रपत्रों को शासनादेश सं0 3070/78-2-2018-42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 के अनुसार जमा किया जाएगा। ऑनलाईन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 05.12.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगीं
5. निविदाओं का तकनीकी मूलयाकंन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
6. उपरोक्त कार्य पूर्ण होने के पश्चात् सम्बन्धित फर्म द्वारा अनुरक्षण का कार्य समय समय पर जारी शासनादेश के अनुसार किया जाएगा।

UPID-241501, DATE-26/11/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0
मुजफ्फरनगर

## 30 ग्राम स्मैक व बाइक संग कुख्यात तस्कर गिरफ्तार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए संचालित ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत रतनपुरी पुलिस ने बुधवार को बड़ी कामयाबी हासिल की। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कुख्यात स्मैक तस्कर को दबोचकर उसके कब्जे से 30 ग्राम स्मैक (अनुमानित कीमत करीब 6 लाख रुपये) और तस्करी में प्रयुक्त सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह और थाना प्रभारी रतनपुरी राकेश सिंह के नेतृत्व में की गई। 26 नवंबर को प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, उपनिरीक्षक अजय सोलंकी, शैलेन्द्र सिंह और हेड कांस्टेबल यशपाल कसाना की टीम इंचौड़ा कट के पास संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक युवक मोटरसाइकिल पर संदिग्ध हालत में आता दिखाई दिया।पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया।

तलाशी लेने पर उसके पास से 30 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिसे वह सप्लाई करने जा रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मेहरबान पुत्र गुलाब शाह, निवासी केरटू, थाना झिंझाना, जनपद शामली के रूप में हुई। जांच में पता चला कि उसके खिलाफ पहले भी कई आपरा. धिक मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में मेहरबान ने स्मैक की खरीद-फरोख्त कर अवैध कमाई करने की बात कबूल की। उसने बताया कि यह स्मैक उसने एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदी थी और बुढ़ाना क्षेत्र में सप्लाई करने जा रहा था। रतनपुरी पुलिस ने आरा. पी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई शुरू कर दी है।

## श्रीकृष्ण की भक्ति से मिटती है मन की तृष्णा : भक्ति भूषण

**मोरना।** शुकतीर्थ मे स्थित प्रसिद्ध गौड़ीय मठ आश्रम मे अखिल ब्राह्मण नायक श्री गौर सुन्दर श्रीश्री राधा रास बिहारी जी के प्रकटोत्सव पर श्री हरिनाम संकीर्तन यज्ञ का गुरुवार को समापन हो गया।कार्यक्रम मे साधु संतो व अथितियों का पटका व फूल माला पहनाकर सम्मान किया गया।व विशाल भंडारे मे श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

गौडिय मठ आश्रम के संच. ालक दंडी स्वामी भक्ति भूषण गोविन्द महाराज ने इस अवसर पर कहा की प्रभु श्रीकृष्ण की भक्ति मन की तृष्णा को दूर करती है।कृष्ण नाम का जप आत्मिक ऊर्जा का संचार करता है।

बीके प्रवेश दीदी ने कहा की ध्यान लगाकर की गयी साधना आत्मा व मन का शुद्धिकरण करती है। मेडिटेशन द्वारा नकारात्मक विचारों से मुक्ति मिलती व सकारात्मक विचार उतपन्न होते हैं। चन्द्रमा बृहमचारी ने कहा की शुकतीर्थ की पावन धरा युगो से साधु संतो की तपोस्थली रही है।शुकतीर्थ मे पूजा करने का विशेष महत्व है।




इसके पूर्व उत्तराखण्ड के शक्ति फार्म, तापस मंडली, शंकर मंडली व बिजनौर से आये नीमबा. रक सम्प्रदाय के भक्तों ने हरे रामा हरे ख्रष्णा हरे हरे की धुन पर विशेष जप किया अखंडनाम संकीर्तन मे भक्तों द्वारा दिन रात सोलह प्रहरीया निरंतर भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम के दौरान मेले का आयोजन भी किया गया है।समापन अवसर पर आयोजित भंडारे मे भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूज्यपाद त्रिदंडी स्वामी आचार्यदेव भक्ति किंकर हरिजन गोस्वामी महाराज, पूज्यपाद श्रीमान राधा गोस्वामी बाबा, श्रीपाद एडवैडदास प्रभु श्रीपाद भक्तिभूषण श्रीधर महाराज ने आशीर्वाद प्रदान किया।

## छात्राओं की सड़क पर भिड़ंत का वीडियो वायरल

**खतौली।** बुढ़ाना मार्ग स्थित एक इंटर कॉलेज के बाहर छुटी के समय छात्राओं के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। वायरल फुटेज में छात्राएँ एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाते दिखाई दे रही हैं, जबकि आसपास मौजूद दर्जनों छात्र-छात्राएँ मूकदर्शक बन तमाशा देखते रहे। कई ने बीच-बचाव करने के बजाय अपने मोबाइल कैमरे इस घटना की ओर मोड़ दिए। स्थानीय लोगों के अनुसार, कॉलेज के बाहर अव्यवस्था और भीड़भाड़ की स्थिति कोई नई बात नहीं है। रोजाना छुट्टी के समय गेट के बाहर अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन जाती है, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने अब तक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस इंतजाम नहीं किए हैं। अभिभावकों ने इसे गंभीर लाप. रवाही बताते हुए कहा कियदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने शिक्षा विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन से स्कूल गेट पर छुट्टी के समय पुलिस कर्मियों की अनिवार्य तैनाती की मांग उठाई है। वायरल वीडियो के बाद इलाके में चर्चा का माहौल गर्म है।

**खोया-पाया/सूचना**

मेरा सीबीएसई बोर्ड (एम.जी. पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर) कक्षा 12 का ट्रांसफर सर्टिफिकेट जिसकी क्र.सं. 8625 है, एडमिशन नंबर 106022, रजिस्ट्रेशन नंबर यू/2/25/31050/0273, जारी करने की तिथि 30.05.2025 है वास्तव में कहीं खो गया है।
अर्श राजा पुत्र शम्मी
(ARSH RAJA S/O SHAMMI)
निवासी- ब्रह्मपुरी, मुजफ्फरनगर

**NAME CHANGE**

I MOHD FAROOQ S/O AKHTAR ALI R/O H.NO. 233, SARWAT MOHALLA, MUZAFFARNAGAR (UP) have changed my name to MOHAMMAD FAROOQ for all purposes.

# कार की टक्कर से डाक्टर की दर्दनाक मौत

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

■ मस्जिद से नमाज पढकर घर जा रहा था चिकित्सक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मस्जिद में नमाज पढ़ने जाते समय एक चिकित्सक की तेज रफ्तार कार की टक्कर से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। कार चालक घटना को अंजाम देकर फरार हो गया।

घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार चालक की तलाश शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर के निवासी चिकित्सक लगभग 56 वर्षीय इसराइल पुत्र शकूर अहमद बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के ही गांव परासौली में चिकित्सा का कार्य करते थे।

रोजाना की भांति आज बृहस्पतिवार की सायं वे अपने क्लीनिक को बंद करने के बाद अपने घर पर आए और अजान की आवाज सुनकर मस्जिद की और नमाज पढ़ने के लिए निकल गये। तब रास्ते में एक अज्ञात कार चालक ने तेज रफ्तार कार की सीधी टक्कर चिकित्सक इसराइल को मार दी और कार सहित फरार हो गया। उधर टक्कर लगते ही डाक्टर इसराइल सड़क पर सिर के बल गिर गये और घटनास्थल पर ही दम तोड दिया।

घटना की सूचना गांव में आग की तरह फैल गयी। मौके पर रोते बिलखते परिजन आए।

परासोली पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस ने भी घटना की सूचना पर घटनास्थल की और दौड़ लगा दी। मौके पर पहुंची बुढाना पुलिस ने मृतक चिकित्सक इसराइल के परिजनों को सांत्वना देते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार अज्ञात कार चालक की तलाश शुरु कर दी थी।

# पशु आरोग्य मेले में 700 पशुओं का किया उपचार

**मोरना।** कम्हेड़ा गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ विधायक मिथलेश पाल ने गाय को गुड़ खिलाकर गंगा. जल से गाय के चरण धोकर किया।

इस अवसर पर विधायक मिथलेश पाल ने कहा कि सरकार किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पशु संरक्षण, उनके स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े कार्यक्रम गांव-गांव में आयोजित किए जा रहे हैं। विधायक ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश भी दिए। प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी डक्क हरेंद्र कुमार ने बताया कि मेले में 700 पशुओं का उपचार किया गया। उन्होंने कहा कि पशु आरोग्य मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को समय पर और नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। पशुपालकों को विभिन्न रोगों जैसे खुरपका-मुंहपका, गलघोंटू, बुखार, अफ्रीकन स्वाइन फीवर, जठर रोग, बछड़ों में दस्त और बांझपन आदि से बचाव के उपाय बताये। कार्यक्रम में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डक्क सुमित कौशिक, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी भोपा डा कमल वर्मा, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी मोरना सुनील कपूर, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी भोकरहेड़ी डक्क रविदीप सिंह, शाहनवाज़ प्रधान, अनिल कुमार, प्रवीण कुमार, महताब, विनोद कुमार, जयवीर मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी योजनाओं का लाभ उठाए एससीएसटी समाज



**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश सरकार एससी-एसटी आयोग के सदस्य महीपाल वाल्मीकि ने बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना कस्बे में पहुंचकर ब्लाक कार्यालय में ब्लाक के अधिकारियों और एससी-एसटी समाज के लोगों की एक बैठक ली। जिसमें उन्होंने एससी-एसटी समाज के लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। उन्होंने बताया कि में आज आप लोगों से ये पूछने आया हूं कि आप लोगों को एससी एसटी के तहत सुविधाएं मिल रही हैं या नही। अगर नहीं मिल रही हैं तो वे बुढ़ाना बीडीओ और अन्य अधिकारियों से सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर जो फार्मेलिटीज हैं उन्हें पूरी कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। समाज कल्याण विभाग सहित अन्य कई विभागों में सरकारी योजानाए आई हुई हैं। आम आदमी को इन योजनाओं की जरुरत है। अगर किसी को कोई भी समस्या आ रही हो तो उनको या संबंधित अधिकारियों को बताएं। 60 साल के हो तो अपनी पेंशन बनवाएं। राशन कार्ड नहीं है तो बनवाएं। कच्चा मकान है तो बीडीओ को बताएं। विधवा महिला अपनी पेंशन बनवाएं और 30 हजार रुपये भी प्राप्त करें जिनके पति 60 साल की आयु से पहले गुजर गये हों। वृ)ावस्था पेंशन बनवाएं। अगर परिवार में कोई विकलांग है तो सरकारी हस्पताल में जाकर उसका विकलांग कार्ड बनवाएं। बच्चों को स्कालरशिप नहीं मिल रही है तो इसके लिए भी कॉलेज स्टाफ से बात करें। भाजपा सरकार की ये योजनाएं वैसे तो सबके लिए है। उनको चाहे किसी ने वोट दिया हो या ना दिया हो। सहकारिता विभाग में सदस्यता अभियान चल रहा है। कुल 21 रुपये दो। 300 रुपये का लाभ पाओ। पारिवारिक लाभ लो इसमें पढ़ाई कर रहे बच्चों को सरकार पैसा देती है। यहां बीडीओ सतीश कुमार, बुढ़ाना कोतवाली के एसएसआई ललित शर्मा व सभासद पति लक्ष्मण आदि लोग मौजूद रहे।

### विधवा महिला ने दबँगों से जमीन कब्जा मुक्त करने को लगाई गुहार

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा की विधवा महिला अंजुम ने मुख्यमंत्री योगी से गुहार लगाते हुए शिकायती पत्र भेजकर अपनी जमीन कब्जा मुक्त करने की गुहार लगाई हेस अंजुम ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र भेजकर गांव के ही दबँग व्यक्ति मौलवी कय्यूम पर अपनी जमीन कब्जाने का आरोप लगाया हे शिकायती पत्र मुख्यमंत्री को भेजकर अंजुम पत्नी नदीम ने बताया की उसके पति की करीब चार वर्ष पूर्व मौत हो चुकी हे सतब से ही गांव का दबँग व्यक्ति कय्यूम उसकी फंट की जमीन कब्जाए हुए हे और बार बार कहने पर भी नहीं छोड़ रहा हे जबकि योगीराज मे किसी भी कीमत पर दबँग व्यक्ति किसी अबला महिला की जमीन नहीं कब्जा सकता हेस और जमीनो से बड़े बड़े कब्जे योगिराज मे हट चुके हेस विधवा महिला के चार छोटे छोटे बच्चे हेस विधवा महिला अंजुम को अपनी गुजर बसर मे भी दिक्कत आ रही हे विधवा अंजुम ने क"यूम से अपनी जमीन कब्जा मुक्त करने की गुहार मुख्यमंत्री से लगाई है।

### मस्जिद के अंदर झुका खम्भा बदलने की मांग

**बुढ़ाना।** कस्बे के एक मौहल्ले के लोगों ने जनहित में मस्जिद के अंदर की ओर झुके हुए विद्युत खंभे को अविलम्ब बदलवाए जाने की मांग की है ताकि भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना ना हो सके। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला काजीवाडा में जामा मस्जिद के समीप स्थित कोने वाली मस्जिद के बाहर विद्युत विभाग का एक खम्भा लगा हुआ है। जो कि मस्जिद में अन्दर की और झुक गया है। भविष्य में कोई भी दुर्घटना घटित हो सकती है। मौहल्ले के लोगों ने बुढ़ाना नया बिजलीघर के विद्युत जेई शिव कुमार से अविलम्ब इस समस्या का निराकरण किए जाने की मांग कर विद्युत खम्भे को बदलवाए जाने को कहा है ताकि भविष्य में कोई घटना घटित ना हो सके। उक्त समस्या की जानकारी छोटी मस्जिद के प्रबंधक चौधरी वसीम, कलीम अहमद और अब्दुल हस्मद आदि ने दी है। उधर जेई ने उक्त खम्भे को बदलवाए जाने का आश्वासन दिया है।

### आत्मदाह करने वाले अनस का शव सुपुर्दे-ए-खाक

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार की प्रथम रात्रि करीब 2 बजे मोबाइल दुकानदार अनस मलिक का शव दिल्ली से उसके गांव हुसैनपुर कलां में उसके आवास पर लाया गया तो प्रतीक्षारत परिजनों व सैंकड़ों ग्रामीणों की रुलाई फूट पड़ी। आज दोपहर 12 बजे के करीब उसके शव को हजारों लोगों की मौजूदगी में नम आंखों से गांव के कब्रिस्तान में शांतिपूर्ण तरीके से सुपुर्द खाक किया गया। इस दौरान सादी वर्दी में पुलिस बल, इंटेलीजेंस ब्यूरो व एलआईयू भी तैनात रही जो हर गतिविधि पर नजर रखे हुए थी। पुलिस ने किसी भी तरह का शोर शराबा न होने व ग्रामीणों परि. जनों द्वारा सहयोग करने पर राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां निवासी 23 वर्षीय अनस ने बीते 19 नवम्बर को अपने घर के पास सुबह अपने जिस्म पर पैट्रोल डालकर आग लगा ली थी। जिसे गंभीर हालत में डाक्टरों ने दिल्ली रैफर कर दिया था। उसने आग लगाने का कारण पुलिस द्वारा उसका उत्पीड़न करना बताया था मगर उसके पिता ने अपने पुत्र की बात का खंडन कर दिया था जबकि दादा ने पुलिस पर आरोप जडकर पुलिस में हड़कंप मचा दिया था। एसएसपी संजय वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी देहात आदित्य बंसल की जांच के बाद 3 पुलिसकर्मी सस्पैंड कर दिये थे। बीती सायं उपचार के दौरान अनस ने दम तोड दिया था। जहां आज उसे सुपुर्द ए खाक कर दिया गया तो पुलिस ने राहत की सांस ली।

### शाह इस्लामिक एकेडमी का 27वां स्थापना दिवस मनाया

**मुज़फ्फरनगर।** प्राचीन और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान शाह वलीउल्लाह इस्लामिक एकेडमी के 27वें स्थापना दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम ह्महफ़िल-ए-हम्द व नात का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध क़ारी मौलाना क़ारी दानिश नबील क़ासमी की तिलावत-ए-कुरआन से हुई। इसके बाद मदहे-रसूल का नज़्राना क़ारी अब्दुस्सलाम नूर मुज़फ्फरनगरी ने पेश किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफस्सिर-ए-कुरआन हज़रत मौलाना मोहम्मद सालिम अशरफ़ क़ासमी ( दारुल उलूम अशरफ़िया, देवबंद) ने की। उन्होंने कहा कि इस्लामी ज्ञान ने मानव बुद्धि के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इलाही ज्ञान के माध्यम से इंसान को वह हकीक़त और मारिफ़त मिली है जिसकी बदौलत वह क़ायनात के राज़ और रहस्यों तक पहुँच सकता है। आधु. निक विज्ञान और तमाम तहक़ीक़ात दरअसल फ़लसफ़ा-ए-कुरआन और उलूम-ए-कुरआन का प्रभाव हैं। उन्होंने कहा कि आज मुस्लिम उम्मत के सभी मसलों का हल इस्लाम की सार्वभौमिक शिक्षाओं में छुपा है।उन्होंने यह भी कि आज के दौर में इंसाफ़पसंद और बेहतरीन नेतृत्व वही क़ौम कर सकती है जो इल्म-ओ-मआरिफ़त-ए-रब्बानी की मालिक हो। इस्लामी उलूम तक पहुँच के लिए मेहनत, लगन और अल्लाह की तौफ़ीक़ बेहद ज़रूरी है। उन्होंने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि मुस्लिम वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की मेहनत से ही आज पश्चिम दुनिया की क़ौमों का मार्गदर्शन करने का दावा कर रहा है। मौलाना ने नई पीढ़ी की तालीम व तरबियत को इस्लामी शिक्षाओं और सार्वभौमिक सिद्धांतों पर अंजाम देने की सलाह दी। उन्होंने शाह वलीउल्लाह इस्लामिक एकेडमी की सेवाओं को क़ाबिल-ए-तारीफ़ और सराहनीय बताया तथा इसकी शैक्षणिक, दीनी और फ़लाही गतिविधियों को उम्मीद अफ़ज़ा कहा।कार्यक्रम का संचालन एकेडमी के संस्थापक क़ारी मोहम्मद ख़ालिद बशीर क़ासमी ने किया। उन्होंने एकेडमी की 27 वर्ष की कारगुज़ारी पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट पेश की और भविष्य की योजनाओं का विवरण रखा, जिसे सभी उपस्थित लोगों ने सराहा और पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।



बुढाना: परासौली के बूथ 40 पर बीएलओ ने एसआईआर कार्य पूर्ण करके रिकार्ड बनाया।

# मदरसा छात्राओं ने राष्ट्रीय जंबूरी में दी प्रस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाजा**

**चरथावल।** लखनऊ में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में मुजफ्फरनगर का प्रतिनिधित्व कर रही चरथावल के मदरसा जामिया आयशा सिद्दीकी लील बनात की छात्राओं ने एक विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

जमीयत यूथ क्लब के सौजन्य से छात्राओं ने काबा शरीफ की सुंदर तस्वीर के साथ पर्दे में रहकर अपनी प्रस्तुति दी। यह कार्यक्रम वृंदावन स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में चल रही सात दिवसीय जंबूरी का हिस्सा था।इस प्रस्तुति की जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी सराहना की।

चरथावल क्षेत्र में भी इस कार्यक्रम की व्यापक प्रशंसा हो रही है।मदरसे के प्रबंधक हाफिज फुरकान असदी ने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि वे पर्दे में रहकर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं। इस मदरसे की छात्राएं लगातार स्काउट गाइड शिविरों में भाग लेकर देश भर में अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। इससे पहले भी इस टीम को सम्मानित किया जा चुका है।

### 4 युवकों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज

बुढ़ाना। पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ अपने पड़ोसी तीन युवकों के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार आरिफ शेख पुत्र जाफर निवासी मौहल्ला कांशीराम कालोनी बुढ़ाना बीती 25 नवम्बर की देर रात लगभग 10 बजे अपने उधार के रूपये अपने पडोसी आशु से लेने के लिये गया था। जब उसने अपने उधार के दस हजार रुपये का हिसाब करने को आशु से कहा तो आशु इस बात से नाराज होकर उसके साथ गाली गलौच करने लगा। शोर शराबा सुनकर आशु पक्ष की तरफ से आशु का भाई दीपांशु, नवाज और शुभम मौके पर आ गये। उसके साथ मारपीट करने लगे। उसे बचाने के लिये उसका भाई जाहिद, चचेरा भाई जुनैद पुत्र अनवर आये तो उन्होनें उनके साथ भी मारपीट की। आसपास के लोगो ने उन्हें बचाया। सभी लोग मारपीट करके उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये।

### ई-रिक्शा चालक सड़क हादसे में हुआ घायल

**बुढ़ाना।** करीब 60 वर्षीय जितेंद्र सिंह निवासी गांव कुरथल ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। बीती बुधवार की देर सायं लगभग छह बजे जब वहÞ मजदूरी पूरी करने के बाद खाली ई-रिक्शा लेकर अपने घर जा रहा था तो अचानक से गांव बिटावदा के पास मेरठ वाया करनाल हाइवे पर तेज रफ्तार ई रिक्शा का हैंडिल टूट गया तो ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें ई-रिक्शा कच्चे रास्ते को उतरकर पलट गया। जिसमें चालक जितेंद्र की टांग टूट गयी। मौके पर आए कुछ लोगों ने घायल ई-रिक्शा चालक जितेंद्र सिंह को बुढ़ाना कस्बे के एक निजी हस्पताल में पहुंचाया। घटना की सूचना परिजनों और बुढ़ाना पुलिस को भी मिल गयी थी। यह तो गनीमत रही कि ई-रिक्शा में दुर्घटना के समय कोई भी सवारी नहीं थी और ई-रिक्शा भी कच्चे रास्ते में उतर गयी थी नहीं तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था।

# परासौली के बूथ नंबर 40 में एसआईआर का कार्य हुआ पूर्ण

## आज बीएलओ को ग्रामीण करेंगे सम्मानित

■ अफसर अन्य बीएलओ को दे रहे हैं प्रेरणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव परासौली की बूथ संख्या 40 में एसआईआर फार्म भरने का कार्य आज बृहस्पतिवार के दिन बीएलओ के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से शत प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मेहनती बीएलओ को जुमे की नमाज के बाद सम्मानित करने की घोषणा भी कर दी।

इस संबंध में गांव परासोली के समाजसेवी बाबू अंसारी ने मीडिया को बतलाया कि पूरे देश में एसआईआर कार्य के चलते उनके परासोली गांव की बूथ संख्या 40 की बीएलओ और हमारी टीम के मेहनती सदस्य आसिफ राणा, साजिद अंसारी मास्टर और सभी साथियों की मेहनत से आज हमारे बूथ का एक सौ प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। इसके लिए हम सभी बूथवासी शुक्रवार को मेहनती बीएलओ को सम्मानित करेंगे।





मुजफ्फरनगर: ट्राफी के साथ श्रीराम कॉलेज के छात्र।

# बिजली बिल राहत योजना 2025 लागू, उपभोक्ताओं को मिलेगी बड़ी राहत

**खतौली।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्धच्टटछस्त्रः ने उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए बिजली बिल राहत योजना 2025 लागू कर दी है। यह योजना 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। नेवर पेड, लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं के साथ विद्युत चोरी के मामलों के उपभोक्ताओं को भी इसका लाभ मिलेगा। योजना के तहत सभी तीन चरणों में पंजीकरण तिथि तक के बिलम्बित भुगतान अधिभार पर 100 प्रतिशत छूट प्रथम चरण 1 दिसंबर से 31 दिसंबर, द्वितीय चरण 1 जनवरी से 31 जनवरी, तृतीय चरण 1 फरवरी से 28 फरवरी को दी जाएगी। पंजीकरण के 30 दिनों के भीतर भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को अतिरिक्त प्रथम चरण 25प्रतिशत, द्वितीय चरण 20 प्रतिशत,तृतीय चरण में 15 प्रतिशत छूट दी जाएगी। प्रथम एवं द्वितीय चरण के उपभोक्ता यदि 30 दिन बाद भुगतान करते हैं तो उन्हें भुगतान अवधि की छूट मिलेगी, जबकि तृतीय चरण वालों को 30 दिन के भीतर ही भुगतान करना होगा। विद्युत चोरी के प्रकरणों में ह्राजस्व निर्धारण धनराशिह्न पर भी भारी राहत दी जाएगी। प्रथम चरण में उपभोक्ताओं को 50: तक की छूट लागू होगी। योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। एक्सईएन जानकारी दी कि पंजीकरण के समय उपभोक्ता बकाया भुगतान के लिए तीन में से कोई एक विकल्प चुन सकते हैंख्रएकमुश्त भुगतान, 750 मासिक किश्त, 500 मासिक किश्त होगी। विद्युत वितरण खंड खतौली ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि योजना सीमित समय के लिए है, इसलिए अधिक से अधिक लोग पंजीकरण करा अपने कनेक्शन को नियमित कर लाभ प्राप्त कर सकते है।

# श्रीराम कॉलेज में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

■ छात्रों ने क्रिकेट और छात्राओं के बीच हुआ बैडमिंटन मुकाबला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की इकाई श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के विभाग इलैक्ट्रानिक्स एवम कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग द्वारा इलैक्ट्रानिक्स एवम कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के मध्य परस्पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें दो प्रतियोगिताएं छात्रों के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता एवम छात्राओं के मध्य बैडमिन्टन प्रतियोगिता थी।

दोनों वर्ष के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवम प्रतियोगिताओं में अपनी खेल भावना एवम सहयोग बनाए रखा। विभागाध्यक्षों के निर्देशन में शिक्षकों द्वारा दी टीम तैयार की गयीं जिनका नाम टीम वरियर्स एवम टीम फाइटर्स रखा गया। संस्थान के प्रांगण में विभिन्न स्थानों पर बैडमिन्टन एवम मुख्य क्रिकेट मैदान में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट मैच में 25 रनों के अन्तर से वरियर्स टीम विजयी रही।

मैन ऑफ द मैच इलैक्ट्रानिक्स एवम कम्युनिकेशन के तृतीय वर्ष के छात्र भारत सोनी को दिया गया, भारत सोनी ने बैटिंग और बॉलिग दोनों में ही अच्छा प्रदर्शन किया। बैडमिन्टन प्रतियोगिता में इलैक्ट्रानिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी0 विभाग की तृतीय वर्ष की छात्रा खुशी व द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने अच्छा प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में स्फूर्ति एवम शक्ति संचार के साथ-साथ टीम में कार्य करने की भावना भी जागृत हुई। खेल शरीर एवम मस्तिष्क दोनों को स्वस्थ एवं स्फूर्तिवान बनाता है इसलिए इसका हमारे जीवन में महत्त्वपूर्ण स्थान है ओर विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक प्रो0 एस0एन0 चौहान एवम डीन डॉ0 सुचित्रा त्यागी द्वारा विजयी टीमों को पुरस्कृत किया गया। निदेशक प्रो0 एस0एन0 चौहान द्वारा अन्य विभागों को भी बढ़ चढ़कर खेल प्रतियोगितायें कराने के लिए प्रेरित किया गया एवम जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। डीन डॉ0 सुचित्रा त्यागी द्वारा छात्र/छात्राओं का मनोबल बढाया गया एवम खेलों में रुचि रखने वाले छात्रों एवम अच्छा खेलने वालों के लिए राज्य एवम राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए प्रयास करने को कहा गया। विभाग की विभागाध्यक्ष इं0 कनुप्रिया द्वारा बताया गया कि छात्रों को पढ़ाई में सक्रिय एवं स्वस्थ मन से खेलना चाहिये।

इस अवसर पर इलैक्ट्रानिक्स एवम कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के शिक्षक इं0 बिजेन्द्र कुमार, इं0 इंदु, इं0 आशीष एवं गगन तायल आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# मर्यादा की रेखा में बने रहना प्रत्येक युवती का धर्म

## पूर्व डीएम कौशल राज ने लिया महाराज श्री से आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** संत प्रवर विजय कौशलजी महाराज ने कहा कि सीता जी ने मर्यादा की रेखा पार की तो घोर कष्ट उठाया।

उन्होंने कहा कि श्रीराम ने त्रोतायुग में जो संस्कार और मर्यादा प्रस्तुत की उसका पालन आज भी सभी को करना चाहिए। सभी युवतियों का मर्यादा की रेखा में रहना उनका धर्म है।

मुजफ्फरनगर की नई मंडी के रामलीला भवन में कंसल परिवार द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के छठे दिन संत प्रवर मानस मर्मज्ञ विजय कौशल जी महाराज ने कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए शूपर्णखा खर दूषण वध, सीता हरण, शबरी का उद्धार, राम सुग्रीव मित्रता, के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए व्यास पीठ से संत विजय कौशल जी महाराज ने कहा कि सीताजी ने तीन भूल की, जिसका उन्हें और कष्ट मिला। उन्होंने स्वर्ण मृग को देखकर माया से मोहित होकर भगवान से उसे लाने के लिए कहा तो प्रभु ने भक्त की तरह उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने हट पकड़ी यानी भगवान पर भरोसा नहीं किया। दूसरी भूल उन्होंने लक्ष्मण जी को कटु वचन बोल. कर की लक्ष्मण जी सदैव उनके हितक. ारी थे। तीसरी और सबसे बड़ी भूल सीता जी ने लक्ष्मण रेखा को लांघ कर की। संत प्रवर ने कहा कि लक्ष्मण रेखा स्त्री की मर्यादा है, सदाचरण की रेखा है। प्रत्येक युवती को मर्यादा और सदाचरण की सीमा में रहकर ही धर्ममय जीवन यापन करना चाहिए। जब भी मर्यादा की सीमा पार करेंगे तो कष्ट उठाना पड़ेगा। कथा व्यास ने शबरी की निर्मल और निश्चल भक्ति का भावपूर्ण तरीके से वर्णन किया और कहा कि भगवान श्रीराम ने शबरी की कुटिया में पहुंचकर उसके हाथ से उसके ही झूठे फल खाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कथा व्यास ने भगवान श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता में हनुमानजी के द्वारा प्रभु को पहचानकर उनके चरणों में गिरने के बाद प्रभु दर्शन के हनुमानजी के आनंद का बहुत सुंदर और भावपूर्ण प्रसंग बताया। इस दौरान कथा व्यास में अनेक प्रसंग बताकर प्रभु श्रीराम की भक्ति की महिमा का गुणगान किया। कथा के विभिन्न प्रसंगों में संगीतमय भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

कथा श्रवण करने वाले श्रोताओं में मुख्य रूप से राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, दिल्ली सरकार के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी रह चुके कौशल राज शर्मा, उत्तराखंड के लैंसडाउन के विधायक दिलीप रावत, उत्तराखंड गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राज. ेंद्र अण्थ्वाल, नगर पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल, संजय शर्मा लखायन, आदेश मंगल, नरेश अग्रवाल, रवि कोहली, संदीप कुमार मुकुंद जी, रवि कपूर, राकेश बंसल, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, टिकोला शुगर मिल के एमडी उद्यमी निरंकार स्वरूप, विनय गोयल, हरिशंकर मुंदडा, अमित चौधरी वसुंधरा, देवेंद्र गर्ग एवं अशोक कुमार शामली, नरेश अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, रवि कोहली, रवि कपूर समेत दिल्ली से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया। कथा व्यास विजय कौशल जी महाराज 28 नवंबर शुक्रवार को सुंदरकांड के कथा का वर्णन करेंगे। कंसल परिवार ने सभी रामभक्त श्रद्धालुओं से हनुमानजी की महिमा का गुणगान सुनने के लिए कथा स्थल पर पहुंचने की अपील की है।



मुजफ्फरनगर: विजय कौशल जी महाराज से आशीर्वाद पाते पूर्व डीएम कौशल राज शर्मा।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

राजनीतिक दलों व उनके प्रतिनिधियों की ली बैठक

# डीएम ने की बीएलओ का सहयोग करने की अपील





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1.1.2026 के आधार पर होने वाले पुनरीक्षण (दिनांक 4 नम्बर 2025 से 4 दिसम्बर, 2025 तक बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा घर-घर मतदाताओं से डिजीटाईजेशन हेतु गणना प्रपत्र की प्राप्ति हेतु बूथ लेविल अधिकारियों की सहायता के लिए आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में राजनैतिक दलों द्वारा तैनात किए गए बूथ लेवल एजेन्ट्स के साथ राजनैतिक दलों के अध्यक्ष / मंत्री तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ विकास भवन सभागार में आज जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता एक समीक्षा बैठक आहुत की गई।

आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित राजनैतिक दलों एंव उनके उपस्थित प्रतिनिधियों से अपेक्षा की गई कि सभी बूथ लेविल एजेन्ट्स अपने अपने क्षेत्र में तैनात बीएलओं से सम्पर्क स्थापित करते हुए प्रतिदिन संबंधित मतदाताओं का गणना प्रपत्र भरवाने मे बूथ लेवल अधिकारी का सहयोग करें तथा डिजीटाइजेशन हेतु भरी हुई प्रति मतदाताओं से वापस प्राप्त करने में बीएलओ को अपना सहयोग प्रदान करेगें।

आयोग द्वारा निर्धारित गणना अवधि 4.12.2025 तक गणना प्रपत्रों के डिजीटाइजेशन के कार्य को पूर्ण करने हेतु सभी बूथ लेविल अधिकारी निरंतर कार्य कर रहे है इस कार्य को अधिक प्रभावी बनाने के लिए बूथ लेवल एजेंट का सक्रिय होना आवश्यक है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय शामली, सभी एसडीएम सहित राजनैतिक दल एंव उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर से बाइक की टक्कर में घायल वन अधिकारी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** स्थानीय बजाज शुगर मिल गेट पर मिल में गन्ना खाली कर तेजी से बाहर निकल रहे ट्रैक्टर के अचानक सामने आ जाने से बाइक व ट्रैक्टर की हुई टक्कर में घायल वन विभाग के अधिकारी की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। घटना में बाइक सवार वन विभाग के दो अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

थाना भवन में एक सप्ताह पूर्व गुरुवार में हुए ट्रैक्टर व बाइक टक्कर हादसे में घायल वन विभाग के कनिष्ठ सहायक अधिकारी सुधीर बोहरा की उपचार के दौरान मौत मामले में उनकी पत्नी पूजा निवासी कांधला ने थाने में तहरीर दी है। विदित हो गत एक सप्ताह पूर्व गुरुवार को वन विभाग शामली के सर्वेयर सुमित कुमार व सुधीर बोहरा कनिष्ठ सहायक अधिकारी राजकीय कार्य हेतु शामली वन विभाग कार्यालय से सहारनपुर शिवालिक वन प्रभाग की ओर जा रहे थे। थानाभवन स्थित बजाज शुगर मिल के पास पहुंचे, तभी शुगर मिल से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज गति से बाहर निकली जो अचानक हाईवे पार करने लगा। अचानक सामने आए ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल टकरा गई थी, जिससे बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत मौके से फरार हो गया था। हादसे में गंभीर रूप से घायल सुधीर बोहरा को शामली के गंगा अमृत हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

## हादसे में घायल युवक की पीजीआई में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना के झाड़खेड़ी रोड पर लगे मेले में छह दिन पहले नाव झूले से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए फास्ट फूड विक्रेता 26 वर्षीय आसिफ की रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिवार और स्थानीय लोगों में घटना को लेकर दुख और आक्रोश है। घटना 21 नवंबर की रात करीब 9 बजे की है, जब मोहल्ला बेगमपुरा निवासी आसिफ मेले में झूला झूल रहा था। इसी दौरान झूले का एक पेंच अचानक खुल गया, जिससे वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया था। वहीं उसका उपचार चल रहा था। आसिफ के भाई दानिश की तहरीर पर मेला ठेकेदार सागर प्रजापति और झूला संचालक सुलेजमान, तेजा व सलमान के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज कर चुकी है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## हादसे में दसवीं के छात्र की मौत, साथी गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि शहर के कैराना रोड स्थित गुलजारी वाला मंदिर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर मार से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में कैराना क्षेत्र के गांव जगनपुरा निवासी 18 वर्षीय कक्षा दसवीं के छात्र आदी की मौत हो गई, जबकि उसका साथी वंश गंभीर रूप से घायल हुआ है।


कैराना क्षेत्र के गांव जगनपुरा निवासी आदी व उसका साथी वंश बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से शामली आए थे। बताया जाता है कि देर रात्रि जब वह दोनों वापस लौट रहे थे तो इसी दौरान कैराना रोड स्थित गुलजारी वाला शिव मंदिर के पास पहुंचे तो इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद जहां आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया वही आसपास मौजूद लोगों ने दोनों घायल युवकों को शामली सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां आदी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि वंश को गंभीर आवस्था में हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। मृतक आदी पास के ही स्कूल में कक्षा दसवीं का छात्र है।

# ट्रक का संतुलन बिगड़ा चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के रेलवे मार्ग छोटी नहर पुल के समीप एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया गनीमत रही कि हादसे में किसी तरह की कोई भी जनहानि नहीं हुई ट्रक पलटने से चालक घायल हो गया। आसपास के लोगों ने निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। गाजियाबाद जनपद के गांव दादरी निवासी मोहम्मद मियां अपना ट्रक लेकर हरियाणा की और सामान लेने के लिए जा रहा था।

ट्रक चालक जैसे ही नगर के रेलवे मार्ग स्थित छोटी नहर पुल पर पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे हैं पराली से भरे ट्रैक्टर ट्राली मैं टक्कर हो जाने के बचने के प्रयास में ट्रक



चालक का अचानक से संतुलन बिगड़ गया। ट्रक चालक का संतुलन बिगड़ने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गनीमत रही कि ट्रक की चपेट में आकर कोई भी जनहानि नहीं हुई। ट्रक में सवार चालक मोहम्मद मियां घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस को आसपास के लोगों ने ट्रक चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी।

## एक नजर

### स्टंट करने में दो पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वर्मा मार्केट के सामने चलती कार से बाहर निकलकर स्टंटबाजी करने और रील बनाने के मामले में पुलिस ने दो नामजद सहित अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह घटना 22 नवंबर की बताई जा रही है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जांच में सामने आया कि जिन दो कारों से युवक स्टंट कर रहे थे, वे गाजियाबाद से आई उस बारात का हिस्सा थीं, जो शहर के मोहल्ला पंसारियान निवासी साजिद अंसारी के यहां शादी समारोह में शामिल होने आई थी। दोनों कारों में गाजियाबाद के लोनी निवासी इस्माइल, साउथ दिल्ली निवासी मौहसीन सहित अन्य युवक सवार थे। पुलिस के अनुसार चलती कार से बाहर निकलकर स्टंटबाजी करने से सड़क पर अन्य राहगीरों व वाहनों के लिए खतरा पैदा हो सकता था। यह सीधे-सीधे यातायात नियमों का उल्लंघन है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### संदिग्ध से तमंचा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन पुलिस ने एक संदिग्ध युवक से तमंचा बरामद किया है पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। थाना भवन थाना पुलिस के अनुसार उनि. दीपचन्द पुलिस टीम के साथ देर शाम गस्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम गांव कादरगढ़ के पास टांडा मार्ग पर पहुंची जहां पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। युवक की तलाशी में एक तमंचा पुलिस ने बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजा पुत्र युसूफ निवासी ग्राम हसनपुर लुहारी थाना थानाभवन बताया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

### उपलों को नुकसान पहुंचाने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ग्राम दुखेड़ी जमालपुर के ग्रामीणों ने बंजर भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास और उपलों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायत पत्र सौंपा है। ग्रामीणों द्वारा शिकायती पत्र देकर बताया कि मौजा दुखेड़ी जमालपुर की बंजर भूमि पर वे पिछले लगभग 50 वर्षों से उपले पाथने और खंते के रूप में उपयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही कथित दबंग और भू-माफिया प्रवृत्ति के लोग मोहन, सुखपाल और जितेंद्र इस भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त भूमि से संबंधित मामला हाईकोर्ट इलाहाबाद में भी विचाराधीन है। आरोप है कि 26 नवंबर को उक्त लोगों ने ट्रैक्टर से बहती कर ग्रामीणों के उपलों को नष्ट कर दिया। विपक्षी पक्ष पहले भी सरकारी खाद्य ग्रों पर कब्जा कर मार्केट बनाकर दुकानों को किराए पर चला रहा है तथा अवैध निर्माण कर चुका है। ग्रामीणों ने डीएम से मांग की है कि उक्त बंजर भूमि पर कब्जे के प्रयास को तत्काल रोका जाए और उक्त लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

### नींव में घुसा पानी जमीन में धंसी मुआवजे की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** कस्बे के सलेमपुर मार्ग पर जल भराव होने से एक व्यक्ति के मकान के नीव जमीन में धस गई पीड़ित व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर मुआवजे की मांग की है। विकासखंड क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर काफी दिनों से पानी की समस्या से जूझ रहे बस्ती के लोग निस्तारण की मांग कर रहे हैं। सड़क पर जल भराव होने से ग्रामीण अय्यूब के मकान के नीव में पानी घुस जाने से जमीन में धंस गई। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि उसका मकान गिर सकता है और बड़ी जनहानि हो सकती है। पीड़ित एवं उसका परिवार दहशत के साए में गुजर बसर कर रहे हैं। पीड़ित व्यक्ति ने गुरुवार को प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर निस्तारण की मांग कर मुआवजे की गुहार लगाई है।

### सड़क किनारे बाग में लावारिस हालत में बाइक मिलने से फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग स्थित एक बाग के समीप लावारिस हालत में मोटरसाइकिल मिलने पर आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोटरसाइकिल अपने कब्जे में लेकर मालिक की तलाश शुरू कर दी है। गुरुवार की सवेरे थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर टहलने निकले लोगों ने एक बाग के निकट लावारिस हालत में मोटरसाइकिल पड़ी हुई दिखाई दी। लावारिस हालत में मोटरसाइकिल पड़ी होने से आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। मौके पर आसपास के राहगीर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग और टहलने निकले महिला पुरुष भी जमा हो गए। आसपास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और लावारिस बड़ी मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने आसपास के स्थानों का बारीकी से निरीक्षण किया और सबूत खोजने का भी प्रयास किया मगर कोई भी पुलिस के हाथ सफलता नहीं लगी। पुलिस मोटरसाइकिल मालिक की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि एक बाइक लावारिस हालत में प्राप्त हुई है, नंबरों के आधार पर मालिक की तलाश की जा रही है।

# ईओ की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरुवार को नगर पंचायत बनत में अध्यक्षा कुसुम देवी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बोर्ड बैठक में सभासदों ने नगर पालिका के वाहनों के गिरने वाले डीजल के रजिस्टर की मांग की और ईओ की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पारदर्शिता न होने, मनमानी और विकास कार्यों में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया है। जिसके बाद बोर्ड बैठक का बहिष्कार कर सभासद चले गए।

गुरूवार सवेरे साढे 10 बजे नगर पंचायत बनत के कार्यालय में बोर्ड बैठक हुई। बैठक में 14 सभासदों में से 13 उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होने ईओ देवकीनंदन से नगर पालिका के वाहनों में गिरने वाले डीजल का रजिस्टर दिखाने की मांग की, लेकिन रजिस्टर न दिखाए जाने पर उन्होने विरोध जताया और 13 सभासदों में से 10 सभासदों ने बोर्ड



बैठक का बहिष्कार करते हुए लौट गए। उन्होने सहारनपुर मंडलायुक्त के नाम एक ज्ञापन भी भेजा।

सभासदों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि 13 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे नगर पंचायत की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें सभी सभासद व चेयरमैन मौजूद रहे। बैठक के दौरान सभासदों ने ईओ से आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की संख्या और उनकी वेतन संबंधी जानकारी मांगी, लेकिन ईओ कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। आय-व्यय का ब्योरा मांगने पर ईओ कथित तौर पर गुस्से में बैठक छोड़कर चले गए और कहा कि वह कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराएंगे। सभासदों ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा है। उनका कहना है कि ईओ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का ठेका अपने किसी परिचित के नाम कराकर लाभ ले रहे हैं और मनमर्जी से कर्मचारियों की नियुक्ति तथा हटाने का कार्य किया जाता है। ज्ञापन में यह भी दावा किया गया कि उम्रदराज लोगों को भी सांठगांठ से कार्य पर रखा जाता है। सभासदों ने ठेके की जांच कराए जाने, ठेकेदार और ईओ के संबंधों की जांच सहित सभी नियुक्तियों की पारदर्शिता की मांग की है। ईओ और चेयरमैन पति धर्मवीर सिंह के रवैए से नाराज सभासदों ने गुरूवार को प्रस्तावित बोर्ड बैठक का बहिष्कार भी किया। इस अवसर पर अमरेश चौधरी, पूजा चौधरी, अनिता चौधरी, अजय कुमार, इकराम उर्फ मुन्नु, नीरजपाल, दीपक पाल, कल्लू, ख्वाजा खान, शर्मिला आदि मौजूद रहे।

# तहसीलदार के निर्देश पर हुआ पानी निकासी कार्य शुरू

**मामला मीडिया की सुर्खियां बनने के बाद प्रशासन हरकत में आया, जेसीबी लगाकर किया कार्य शुरू**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर कई दिनों से जल भराव की समस्या से परेशान भारतीय किसान यूनियन आजाद एवं ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और सड़क के दोनों और पैमाइश कर चिन्हित कार्य किया। अवैध से अतिक्रमण कर रहे लोगों को हटाने के निर्देश दिए। और पानी की निकासी के लिए कच्चे नाले की खुदाई का कार्य शुरू किया आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली है। थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर कई माह से सड़क पर जल भराव होने से आसपास के लोगों का जीना मुश्किल हो गया था। समस्या से परेशान लोगों ने भारतीय किसान यूनियन आजाद संगठन के साथ मिलकर विकासखंड प्रांगण में धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंप कर निस्तारण की मांग की थी। मामला मीडिया में सुर्खियां बनने पर गुरुवार को पानी की निकासी करने के लिए मौके पर कृषि अधिकारी जयदेव सिंह, हल्का लेखपाल मिंटू कुमार, विकासखंड सचिव अनुज तोमर, जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे। हल्का लेखपाल ने सड़क के दोनों और भूमि पैमाइश कर अतिक्रमण कर रहे लोगों को चेतावनी देते हुए चिन्हित करण का कार्य किया। और अवैध रूप से कब्जा किए गए लोगों को चेतावनी दी। इस दौरान सभी अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कच्चे नाले की खुदाई का कार्य जेसीबी मशीन लगाकर शुरू किया। पानी निकालने का कार्य शुरू होने से आसपास के लोगों सहित राहगीरों ने राहत की सांस ली है। कृषि अधिकारी जयदेव सिंह ने कहा की तहसीलदार के निर्देश पर पानी निकासी का कार्य शुरू कराया गया है। और कब्जा करने वाले लोगों को चेतावनी जारी की गई है।

## सफाई कर्मचारियों की हड़ताल बिना शर्त समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** नगर पंचायत में सफाई कर्मचारियों और अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप के बीच चल रहा विवाद आखिरकार गुरुवार को सुलझ गया। अध्यक्ष द्वारा अभद्र व्यवहार और बस्ती के पास खाद के ग्रो में कूड़े की ट्राली डालने का विरोध करने पर तीन आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को हटाए जाने के बाद नगर के सभी सफाई कर्मी 20 नवंबर से हड़ताल पर चले गए थे। आठ दिनों से जारी यह हड़ताल बिना शर्त भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश गौड़ कश्यप के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गई। बृहस्पतिवार दोपहर हड़ताल स्थल पर पहुंचे भाजपा नेता रमेश गौड़ कश्यप ने सफाई कर्मचारियों और बाल्मीकि समाज के प्रधान आनंद चंचल से पूरा मामला जाना। उन्होंने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था हम सबकी साझा जिम्मेदारी है और परिवार में यदि कोई मनमुटाव होता है तो उसे आपसी संवाद से दूर किया जा सकता है। उन्होंने सफाई कर्मियों को भरोसा दिलाया कि समाज की ओर से कोई शर्त नहीं रखी गई है और जो भी न्यायोचित होगा, उसे पूरा किया जाएगा। वही अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने सफाई कर्मचारियों की सभी मांगे मानकर लिखित में आश्वासन दिया जिसके बाद सभी सफाईकर्मियों ने हड़ताल समाप्त कर दी। इसके बाद रमेश गौड़ कश्यप, ईओ समीर कश्यप, राहुल देव गुप्ता, सतीश कश्यप, लिपिक अशोक कुमार और प्रधान आनंद चंचल ने सफाई कर्मचारियों के साथ पीएनबी के सामने सफाई कर हड़ताल समाप्त होने की घोषणा की। सफाई कर्मियों ने काम दोबारा शुरू कर नगर की व्यवस्था पटरी पर लानी शुरू कर दी है।

## नकदी व जेवरात समेटकर प्रेमी संग महिला हुई फरार

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक महिला अपने प्रेमी के साथ घर से नगदी जेवरात समेट कर फरार हो गई। महिला की सास ने थाने पहुंचकर महिला व उसके दो प्रेमियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया पुलिस जांच में जुटी हुई है। गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र प्राइवेट नौकरी करता है और अक्सर घर से बाहर रहता है। उसके पुत्रवधू का गांव के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है विरोध करने पर पुत्रवधू झूठे मुकदमे में फसने सहित अन्य कई गंभीर आरोप लगाकर पीड़िता व के पुत्र को डरती रहती है। आरोप है कि गुरुवार सवेरे उसकी पुत्र वधू अपने प्रेमी व एक अन्य युवक के साथ घर में रखी नगदी व जेवरात लेकर फरार हो गई। पीड़ित महिला ने अपनी पुत्रवधू और दोनों युवको के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## पांच घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**झिंझाना।** शुक्रवार को झिंझाना बिजली घर पर मशीनों की मरम्मत के चलते पांच घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। अवर अभियंता सुरजीत कुमार ने बताया कि शुक्रवार को बिजली घर पर मशीनों की मरम्मत होने के कारण दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं व किसानों से अपील की कि वे शुक्रवार को ग्यारह बजे से पहले अपने पशुओं का घास-पानी व बिजली संबंधित कार्य निपटा लें, जिससे बाद में होने वाली परेशानी से बचा जा सके।

## हजारों की नकदी सहित बीयर चोरी

**झिंझाना।** शराब के ठेके में नकब लगाकर हजारों की नगदी सहित शराब बीयर के कैन चोर चोरी कर ले गए पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाने में तहरीर देते हुए सुमित राठी पुत्र बृजपाल राठी निवासी मेन बाजार झिंझाना ने बताया कि रंगाना में रगाना रोड पर उसकी पत्नी के नाम से शराब का ठेका है जिस पर गत रात्रि अज्ञात चारों ने ठेके की दीवार तोड़कर उसमें रखी नो पेटी शराब एक पेटी पव्वा 17 कैन बीयर दो हजार की नगदी चुरा ली पुलिस मैं तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही शुरू कर दी है।

# ब्राह्मण समाज की बहन-बेटियों पर अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरुवार को ब्राह्मण समाज के दर्जनों लोगों ने कलक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। समुदाय के लोगों ने मध्यप्रदेश के आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बहन-बेटियों के प्रति की गई कथित अशोभनीय टिप्पणी का कड़ा विरोध किया। उन्होने राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन एडीएम को सौंपा।

गुरूवार को दिए ज्ञापन में ब्राह्मण समाज ने आरोप लगाया कि संतोष वर्मा द्वारा दिया गया बयान उनकी भद्दी मानसिकता को दर्शाता है, जिससे पूरे समाज में गहरा रोष व्याप्त है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि आईएस संतोष वर्मा पूर्व में भी विवादित गतिविधियों के चलते जेल जा चुके हैं।

ऐसे व्यक्ति का किसी पद पर बने रहना समाज और देश दोनों के लिए घातक बताया गया है। समाज के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति से मांग की है कि संतोष वर्मा को पद से तत्काल हटाया जाए और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की



जाए।

उन्होंने कहा कि ऐसी मानसिकता वाले लोगों पर कार्रवाई होने से ही देश में अमन-चौन कायम रह सकता है। साथ ही उन्होने उक्त अधिकारी की संपत्ति की भी जांच कराने की मांग की। इस अवसर पर रालोद प्रदेश महासचिव विजय कौशिक, अजेश शर्मा, विनोद कुमार, सचिन शर्मा, कालूराम शर्मा, सुरेशचंद शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, विक्रांत भार्गव, रणकुमार शर्मा, शिवकुमार शर्मा, उमेश शर्मा, संजीव शर्मा, दीपक शर्मा, अश्वनी शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, विष्णु शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मढ़ती के जंगल में पुलिस से मुठभेड़ में गोकश घायल



शाह टाइम्स संवाददाता

**मिर्जापुर।** थाना मिर्जापुर व हथनीकुंड पुलिस की चेकिंग के दौरान मढ़ती के जंगल मे गौकश से मुठभेड़ हो गयी। पुलिस की जवाबी फायरिंग मे पैर मे गोली लगने से एक गौकश लंगड़ा हो गया। जिसके कब्जे से अवैध हथियार व स्कोरपियों कार बरामद हुई है।

मिर्जापुर थाना प्रभारी सुनील नागर ने बताया की गुरुवार को पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी स तभी एक कार सवार व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। जो की मढ़ती के जंगल मे भागकर पुलिस पर फायरिंग करने लगा स पुलिस की जवाबी फायरिंग मे गौ कश के पैर मे गोली लगने से घायल हो गया स जिसकी पहचान सऊद पुत्र अब्दुल रहमान निवासी रायपुर थाना मिर्जापुर के तौर पर हुई है। थाना प्रभारी ने बताया की गौकश गौकशी के मुकदमे मे वांछित था। जिस पर गौकशी व मादक पदार्थो की तस्करी के मुकदमे भी दर्ज हैं। पुलिस ने गौकश को घायल अवस्था मे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस टीम मे थाना प्रभारी सुनील नागर, एसएसआई बांके लाल,सब इंस्पेक्टर ललित तोमर, सिपाही, पंकज तोमर, मंजीत, दीपक शर्मा, धीरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# एंटी रोमियों मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

**चिलकाना।** एंटी रोमियो मिशन शक्ति टीम द्वारा नगर के नुक्कड़, चौराहों स्कूल के आस पास महिलाओं के साथ संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा व साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मिशन शक्ति टीम इंचार्ज महिला उप निरीक्षक सुमन के नेतृत्व में महिला उपनिरीक्षक माधुरी शर्मा, महिला आरक्षी मनीता एवं चांदनी ने नगर के मुख्य चौराहों, बाजार व स्कूल के आस पास महिलाओं से संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें सरकारी योजनाओ, सायबर फ्रॉड तथा डिजिटल अरेस्टिंग के बारे में जानकारी दी गई।

एंटी रोमियो मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं को उनकी सुरक्षा के साथ साथ उन्हें स्वावलंबन व सशक्तिकरण के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। टीम द्वारा महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पम्पलेट भी वितरित किये गये।

**गंगोह।** चोरों ने शेरमऊ मिल रोड स्थित रिजवान पुत्र नोमान निवासी मोहल्ला मोहम्मद गौरी की जूस की दुकान में नकब लगाकर दो बैटरे, इंवर्टर, दो जूसर, दस रियल जूस, बीस डब्बी सिगरेट व बीड़ी आदि सामान चोरी कर लिया। घटना का पता उस समय लगा जब पीड़ित सुबह अपनी दुकान खोलने के लिए पहुंचा। यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई।

# फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन




शाह टाइम्स संवाददाता

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में उच्च शिक्षण संस्थानों हेतु वित्त पोषण एजेंसी व अवसर की समझ पर एक 7 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ पूनम शर्मा, प्रेसिडेंट आईआईएमटी, निदेशक डॉ अंजू वालिया, मुख्य वक्ता डॉ आर पी सिंह, डायरेक्टर रिसर्च, श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर, आशुतोष गुप्ता व डॉ कमल कृष्ण ने दीप प्रज्वलित कर किया गया।

डॉ आर पी सिंह ने रिसर्च के क्षेत्र में मिलने वाली विभिन्न फंडिंग के बारे में सभी को विस्तार से बताया। उन्होंने शिक्षकों को बताया कि यह कार्य बहुत मुश्किल नहीं है । संस्था की प्रेसिडेंट डॉ पूनम शर्मा ने बताया कि शिक्षक किसी भी क्षेत्र संस्था की रीढ़ होते हैं। समाज की प्रगति उन शिक्षकों पर निर्भर करती है जो न केवल पढ़ाते हैं बल्कि छात्रों में जिज्ञासा नवाचार और चरित्र निर्माण की प्रेरणा भी जगाते हैं। उन्होंने शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीक रिसर्च मेथाडोलॉजी से अवगत कराया। मुख्य वक्ता डॉ मोहम्मद आरिफ ने रिसर्च ग्रांट प्राप्त करने हेतु विभिन्न प्लेटफार्म के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे आप विभिन्न प्रोजेक्ट के लिए अप्लाई करके ग्रांट प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम का आयोजन आईक्यूएसी के कोऑर्डिनेटर अश्वनी कुमार व उदित चौहान ने कराया। मंच का संचालन डॉ नेहा त्यागी ने किया।

# नगरायुक्त ने किया ढमोला घाटों का निरीक्षण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने अधिकारियों के साथ आज सुबह विश्वकर्मा चौक के निकट ढमोला नदी में बनाये जा रहे घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण विभाग द्वारा डाले गए जीओ नेट व पाइपों का भी निरीक्षण किया और कार्य पर संतोष जताया। नगरायुक्त ने घाटों पर पानी को शोधित करने वाले सुंदर पौधे लगाकर घाटों का सौंदर्यीकरण करने के भी निर्देश दिए।

नगरायुक्त शिपू गिरि आज सुबह मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह के साथ विश्वकर्मा चौक के निकट ढमोला नदी पर पहुंचे और नदी को गहरा व चौड़ा करने के लिए पोकलेन मशीनों से निकाली जा रही शिल्ट कार्य का निरीक्षण किया। मुख्य अभियंता सुरेश चंद ने नगरायुक्त को बताया कि तीन पोकलेन लगातार शिल्ट निकालने तथा मिट्टी को एकत्रित कर नदी के किनारों पर कच्चे घाट बनाने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि शिल्ट निकलने से पानी का बहाव तेज होगा। मुख्य अभियंता ने बताया कि नदी व घाटों के किनारों को कटाव से सुरक्षित व संरक्षित करने के लिए जीओ नैट बिछाया गया है तथा आवश्यकतानुसार कुछ पाइप भी डाले गए है।

नगरायुक्त ने कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए घाटों पर पानी को शोधित व प्रदूषण कम करने वाले ऐसे पौधे लगाने के निर्देश दिए जो छोटे आकार में हो।

## बालक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**तीतरों।** ट्रैक्टर के नीचे आ जाने के कारण ढाई वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। बच्चे को बचाने के दौरान उसकी दादी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

अंकुर चौधरी ट्रैक्टर के पहिए में पंचर हो जाने के कारण ट्रैक्टर को बाहर निकल रहे थे। सामने ही उनका बेटा ढाई साल का बेटा मोंटी खेल रहा था जैसे ही अंकुर चौधरी ट्रैक्टर को बाहर निकाल रहे थे तो मोंटी अचानक ट्रैक्टर के सामने आ गया जिसके कारण ट्रैक्टर का पहिया बालक के ऊपर चढ़ गया। बालक के ऊपर ट्रैक्टर का पहिया चढ़ जाने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद बच्चे की मौत हो गई।सामने ही उसकी दादी सुदेश ने जब यह देखा तो वह भी उसे बचाने के लिए दौड़कर आई लेकिन इसी बीच ट्रैक्टर असंतुलित हो गया।

# कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर भरवाएं फार्म: कोमल



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** सरसावा चेयरपर्सन कोमल पँवार ने कहा कि एसआईआर महत्त्वपूर्ण विषय है इसमें कोई भी लापरवाही न करे।पार्टी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर जनता को सहयोग कर फार्म भरवाएं।

मौहल्ला कायस्थान स्थित भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बबली देवी के निवास पर आत्मनिर्भर भारत अभियान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुँची नगर पालिका सरसावा की अध्यक्ष कोमल पंवार ने आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग पर अपने विचार रखते हुए महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनने का आह्वान किया।कोमल पँवार ने कहा कि एसआईआर को लेकर किसी तरह की लापरवाही न की जाए।भाजपा कार्यकर्ता बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर इसी तरह मेहनत की जाए ताकि सभी का समय पर फार्म भरा जा सके।

मंडल अध्यक्ष बबीता कश्यप ने एसआईआर की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक महिला को अपने घर में एक-एक वोट अपनी बीएलओ से मिलकर सुनिश्चित करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बबली देवी ने तिलक लगाकर तथा मंडल अध्यक्ष बबीता कश्यप ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस दौरान श्रीमती सीता देवी,राकेश, साक्षी सहित भारी संख्या में महिलाएँ उपस्थित रहीं।

# धोखाधड़ी में 6 पर केस दर्ज

**साढौली कदीम।** मुनाफे का लालच देकर 44 लाख 80 हजार रुपए की धोखाधड़ी के मामले में कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो महिलाओं समेत छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी हैं।

बेहट कोतवाली क्षेत्र के मालाहेडी गांव निवासी ओमपाल ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाकर बताया कि आरोपियों ने स्टेप फार्मिंग के नाम से एक कंपनी बना रखी हैं। एक दिन एक आरोपी ने उसे 10 प्रतिशत लाख का लालच देकर कंपनी में पैसे लगाने की बात की। लालच में आकर उसने 29 फरवरी 2024 को पंजाब नेशनल बैंक से आठ लाख रुपए आरटीजीएस कंपनी खाते में किए उसके बाद 4 लाख रुपए नगद स्टेप फार्मिंग प्रा. लि. में जमा किए। कुछ समय बाद 2 लाख रुपए और कंपनी में जमा किए। इसी तरह आरोपियों कि चिकनी चुपड़ी बातों में आकर नजीबाबाद के फूल सिंह ने 4 लाख 60 हजार रुपए, नागेश कुमार ने एक लाख रुपए, अनीता नाथ ने पांच लाख, मनीष ने 50 हजार, अतुल ने 50 हजार, मेरठ निवासी रामकिशन ने तीन लाख, मीरा ने पांच लाख, रुड़की की पूनम ने एक लाख 50 हजार, नीति ने 70 हजार, माटकी सहारनपुर के बृजपाल ने एक लाख, राजबीर ने चार लाख, सुधीर ने तीन लाख, विजय कुमार ने एक लाख 50 हजार, इस तरह से आरोपियों ने कुल 44 लाख 80 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर रकम हड़प ली। कोतवाल बेहट सतपाल भाटी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मौ. हाजी इकराम निवासी मांझीपुर थाना बेहट, जेल सिंह लाम्बा, उत्सव सिंह लाम्बा, श्रीमति मनोज कुमार निवासीगण आनंद विहार थाना सदर बाजार सहारनपुर, सुमन देवी व सोमपाल निवासीगण आलमपुर आलमपुर थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी हैं।

# अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** मां शाकुंम्भरी विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स जो की दून कॉलेज आफ एजुकेशन सुंदरपुर के तत्वाधान में आयोजित हुई खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ, जिसमें अंतिम दिन बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में अपना दमखम दिखाया।

डा. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि कमल कृष्णा, कुलसचिव मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, सचिव जिला ओलंपिक संघ सहारनपुर, प्रो. संदीप गुप्ता, क्रीड़ा अधिकारी मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय, संजय सिंह, एस आई ट्रैफिक पुलिस लाइन, एवं राहुल चोपड़ा, क्रीड़ा अधिकारी स्पोर्ट्स स्टेडियम ने प्रतियोगिता की सराहना की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अत्यंत जोश और उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के 100 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम विकुल बालियान, द्वितीय शाकिर मलिक, तृतीय अभिषेक मलिक, 100 मीटर महिला वर्ग में प्रथम विशाखा, द्वितीय प्राची द्विवेदी, तृतीय दृ दिव्यांशी, 200 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम विजय कश्यप, द्वितीय शोएब, तृतीय आयुष, 200 मीटर महिला वर्ग में प्रथम आयुषी, द्वितीय प्राची, तृतीय कुमकुम, भाला फेंक पुरुष वर्ग मेंप्रथम अतुल कुमार, द्वितीय मनदीप सिंह, भाला फेंक महिला वर्ग प्रथम स्वाति प्रजापति, द्वितीय किट्टू, तृतीय शिवाक्षी, 1500 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम अनुज जून, द्वितीय मनीष कुमार, तृतीय अक्षित, 1500 मीटर महिला वर्ग में प्रथम निर्धन देवी, द्वितीय रितु, तृतीय नंदिनी, लंबी कूद पुरुष वर्ग में प्रथम प्रिंस लाटीयान, द्वितीय हिमांशु, तृतीय आकाश, लंबी कूद महिला वर्ग मेंप्रथम मेधावी, द्वितीय तंशु शर्मा, तृतीय पूनम, 400 मीटर पुरुष वर्ग मेंप्रथम विजय कश्यप, द्वितीय श्रवण कुमार, तृतीय शोएब, 400 मीटर महिला वर्ग मेंप्रथम दिव्यांशी, द्वितीय कुमारी आयशा परवीन, तृतीय मधु, निर्णायक मंडल एवं तकनीकी सहायता प्रतियोगिताओं के सुचारू संचालन में निर्णायक मंडल एवं तकनीकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. अब्दुल अजीज खान एवं प्रो. प्रवीण कादयान उपस्थित रहे और उन्होंने आयोजन की सराहना की। मुख्य रेफरी भूपेन्द्र सिंह, डिप्टी रेफरी लाल धमेन्द्र प्रताप, मनीष कुमार एंव जज एवं तकनीकी सहयोगयशपाल सिंह पुण्डीर, ईश्वरपाल सिंह, संदीप पुण्डीर, मुस्तकीम अंसारी, स्नेहा सैनी, राकेश कुमार, प्रवीण सैनी, रोहित पुण्डीर,निर्णायक मंडल ने पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और खेल भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियाँ निभाईं, जिससे प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों ने विजेताओं को पदक व प्रमाणपत्र प्रदान किए।

## वारंटी दबोचा

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए न्यायालय मे पेश किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि वे क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तो मुखबिर ने सूचना दी एक वारंटी अपने गांव मे ही छुपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर आरोपी के घर पर दबिश देकर उसे पकड़ लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने गिरफ्तार हुए नाम आरोपी लालू पुत्र इकबाल निवासी गांव माझीपुर कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर बताया पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर धारा 2/3 गैंगस्टर में निरुद्ध था।

# पुरातन छात्रों ने सुनाये अपने संस्मरण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था सतयुग आश्रम मॉडल इंटर कॉलेज आज प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय कुमार गुप्ता के निर्देशन में शासन की मंशा के अनुरूप पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वर्षों से कॉलेज से शिक्षा ग्रहण कर चुके छात्रों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर छात्रा दीपाली पवार व छात्र संतुष्ट पॅवार द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व विद्यालय के संस्थापक प्रमुख समाजसेवी स्व. डा ब्रज बिहारी लाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का सफल संचालन भूगोल प्रवक्ता व एनसीसी अधिकारी ब्रिजेश पुण्डीर द्वारा किया गया। सतेंद्र कुमार सिंह की देखरेख में विद्यालय के वर्तमान छात्रों द्वारा पूर्व छात्रों का चंदन से तिलक लगाकर एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि पुरातन छात्र जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी श्रवण कुमार त्यागी, प्रमुख समाजसेवी राजीव सैनी, हरिद्वार से पधारे पूर्व छात्र विपिन शर्मा, नीरज वर्मा, नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद के सुधीर राणा, कंप्यूटर विशेषज्ञ विकास मित्तल व प्रमुख मैडिसन उद्यमी सचिन शर्मा, वरुण शर्मा के साथ ही प्रमुख फोटो जर्नालिस्ट गौतम ने कार्यक्रम में छात्रों से अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक ब्रिजेश पुण्डीर, मनोज कुमार काकरान, नवीन गुलाटी, राजकुमार शर्मा, फरत मियाँ, सुधीर शर्मा, सुबोध कुमार पुण्डीर, सतेंद्र कुमार सिंह, कुलदीप कुमार, मनीष कुमार गुप्ता, अंजू गालिहान, पंकज शर्मा, नेहा सैनी, गीता, सोनिया, बंदना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सरकारी खर्चे को हड़पने का आरोप

शह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** गांव दभेडा कला निवासी ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों के नाम पर आये सरकारी खर्चे को हड़पने का आरोप लगाते हुए जांच करायें जाने की मांग की थी। जांच में सभी आरोप सत्य सिद्ध होने पर जिला मजिस्ट्रेट ने ग्राम प्रधान को भेजा कारण बताओ नोटिस।

चिलकाना क्षेत्र के गांव दभेडा कला निवासी जाकिर पुत्र अस्फाक व सादिक पुत्र इलियास ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी सहारनपुर व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि गांव में जाने आने के लिए नदी से होकर गुजरना पड़ता है जिस पर कोई पुल नहीं बना है जिससे आते जाते ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए गांव के कंई लोगों ने मिलकर अपने खर्च पर नदी में बम्बे व मिट्टी आदि डालकर आने जाने के लिए अस्थाई पुल का निर्माण किया था, जिस पर आरोप था कि ग्राम प्रधान ने उक्त कार्य को सरकारी निर्माण में दिखाकर सरकारी पैसा हड़प लिया। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में कहा था कि गांव में एक खडंजे को हटाकर आरसीसी डलवायी गयी, जिससे निकलने वाली ईंटों को ग्राम प्रधान द्वारा अपने भाई के मकान में लगवा दिया गया। तथा ग्राम समाज की भूमि में तीन दुकानों का निर्माण कराया गया जिनमें से दो दुकानों को राशन डीपों व तीसरी दुकान को अपने निजी कार्य के इस्तेमाल में लाया जा रहा था। ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी सहारनपुर व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर ग्राम प्रधान द्वारा किये गये इन कार्यों की जांच करायें जाने की मांग की गयी थी।

मामले की गहनता से जांच के बाद ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान पर लगाये गये आरोप सत्य सिद्ध होने पर जिला मजिस्ट्रेट सहारनपुर मनीष बंसल द्वारा ग्राम प्रधान को नोटिस जारी कर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र सुहैब को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**सय्याद हसन पुत्र मीरहसन निवासी ग्राम इस्माईलपुर माजरा पोस्ट उमाही कलां, परगना व तहसील नकुड थाना रामपुर मनिहारान, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपना नाम Samsida Begum से बदलकर Shamashida Begam रख लिया है।भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**Shamashida Begam W/o Sageer Ahmed बेहट रोड, उपवन विहार, नूर बस्ती, सहारनपुर उ.प्र. 247001**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र महताब व पुत्रवधू गुलाफशा को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मतलूब पुत्र शरीफ निवासी ग्राम बोडपुर, थाना गंगोह, जनपद सहारनपुर।**

# निगम बोर्ड ने किया 835 करोड़ 93 लाख 99 हजार का पुनरीक्षित बजट पारित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** महापौर डॉ.अजय कुमार की अध्यक्षता में आज नगर निगम बोर्ड की देर शाम तक चली बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का 835 करोड़ 93 लाख 99 हजार का पुनरीक्षित बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यकारणी द्वारा उक्त बजट पहले ही पारित किया जा चुका है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने पार्षदों की शिकायतों पर कार्रवाई को अनुपालन आख्या में लेने के निर्देश दिए।

लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया कि बजट में थोड़ा संशोधन किया गया है लेकिन बजट राशि में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। उन्होंने सदन को बताया कि नगर निगम के समस्त वाहनों की बीमा राशि को 30 लाख रुपये से बढ़ाकर 60 लाख रुपये किया गया है। लेकिन जलकल विभाग के बजट में 50 लाख रुपये की कटौती की गयी है। वाहनों पर लिए जाने वाले वाहनों के किराये में भी 30 लाख रुपये की कटौती की गयी है।

उन्होंने बताया कि बजट में पार्को की अवसंरचना विकास के लिए उद्यान विभाग में नवीन बजट का प्रावधान करते हुए 50 लाख रुपये की व्यवस्था की गयी है। लाइसेंस शुल्क से गत वर्ष 65 लाख रुपये निगम को प्राप्त हुए थे अत: इस वर्ष के लिए एक करोड़ 44 लाख रुपये लक्ष्य रखा गया है।

महापौर डॉ. अजय कुमार विभिन्न पार्षदों द्वारा उठाये गए मुद्दों पर टैक्स विभाग को निर्देश दिए कि केवल टारगेट ही पूरा न करें, जिन पर टैक्स बकाया है उनसे वसूली की जाए। उन्होंने अतिक्रमण विभाग को एक व्यवस्था बनाते हुए पूरे महानगर में अतिक्रमण अभियान चलाने के निर्देश दिए। महापौर ने पार्षदों को आश्वस्त किया कि प्रत्येक वार्ड के लिए 60 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। कुछ वार्डो में काम शुरु हो गए है कुछ स्वीकृत हो चुके है।

## जीआई सर्वे के लगाये जाएं सेल्फ एसेसमेंट कैम्प: टिंकू



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** पार्षद व सपा नेता अभिषेक टिंकू अरोडा ने नगर निगम की बैठक में जीआई सर्वे के सेल्फ एसेसमेंट कैम्प लगातार लगवाये जाने की मांग की।

बैठक में टिंकू अरोडा ने मांग करते हुए कहा कि जी आई सर्वे के सेल्फ एसेसमेंट कैंप लगातार लगवाए जाए और नगर निगम अपनी जमीनों पर कोच्चि नगर निगम की तर्ज पर स्कूल अस्पताल और धर्मशालों का निर्माण करवाए सहारनपुर के एक प्रतिष्ठित जगह को भगवान परशुराम के नाम पर स्थापित किया जाए यह प्रस्ताव तत्काल पास किया जाए। टिंकू अरोडा ने कहा कि नगर में जी आई सर्वे के बिलों को सेल्फ एसेसमेंट कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण करवाया जाए लगातार नगर के लोग की सर्वे में बड़े टैक्स को लेकर अत्यधिक परेशान है उनकी समस्या को देखते हुए सेल्फ एसेसमेंट कैंप तत्काल से दोबारा लगवाए थे जिस पर नगर आयुक्त और महापौर ने सहमति व्यक्त की। गोपाल नगर में ढाई करोड रुपए की बेशकीमती संपत्ति जो नगर निगम की है उसे पर 10 से 12 लोगों ने मिलकर षड्यंत्र करके बैनामा करवा लिया। जिसकी संपत्ति विभाग द्वारा जांच करवाकर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाए। नगर निगम जलकल जलकर अनुभाग न अनुभाग में फर्जी प्रमाण पत्र के द्वारा एक फॉर्म करोड़ों रुपए के कार्य कर रही है 6 महीने से जांच हो जाने के उपरांत भी उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई और ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई नहीं की जा रही। टिंकू अरोड़ा ने सीधा आरोप अधिकारियों पर ओब्लाइज होने का लगाया। गरीब आदमी पर तत्काल कार्रवाई कर दी जाती है। अमीर लोग धन बल के आधार पर गलत कार्य लगातार नगर निगम में कर रहे हैं और उन पर अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# पुलिस ने पत्नी को बहलाफुसलाकर ले जाने के वांछित आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पत्नी को बहला फुसलाकर ले जाने के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

थाना देवबंद पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त मुकदमे में वांछित ग्राम इमलिया माजरा काकनपुरा निवासी अभियुक्त जनित पुत्र दीन्नाराम को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा ने कहा कि अपराध नियंत्रण, महिलाओं के विरुद्ध होने वाली आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। **उधर,** वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर बालाजी धाम के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया ।



पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुकदमे में वांछित अभियुक्त तल्हैडी चुंगी निवासी दीपक पुत्र राजेश को बालाजी धाम के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई आगे भी चलती रहेगी।

# अजफर-उल-हक जकी के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुस्लिम फंड नजीबाबाद एवं अन्य संस्थाओं के प्रमुख काजी अजफर-उल-हक जकी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर से देवबंद में भी शोक की लहर दौड़ गई। मुस्लिम फंड ट्रस्ट देवबंद में शोक सभा का आयोजन कर उनको खिराज ए अकीदत पेश की।

मुस्लिम फंड ट्रस्ट देवबंद में आयोजित शोक सभा की शुरुआत कारी मेहरबान ने कुरान ए पाक की तिलावत से की। इस अवसर पर मुस्लिम फंड देवबंद के महा प्रबंधक सुहैल सिद्दीकी ने कहा कि काजी अजफर-उल-हक जकी ने अपना समस्त जीवन समाज की आर्थिक एवं शैक्षिक सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि मुस्लिम फंड नजीबाबाद को मजबूत नींव पर खड़ा किया और पूरे देश में इसका नेटवर्क फैलाया, जिससे न सिर्फ गरीब, पिछड़े और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक मदद मिली, बल्कि शिक्षा, रोजगार और कल्याण के कई रास्ते भी खुले। कहा कि उन्होने केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं मुस्लिम फंड का गठन किया, बल्कि राष्ट्र और राष्ट्र के कल्याण के लिए एक कल्याणकारी संरचना भी बनाई जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणास्रोत रहेगी। शोक सभा के उपरांत मुस्लिम फंड ट्रस्ट के महा प्रबंधक सुहैल सिद्दीकी, सैयद आसिफ हुसैन, जावेद उस्मानी, फहीम अल्वी मृतक के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए नजीबाबाद के लिए रवाना हुए। शोक सभा में जावेद उस्मानी, फहीम अल्वी, नजम उस्मानी, फहीम अख्तर सिद्दीकी, हाफिज दिलशाद, हाजी इदरीस अंसारी, इश्तियाक अहमद, मसूद खान राणा, काजी मुहम्मद दानिश, हाफिज मिर्जा फैजान, हाजी मुहम्मद यासीन, अब्दुल रशीद खान, मुहम्मद रफी सिद्दीकी, अफसर उस्मानी, मुहम्मद आसिफ सिद्दीकी, मुहम्मद शहजाद आदि शामिल रहे।



# दहेज में बीस लाख रुपये की डिमांड पड़ी महंगी, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विवाहिता ने ससुरा. लियों पर अतिरिक्त दहेज के रूप में फ्लैट या 20 लाख रुपए की मांग पूरी नहीं होने पर तीन तलाक देने का आरोप लगाते हुए पति, ससुर, सास व दो ननदों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम बैरमाबाद गढ़ी निवासी हिना कौसर पुत्री मौहम्मद यामीन ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी वर्ष 2017 में दिल्ली के आराम पार्क क्षेत्र में शादाब से हुई थी। शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित करने में लगे हुए थे। करीब पांच वर्ष पूर्व भी उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल

**मारपीट कर घर से निकाला**

दिया था। तब उसके पिता द्वारा एक लाख रुपए की मांग पूरी कर दी गई थी और वापस भेज दिया था। इसके बाद उसे अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। करीब साढ़े तीन वर्ष पूर्व प्रताड़ना से तंग आकर वह मायके में रह रही थी। उसकी एक छोटी बच्ची भी है । दस अगस्त को पति सहित ससुराल पक्ष के लोग उसके मायके में आए और अतिरिक्त दहेज के रूप में फ्लैट या 20 लाख रुपए देने की मांग की। उसके परिवार वालों ने जब इसमें असमर्थता दिखाई, तो पति शादाब व ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की और पति ने तीन तलाक दे दिया। तलाक के बाद में इद्दत में बैठी हुई थी। हिना कौसर की तहरीर पर पति शादाब, ससुर मौहम्मद शौकीन, सास अमीना, ननद शीरीन और माहीन के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कार्यवाहक थाना प्रभारी कुलजीत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। दूसरी तरफ इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

# वरिष्ठ नेता डॉ. रमेश तोमर को सपा अध्यक्ष अखिलेश ने दी बड़ी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वरिष्ठ नेता डॉ. रमेश तोमर को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए एसआईआर के कार्य के लिए जिला प्रभारी नियुक्त किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर प्रदेश में जारी अफरा-तफरी एवं बीएलओ की मौतों के क्रम में जनता को हो रही परेशानी के मद्देनजर वरिष्ठ नेताओं को जिला प्रभारी नियुक्त किया है।

सपा के जिला प्रवक्ता अखलाक पप्पू ने बताया कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. रमेश तोमर को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। वह एसआईआर के काम की निगरानी करेंगे। उनके द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों में घूम कर एसआईआर के कार्य की समीक्षा की जाएगी। ताकि मतदाताओं के वोट न कट सकें। उन्होंने कहा कि सपा का पूरा संगठन एवं वरिष्ठ नेता एसआईआर के काम में गंभीरता से लगे हुए है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में अगर कोई धांधली की जाती है, तो उसे गंभीरता से लिया जाएगा।

गौरतलब है कि डॉ. रमेश तोमर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के सबसे विश्वासपात्र नेताओं में शामिल है। वह सपा के सबसे गंभीर एवं पुराने नेता है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता उनका सम्मान करते है। हालांकि उन्हें काफी देरी से एसआईआर के महत्वपूर्ण कार्य का प्रभारी बनाया गया है।

# हजरत फातिमा जहरा रजि. की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हजरत फातिमा जहरा (रजी) की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने भी रक्तदान किया।

देवबन्द के गांव ठटकी में पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स.अ.व.) की बेटी हजरत फातिमा जहरा की शहादत पर आयोजित पांच दिवसीय शोक सभा एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर मौलाना शब्बीर अली वारसी कलकत्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें बीबी फातिमा के जीवन से प्रेरणा लेते हुए फातिमी शिक्षाओं को अपनाने, पैगंबर के परिवार के प्रति वफादार रहने एवं अपने देश में भाईचारा बनाए रखना चाहिए। इस अवसर पर बीबी फातिमा की स्मृति में एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। डॉ. दानिश की देखरेख में देवबंद अस्पताल की टीम ने सुबह से ही रक्तदान शिविर शुरू कर दिया था। शाम चार बजे तक चले इस शिविर में तीस पुरुषों और महिलाओं ने बीबी के नाम पर रक्तदान किया। इस मौके पर अली सईद, हुसैन सईद, औसाफ हुसैन, मौलाना मुहम्मद आलम, मौलाना तश्तकश मेहदी, मौलाना अम्मार हैदर लखनऊ, मौलाना गुलाम हुसैन रिजवी हलवार, मौलाना सैयद मुहम्मद सईद आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।



## मानक से कम फार्म डिजिटाइज करने पर

# बीएलओ के विरुद्ध रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मानक से कम गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन करने वाले बीएलओ के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश डीएम जसजीत कौन ने दिए है।



प्राप्त समाचार के अनुसार डीएम जसजीत कौर ने विभागीय नियंत्रण प्राधिकारी को निर्देश दिए कि जिन बीएलओ द्वारा मानक से कम गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य किया गया है, उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराना सुनिश्चित करें तथा जिन बीएलओ के गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की प्रगति आज शाम तक 50% से कम पाई जाएं, उनके विरुद्ध भी कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने आमजन को स्पष्ट करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं द्वारा आयोग की निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे, उनके नाम आगामी वोटर लिस्ट में शामिल नहीं होंगे और वे अपने मताधिकार से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा गणना प्रपत्रों पत्रों को डिजिटाइज्ड करने की अंतिम तिथि चार दिसंबर निर्धारित की गई है। नियत तिथि के बाद मतदाता द्वारा उपलब्ध कराए गए गणना प्रपत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों का आह्वान किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने और निर्धारित समय में शत प्रतिशत रूप से गणना पत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराने के कार्य में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करें और सभी मतदेय स्थलों पर अपनी-अपनी पार्टियों के बूथ लेवल अभिकर्ता का चयन कर एसआईआर के कार्य में सहयोग उपलब्ध कराएं।

डीएम जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित है। जिसमें 2003 की मतदाता सूची के आधार पर मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को प्रेषित किए जाने हैं, ताकि समय पूर्वक उनको डिजिटल किया जा सके। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा उक्त कार्य के लिए चार दिसंबर अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले गणना पत्रों को आगामी मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने सभी मतदाताओं का आह्वान किया कि अपने गणना प्रपत्र 30 नवंबर, 25 तक बूथ लेवल अधिकारियों को जमा कराना सुनिश्चित करें, ताकि वे उनको डिजिटाइज्ड कर सकें। उन्होंने बताया कि गणना प्रपत्र मतदाताओं को उपलब्ध कराने एवं उनको भरवा कर बीएलओ को उपलब्ध कराने के लिए पंचायत राज, बेसिक शिक्षा, नगर विकास, महिला एवं बाल कल्याण विकास सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों को लगाया गया है। ताकि आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत इसका कार्य पूर्ण किया जा सके।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी वान्या सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, भाजपा से धीर सिंह, समाजवादी पार्टी से अखलाक पप्पू, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# मजलिस में इमरान को मिली जिम्मेदारी

**नूरपुर के विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त**

**मौहम्मद इकबाल अंसारी**

**स्योहारा।** एआईएमआईएम (मजलिस) ने नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए इमरान उस्मानी को अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश देखा जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय ग्राम फैजुल्लापुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष मुफ्ती रियाज अपनी टीम के साथ पहुंचे और कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों व अनुशासन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व को मजबूती प्रदान कर रहा हैं। जिला अध्यक्ष मुफ्ती रियाज ने इमरान उस्मानी को विधानसभा अध्यक्ष का नियुक्ति प्रमाण-पत्र देकर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी। जिम्मेदारी मिलने पर इमरान उस्मानी ने कहा कि पार्टी ने जो भरोसा जताया है, उसे वह पूरी निष्ठा और नि:स्वार्थ भाव से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए दिन-रात कार्य करेंगे।

बैठक में मौहम्मद अजहर, रेहान एड., जफर इकबाल, मौहम्मद शाकिर चांदपुरी, मकबूल उस्मानी, अनिरुद्ध कुमार, डॉ. जाकिर, गिरिराज सिंह, बब्बू कुरैशी, अफ्फान उस्मानी, जहीर आलम अंसारी, मुजीबुर्रहमान, किश्वर जहां, शाकिर, साबिर आदि सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं में नया जोश दिखाई दिया।




## कुत्ते के हमले में घायल

**अफजलगढ़।** ग्राम रसूलपुर आबाद में 32 वर्षीय फरीद अहमद पुत्र रशीद अहमद अपने घर से डॉ. इकरार के क्लीनिक के पास स्थित परचून की दुकान पर कुछ सामान लेने गया था। वापसी के दौरान एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके पैर में गहरा जख्म हो गया। ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। कुत्ते झुंड में सड़कों पर घूमते रहते हैं। जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

## हिमांशी ने जीता गोल्ड मैडल

**नजीबाबाद।** लायंस क्लब द्वारा ओपन इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मौअज्जम, मौहम्मद राशिद, मौहम्मद अशरफ तथा ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अंकुर चौधरी ने फीता काटकर किया। इस प्रतियोगिता में जनपद के लगभग 10 से 12 स्कूलों के करीब 250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिनमें जीत के लिए जोरदार मुकाबला देखने को मिला। बालक वर्ग में वालिया ग्लोबल एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा किया। द्वितीय स्थान किरतपुर ने प्राप्त किया, जबकि तीसरे स्थान पर गुरुकुल इंटरनेशनल एकेडमी नांगल के खिलाड़ी रहे। बालि. का वर्ग में कस्तूरबा गांधी नगीना की छात्राओं ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वार्डन मीनाक्षी चौधरी की अनुपस्थिति में एकता गुप्ता बच्चों के साथ उपस्थित रहीं। तृतीय स्थान नगीना की एलआरएस एकेडमी ने प्राप्त किया। जबकि मिलेनियम पब्लिक स्कूल कोतवाली देहात की छात्राओं ने तीसरा स्थान पाकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आकर्षण नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग अकादमी की खिलाड़ी हिमांशी प्रजा. पति रहीं। जिन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से गोल्ड मैडल जीतकर सबका दिल जीत लिया। सभी विजेता खिलाड़ियों को वालिया ग्लोबल अकैडमी की प्रधानाचार्या एवं विशेष अतिथि डॉ. राखी अग्रवाल ने ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। यह पूरी जानकारी नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग अकादमी के मुख्य कोच रिंकू वर्मा ने दी। इस अवसर पर नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद अरशद, रैफरी अनमोल, हिमांशु भारती, पारुल, प्रीति, रोहित कुमार सहित सभी ताइक्वांडो कोच मौजूद रहे।

## अफजलगढ़ थाने का निरीक्षण

**अफजलगढ़।** पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित कुमार श्रीवास्तव ने थाने के अभिलेखों का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिषद में रखे सभी शस्त्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने महिला हेल्प डैक्स का भी निरीक्षण किया। कंप्यूटर कक्ष व बंदीगृह की व्यवस्था देखी। उन्होंने भोजनालय का भी निरीक्षण कर साफ सफाई दुरुस्त रखने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर में बन रही बैरिक का भी निरीक्षण कर जल्दी काम पूरा कराने के निर्देश दिए। थाना परिसर में सभी दस्तावेज का रखरखाव ठीक से पाया गया। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों से अपने कर्तव्य का सही से पालन करने के निर्देश दिए। इस मौके पर थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, एसएसआई श्रीपाल सिंह, उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, हरवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## हादसे में तीन युवक घायल

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुरी बांगर में आज दोपहर दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि 22 वर्षीय शाहबाज पुत्र मकसूद अहमद निवासी मौहल्ला इस्लामनगर, कस्बा स्योहारा तथा 23 वर्षीय सालिम पुत्र सलीम निवासी सहसपुर बाइक से स्योहारा से नूरपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक पर इमरान पुत्र साकिर निवासी ग्राम बुढेरन सवार था। दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई।

## साइवर अपराधों से किया सावधान

**बढ़ापुर।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने नागरिकों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी। किसी भी अंजान व्यक्ति को अपनी बैंकिंग संबंधित जानकारी, ओटीपी या कोई अनजान लिंक न खोलने के बारे में बताया गया और कहा कि किसी भी अनजान नंबर एवं संदिग्ध वीडियो कॉल पर बार नही करें।

## कनक को बरामद करने की मांग

**बिजनौर।** शिवसेना की बैठक युवा जिला महासचिव रानू ठाकुर के आवास मौहल्ला रामपुर बकली में हुई। शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि 14 वर्षीय कनक 15 नवंबर से लापता है। जिसका अभी तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। इसमें पुलिस की लापरवाही साफ नजर आ रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 72 घंटे के अंदर यदि कनक की सकुशल बरामदगी नहीं होती है, तो शिवसेना पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रमुख ललित मोहन शर्मा की अगवाई में शिवसेना कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करेंगे। यदि जिला पुलिस हमारे किसी भी कार्यकर्ता को हाउस अरेस्ट या लापता कर अरेस्ट करती है, तो इसका विरोध जिला पुलिस को ही झेलना होगा। यदि 48 घंटे के अंदर पुलिस सकुशल कनक को बरामद कर लेती है, तो पुलिस को गुड़ की मिठाई शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा खिलाई जाएगी।

## सुरक्षा जागरूकता का दिया संदेश

**शिवाला कलां।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस ने सुरक्षा और जागरूकता का व्यापक अभियान चलाया। ग्राम मझौला बिल्लौच और कासिमपुर बिल्लौच में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनका उद्देश्य नारी सुरक्षा, साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना था। ग्राम मझौला बिल्लौच में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, आशा, आंगनवाड़ी और पुलिस विभाग ने मिलकर जागरूकता पैदा करने की कोशिश की। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम की थीम महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत विभिन्न हेल्पलाईन टोल फ्री नम्बर, साईबर अपराध, कल्याणकारी योजनाओं, गुड टच व बैड टच तथा यातायात नियमों के बारे में जागरूक करना था।

## गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में

# महिला अधिकार व कानून विषय पर सेमिनार

**मौहम्मद हनीफ**

**चान्दपुर।** शिक्षा और सामाजिक चेतना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भारत में महिला अधिकार एवं कानून विषय पर एक ज्ञानवर्धक विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार यह सेमिनार महिला सशक्तिकरण और कानूनी जागरूकता के महत्व को रेखांकित करने वाला विचारोत्तेजक मंच सिद्ध हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में कुल छह प्रतिभागियों ने अपने शोधपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा और प्रोफेसर डॉ. दिनेश सिंह रहे। जिन्होंने विषय के विभिन्न आयामों को गहराई से छुआ। प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने महिला अधिकारों एवं उन्हें बाधित करने वाले सामाजिक प्रतिबंधों और समकालीन चुनौतियों पर सारगर्भित प्रकाश डाला। जो वर्तमान परिदृश्य की जटिलताओं को दर्शाता है। प्रोफेसर दिनेश सिंह ने महिलाओं की स्थिति, कर्तव्यों और अधिकारों का विस्तृत ऐतिहासिक एवं तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने हड़प्पा सभ्यता से लेकर वैदिक, उत्तर वैदिक, मध्यकाल और महाकाव्य काल तक महिलाओं की भूमिका में आए परिवर्तनों को रेखांकित किया। सेमिनार में प्रस्तुत शोध पत्रों का मूल्यांकन एक विशिष्ट निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. जैनुल आबिदीन, सुरेंद्र सिंह और डॉ. उदिता राजपूत शामिल थी । उनकी निष्पक्ष कसौटी पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान कुमारी नाजिया परवीन, द्वितीय स्थान कुमारी अर्शी, तृतीय स्थान कुमारी हिमानी तथा सांत्वना पुरस्कार कुमारी मोबिन को दिया गया। अध्यक्षता प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने की। जिन्होंने अपने मार्गदर्शन से आयोजन को गरिमा प्रदान की। सेमिनार का कुशल संचालन राजनीति विज्ञान विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर मौहम्मद सुलेमान ने किया। जिन्होंने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित बनाए रखा। इस सेमिनार में डॉ. महीपाल सिंह, डॉ. अखिलेश, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. देवेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार तालान, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, पूजा राजपूत, आस मौहम्मद के अतिरिक्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# भारतीय हॉकी टीम ने कीवी को हराया



## भारत के अमित रोहिदास संजय व सेल्वम ने गोल दागे

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को सुल्तान अजलान शाह कप टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड 3-2 से हराया। भारत के लिए अमित रोहिदास ने (चौथे), संजय ने (32वें), और सेल्वम कार्थी ने (54वें) मिनट में गोल दागे। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से जॉर्ज बेकर ने (42वें और 48वें) मिनट में गोल किए। यहां सुल्तान अजलान शाह कप स्टेडियम में खेले गए मैच के पहले कुछ शुरुआती मिनटों में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड पर बढ़त बनाई। भारत ने एक अच्छे मूव से अपना पहला मौका बनाया, जिससे उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला और अमित रोहिदास ने (चौथे) मिनट में गोलकर स्कोरिग शुरू की। पहला क्वार्टर 1-0 की बढ़त के साथ खत्म हुआ। दूसरे क्वार्टर में न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने स्कोर बराबर करने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय रक्षकों नें उन्हें रोके रखा और हॉफ टाइम तक वहीं स्कोर रहा। भारत ने दूसरे हाफ की शुरुआत फ्रंट फुट पर की और दूसरे हाफ की शुरुआत में ही कप्तान संजन 32वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। न्यूजीलैंड ने तुरंत जवाब देने के लिए कुछ पेनल्टी कॉर्नर लिए, लेकिन वे भारतीय रक्षापंक्ति को भेद नहीं पाए। लेकिन आखिरकार जॉर्ज बेकर ने (42वें) मिनट में न्यूजीलैंड के लिए एक गोल कर आखिरी क्वार्टर रोमांचक बना दिया। न्यूजीलैंड ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत अपने दूसरे गोल की तलाश में की, और जॉर्ज बेकर ने (48वें) मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोलकर स्कोर 2-2 से बराबर दिया। हालांकि, भारत ने तुरंत पलटवार किया अभिषेक के पास को सेल्वम कार्ति ने (54वें) मिनट में गोलकर भारत को फिर से बढ़त दिला दी। भारत ने आखिरी स्टेज में अपनी पकड़ बनाए रखी और मुकाबला 3-2 से अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम शनिवार को कनाडा से भिड़ेगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय हॉकी टीम ने इससे पहले बुधवार को मेजबान मलेशिया को 4-3 के रोमांचक मुकाबले में हराया। सेल्वम कार्थी (7'), सुखजीत सिंह (21'), अमित रोहिदास (39') और संजय (53') ने दुनिया की नंबर 7 टीम भारत के लिए गोल किए, जबकि फैजल (13'), फितरी सारी (36'), व मरहान (45') ने 12वीं रैंक वाली मलेशिया के लिए गोल किए।

## भारतीय हॉकी टीम चिली के खिलाफ शुरु करेगी अपना अभियान

**चेन्नई, वार्ता।** भारत शुक्रवार को यहां चिली के खिलाफ पुरुष एफआईएच हॉकी जूनियर विश्वकप 2025 के 14वें संस्करण में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। कल से तमिलनाडु में शुरु हो रहे इस अंडर-21 टूर्नामेंट का आयोजन चेन्नई और मदुरै में किया जाएगा। जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में हिस्सा ले रही 24 टीमों को चार-चार टीमों के छह पूल में बांटा गया है। भारत पूल बी में चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ शामिल है। डिफेंडर रोहित की अगुवाई में 18 सदस्यीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पीआर श्रीजेश भारतीय जूनियर हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं। जूनियर हॉकी विश्वकप 2025 में हिस्सा ले रही टीमें इस प्रकार है:- पूल ए में कनाडा, जर्मनी, आयरलैंड, साउथ अफ्रीका। पूल बी चिली, भारत, ओमान, स्विट्जरलैंड। पूल सी में अर्जेंटीना, चीन, जापान, न्यूजीलैंड। पूल डी में बेल्जियम, इजिप्ट, स्पेन, नामीबिया। पूल ई में ऑस्ट्रिया, इंग्लैंड, मलेशिया, नीदरलैंड्स। पूल एफ में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, फ्रांस, दक्षिण कोरिया। हर टीम अपने पूल में एक बार दूसरी टीम से भिड़ेगी, जिसमें छह ग्रुप जीतने वाली टीमें क्वार्टर-फाइनल में पहुंचेंगी। उनके साथ सभी छह ग्रुप की दो सबसे अच्छी रनर-अप टीमें भी शामिल होंगी। मौजूदा चैंपियन जर्मनी मेन्स जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप की सबसे सफल टीम है, जिसने यह टूर्नामेंट सात बार जीता है। भारतीय टीम ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप दो बार जीता है। अर्जेंटीना ने भी जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप का खिताब दो बार जीता है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी भारत को दिए जाने का स्वागत

**स्कॉटलैंड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी भारत को दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि यह ग्लोबल स्पोर्टिंग प्रतियोगिता के सौ साल पूरे होने का जश्न है। कॉमनवेल्थ ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष बेन ह्यूस्टन ने भारत को बधाई देते हुए कहा कि अमदाबाद, हम आ रहे हैं। भारत को हमारी बधाई, एक मजबूत और सोची-समझी बोली के लिए जो कॉमनवेल्थ गेम्स के एक नए अध्याय की शुरुआत करती है, गेम्स की सौवीं सालगिरह मनाने के लिए एक मेजबानी देती है, और ऑस्ट्रेलिया के एथलीटों को ब्रिस्बेन 2032 ओलंपिक और पैरालंपिक गेम्स से केवल दो साल पहले मुकाबला करने के लिए तैयार करती है।

## जुबा (युवा) संघा का जर्मन क्लब से ऐतिहासिक करार

**नई दिल्ली, वार्ता।** संघा दिल्ली का ऐसा पहला फुटबॉल क्लब बन गया है, जिसकी अकादमी को जर्मनी के एफसी इंगोस्टेड क्लब 04 ने गोद लिया है। दिल्ली-एनसीआर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एथलीड जुबा इंगोस्टेड अकादमी को लांच किया गया।

इस अवसर पर युवा संघा के प्रमुख सुसांत देव, एफसी इंगोस्टेड के कार्यकारी निदेशक डीडी, श्राची स्पोर्ट्स के चेयरमैन तमाल घोषाल, मैनेजिग डायरेक्टर, देश के जाने-माने पूर्व गोलकीपर भास्कर गांगुली, ईस्ट बंगाल के पूर्व मिडफील्डर अल्विटो, मोहन बागान के पूर्व ब्राजीली स्ट्राइकर रामिरेज और ईस्ट बंगाल के पूर्व घानाई डिफेंडर मौजूद रहे। फुटबॉल की नामी हस्तियों के बीच एथलेड जुवा इंगोस्टेड 04 की लॉंचग के अवसर पर मेहमान जर्मन क्लब अधिकारियों ने सुसांत देव के प्रयासों को सराहा।

## आईसीसी ने पर्थ की पिच को 'बहुत अच्छा' कहा

- **यह टेस्ट मैच 847 गेंदों के साथ ऑस्ट्रेलिया में दूसरा सबसे छोटा पूरा हुआ टेस्ट मैच था**

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पर्थ में खेले गए पहले एशेज टेस्ट मैच जो कि दो दिन में सामप्त हो गया था कि पिच को 'बहुत अच्छी' श्रेणी का करार दिया है। मैच रेफरी रंजन मदुगले की ओर से पिच को लेकर दी गई आधिकारिक रिपोर्ट में इसे 'बहुत अच्छा' करार दिया गया है।

आईसीसी के चार-टियर पिच रेटिंग सिस्टम के अनुसार, 'बहुत अच्छा' का मतलब है ऐसी पिच जिसमें अच्छी पकड़, लिमिटेड सीम मूवमेंट, और मैच की शुरुआत में लगातार बाउंस हो, जिससे बल्लेबाज और गेंदबाज के बीच बराबरी का मुकाबला हो सके। यह टेस्ट मैच 847 गेंदों के साथ यह ऑस्ट्रेलिया में दूसरा सबसे छोटा पूरा हुआ टेस्ट था और 1888 के बाद से फेंकी गई गेंदों के हिसाब से सबसे छोटा एशेज टेस्ट था। पहली तीन पारियों में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा, जिसमें मिचेल स्टार्क ने 58 रन देकर सात विकेट लिए, हालांकि पहले दिन चाय से पहले इंग्लैंड का स्कोर 160 रन पर पांच विकेट था। मेहमान टीम का अटैक फिर भी लगातार चलता रहा और आखिर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 123 रन पर नौ विकेट हो गया, जिसमें बेन स्टोक्स ने पांच विकेट लिए। पहले दिन 305 रन पर 19 विकेट गिरे, जबकि दूसरे दिन, ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के 205 रन के लक्ष्य को केवल एक सत्र में हासिल कर लिया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख जेम्स ऑलसॉप ने कहा कि तीसरे और चौथे दिन के टिकट रखने वाले फैंस के लिए यह निराशाजनक था।

## दीप्ति को मिली 3.2 करोड़ की राशि फिर से यूपीडब्ल्यू की टीम में हुई शामिल

- **दिल्ली ने सीधे 3.2 करोड़ की बोली लगाई और यूपी वॉरियर्स ने इसे मैच करते हुए दीप्ति को रिटेन करने का निर्णय लिया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा डब्ल्यूपीएल 2026 में फिर से यूपी वॉरियर्स की टीम से खेलेंगी। ऑक्शन में उनके लिए दिल्ली कैपिटल्स ने सबसे पहले 50 लाख रूपए की बोली लगाई और उसके बाद किसी और की बोली नहीं आई। ऐसा लगा कि डीसी को काफ़ी सस्ते में महिला वनडे विश्व कप की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट मिल गई है।

हालांकि, यूपीडब्ल्यू के पास आरटीएम मौजूद था। इसके बाद दिल्ली ने सीधे 3-2 करोड़ रूपए की बोली लगाई और यूपी वॉरियर्स ने इसे मैच करते हुए दीप्ति को रिटेन करने का निर्णय लिया। उन्होंने अपना आरटीएम इस्तेमाल किया। सोफ़ी डिवाइन डब्ल्यूपीएल 2026 में गुजरात जायंट्स की टीम से खेलेंगी। उन्हें 2 करोड़ की बड़ी राशि के साथ टीम में शामिल किया गया है। गुजरात जायंट्स ने 50 लाख रुपये पर उनकी पहली बोली लगाई। इसके बाद आरसीबी ने इंट्रेस्ट दिखाया और बोली बढ़ती चली गई। 1-1 करोड़ रूपए पर दिल्ली कैपिटल्स ने एंट्री मारी थी, लेकिन गुजरात किसी हाल में पीछे हटने को तैयार नहीं थी। लगातार बोलियां लगती रहीं और अंत में गुजरात को सफलता मिली।

डीसी को लगातार तीन बार डब्ल्यूपीएल फ़ाइनल में ले जाने वाली ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज कप्तान मेग लैनिग यूपीडब्ल्यू की टीम में शामिल हो गई हैं। उनके लिए डीसी ने सबसे पहले पैडल उठाया और उनके तुरंत बाद यूपीडब्ल्यू भी इसमें कूद गई। डब्ल्यूपीएल 2023 में 1-1 करोड़ रूपए में बिकने वाली लैनिग के लिए डीसी 1-7 करोड़ रूपए तक गई थी। इसके बाद यूपीडब्ल्यू ने 1-9 करोड़ रूपए बोली लगाई और उन्हें अपने साथ जोड़ा। मार्की सेट की आखरिरी खिलाड़ी दक्षिण अफ़्रीकी कप्तान लॉरा वुलफ़ार्ट थीं। उनकी बेस प्राइस 30 लाख रुपये थी। आरसीबी ने बोली की शुरुआत की और डीसी ने भी तुरंत अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। काफ़ी कम समय में बोली एक करोड़ के क़रीब पहुंच गई थी। 90 लाख पर ऐसा लगा कि डीसी पीछे हट जाएगी, लेकिन फिर उन्होंने कमबैक करते हुए 1-1 करोड़ रूपए की बोली में वुलफ़ार्ट को अपने साथ जोड़ लिया।

## तन्वी ने पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 नोजोमी को चौंकाया




- **ईशा रानी बरुआ ने एक ओर जबरदस्त प्रदर्शन किया, उन्होंने यूक्रेन की आठवीं सीडी पोलिना बुहरोवा को 21-15, 21-8 से हराया**

**लखनऊ, वार्ता।** 16 साल की तन्वी शर्मा ने सैयद मोदी इंटरनेशनल 2025 के तीसरे दिन करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की। उन्होंने पूर्व वर्ल्ड नंबर 1, पूर्व वर्ल्ड चैंपियन और ओलंपिक मेडलिस्ट नोजोमी ओकुहारा को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में हराकर तहलका मचा दिया। वर्ल्ड जूनियर्स सिल्वर मेडलिस्ट ने जबरदस्त हिम्मत दिखाई, एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिर्फ़ एक घंटे से भी कम समय में 13-21, 21-16, 21-19 से यादगार जीत हासिल की - यह उनके छोटे करियर का सबसे बड़ा नतीजा था, जिससे उन्होंने क्वार्टर फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। उलटफेर यहीं नहीं रुके। इशारानी बरुआ ने एक और जबरदस्त प्रदर्शन किया, उन्होंने यूक्रेन की आठवीं सीड पोलिना बुहरोवा को 21-15, 21-8 से हराया। टॉप सीड उन्नति हुड्डा ने तस्नीम मीर को 21-15, 21-10 से हराकर आराम से जीत हासिल की, जबकि रक्षिता श्री ने देविका सिंहाग को 16-21, 21-19, 21-17 से हराया। मेन्स सिगल्स में, तीसरे दिन और भी सरप्राइज आए, जब मनराज सिंह ने तीसरे सीड एचएस प्रणय को 21-15, 21-18 से हराया। मिथुन मंजूनाथ ने छठे सीड थारुन मन्नेपल्ली को 21-16, 17-21, 21-7 से हराया, जबकि पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत ने सनीथ दयानंद को 21-6, 21-16 से आसानी से हराया।

टॉप सीड विमेंस डबल्स जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए जेनिथ एबिगेल/लिखिता श्रीवास्तव को 21-17, 21-12 से हराया। जॉली ने हरिहरन अम्साकारुनन के साथ मिलकर मिक्स्ड डबल्स में दूसरे सीड रोहन कपूर/रुथविका गड्डे को 24-22, 21-15 से हराया।

## अफगानिस्तान अंडर-19 टीम ने भारत को 65 रनों से हराया

- **अफगानिस्तान की टीम चार मैचों में तीन जीत के साथ 12 अंक लेकर सूची में शीर्ष पर**

**बेंगलुरु, वार्ता।** कप्तान महबूब खान (50) और अजीजुल्लाह मिआखिल (60) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान अंडर-19 टीम ने गुरुवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के छठे एकदिवसीय मुकाबले में भारत ए अंडर-19 टीम को 65 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही अफगानिस्तान की टीम चार मैचों में तीन जीत के साथ 12 अंकों लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। 234 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत ए अंडर-19 टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट दो रन के स्कोर पर गंवा दिए। इसके बाद कप्तान विहान मल्होत्रा और वीके विनीत ने पारी को संभालने का प्रयास किया। चौथे ओवर में सलमान खान ने विहान मल्होत्रा (13) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अभिज्ञान कुंडु (12), मोहम्मद एनान (एक), कनिष्क चौहान (16), खिलन पटेल (29) और हेनिल पटेल (पांच) रन बनाकर आउट हुए। वीके विनीत ने भारतीय टीम के लिए सर्वाधिक 63 रनों की पारी खेली। उन्होंने 62 गेंदों का सामना करते हुए 11 चौके और एक छक्का भी लगाया। 31वें ओवर की दूसरी गेंद पर अब्दुल अजीज ने मोहम्मद मलिक (शून्य) को आउटकर 168 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। अफगानिस्तान के लिए अब्दुल अजीज, सलमान खान और रूहुल्लाह अरब ने तीन-तीन विकेट लिए। इससे पहले आज यहां भारत ए अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने भारतीय गेंदबाजों का जमकर सामना करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 233 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। कप्तान महबूब खान ने 82 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 50 रनों की पारी खेली। अजीजुल्लाह मिआखिल ने 65 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। खालिद (30), उजैरुल्लाह (18) रनों का योगदान दिया।

## डब्ल्यूबीबीएल के शेष मुकाबलों से जेमिमा रॉड्रिग्स बाहर



**मंधाना ने अपने टीम के साथी खिलाड़ी के साथ ही रहने का फैसला किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** डब्ल्यूबीबीएल के शेष सीजन के लिए वापस न लौटने के जेमिमाह रॉड्रिग्स के फ़ैसले को ब्रिस्बेन हीट ने स्वीकार कर लिया है, जिसका मतलब है कि भारतीय बल्लेबाज डब्ल्यूबीबीएल के मौजूदा सीजन के शेष चार मुक़ाबलों के लिए अपनी फ्रेंचाइजी के साथ नहीं जुड़ेंगी। हीट द्वारा जारी मीडिया रिलीज में बताया गया है कि रॉड्रिग्स, स्मृति मांधना के विवाह समारोह में शिरकत करने के लिए भारत लौटी थीं और मंधाना के पिता का स्वास्थ्य खराब होने के चलते उन्होंने भारत में अपनी टीम की साथी खिलाड़ी के साथ ही रहने का फ़ैसला किया है। फ्रेंचाइजी ने बताया कि उन्होंने रॉड्रिग्स के इस आग्रह को स्वीकार कर लिया है। ब्रिस्बेन हीट के सीईओ टेरी स्वेंसन ने अपने बयान में कहा कि निश्चित तौर पर यह जेमी के लिए चुनौतीपूर्ण समय है और साथ ही यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह डब्ल्यूबीबीएल में हिस्सा नहीं ले पाएंगी।

हम भारत में उनके रहने के अनुरोध को स्वीकार करने के लिए पूरी तरह से तैयार थे। हीट क्लब उन्हें और स्मृति मंधाना के परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है। जेमी वापस न लौट पाने से काफ़ी निराश थीं लेकिन उन्होंने परिस्थितियों को समझने के लिए क्लब और हीट के प्रशंसकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।

वह खिलाड़ियों के संपर्क में हैं और उन्होंने शेष मुक़ाबलों के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। रॉड्रिग्स 15 नवम्बर को हुए होबार्ट हरिकेन्स के खिलाफ़ मुक़ाबला खेलने के बाद भारत लौटी थीं। हीट को अभी भी इस सीजन अपनी पहली जीत का इंतजार है। रॉड्रिग्स इस सीजन दूसरी बार हीट के साथ जुड़ी थीं।

## भारत की हार के बाद पंत ने माफी मांगी



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत ने हाल ही में हुई टेस्ट सीरीज में नेशनल टीम के खराब प्रदर्शन के बाद गुरुवार को इंस्टाग्राम पर माफ़ी मांगी, और माना कि भारत ने 'पिछले दो हफ्तों में अच्छा क्रिकेट नहीं खेला' और उन्होंने मजबूत वापसी का वादा किया। पंत ने लिखा कि इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि हमने पिछले दो हफ्तों में अच्छा क्रिकेट नहीं खेला। एक टीम और एक व्यक्ति के तौर पर, हम हमेशा सबसे ऊंचे लेवल पर परफॉर्म करना चाहते हैं और अरबों भारतीयों के चेहरे पर मुस्कान लाना चाहते हैं। माफ करना, हम इस बार उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके, लेकिन खेल आपको सीखना, ढलना और आगे बढ़ना सिखाता है।

एक टीम और एक व्यक्ति के तौर पर भी। यह मैसेज भारत की दक्षिण अफ्रीका से घरेलू टेस्ट सीरीज में 2-0 से हार के बाद आया है, इस नतीजे की फैंस और पुराने खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है। भारत को दो बड़ी हार का सामना करना पड़ा, जिसमें टेस्ट इतिहास में रनों से उसकी सबसे बड़ी हार भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत को रिप्रेजेंट करना हमारी जदिगी का सबसे बड़ा सम्मान है। हम जानते हैं कि यह टीम क्या कर सकती है, और हम कड़ी मेहनत करेंगे, फिर से इकठा होंगे, फिर से फोकस करेंगे, और एक टीम और अकेले के तौर पर और मजबूत और बेहतर वापसी करने के लिए रीसेट करेंगे। अभी तक की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) विनर, दक्षिण अफ्रीका ने गुवाहाटी में दूसरे और आखिरी टेस्ट में एशियन जायंट्स को 408 रनों से हराया, जहां पंत, शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में भारत के स्टैंड-इन कैप्टन थे, जो गर्दन में ऐंठन के कारण बाहर हो गए थे। गुवाहाटी में यह हार टेस्ट क्रिकेट में रनों के मामले में भारत की सबसे बड़ी हार थी। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान असर डालने में नाकाम रहे। पंत ने चार इनिग्स में 12-25 के खराब औसत से सिर्फ 49 रन बनाए।

## जेस जॉनसेन ने डब्ल्यूपीएल नीलामी से लिया अपना नाम वापस

**सिडनी, वार्ता।** कंधे की तकलीफ से उबर रही ऑस्ट्रेलिया की जेस जोनासेन ने गुरुवार से शुरु हो रही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 की नीलामी से अपना नाम वापस ले लिया है। डब्ल्यूपीएल ने बुधवार को नीलामी से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जोनासेन के नीलामी से नाम वापस लेने की जानकारी फ्रेंचाइजी को दी। उन्होंने यह भी बताया है कि बैटर प्रतीक रावल, विकेटकीपर-बैटर यास्तिका भाटिया और सीमर वीजे जोशीथा सभी चोटिल हैं, हालांकि उनके नाम नीलामी पूल का हिस्सा हैं।

## गोवा एफसी एएफसी चैंपियंस लीग टू से हुआ बाहर

**इराक, वार्ता।** भारत का एफसी गोवा, इराक के अल-जवरा फुटबॉल क्लब के खिलाफ खेले गए ग्रुप डी के दूसरे मुकाबले में हारकर एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 से बाहर हो गया। जवरा स्टेडियम में बुधवार को खेले गए ग्रुप डी के दूसरे मैच मेंएफसी गोवा को अल-जवरा से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। आयुष छेत्री को रेड कार्ड मिलने के बाद कदीम राड ने 38वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद गोवा ने 51वें मिनट में दुर्गम इस्माइल के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया, लेकिन हसन अब्दुलकरीम ने 65वें मिनट में गोल करके मेजबान टीम को जीत दिला दी। इस जीत के साथ उसे तीन अंक हासिल हुए। एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 में अल-जवरा से गोवा की दूसरी हार ने फुटबॉल प्रतियोगिता से उसे बाहर कर दिया।

# निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण में 54.61 प्रतिशत डिजिटाइजेशन

## कम प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष जनजागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को दस्तावेज प्रदान करने को करें प्रेरितः डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को लेकर आज जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।



बैठक में जिलाधिकारी मनीष बसंल ने निर्वाचन कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए जानकारी दी कि जनपद में वर्तमान तक 51.61 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जहाँ प्रगति धीमी है, वहाँ मतदाता गणना पत्रक (फार्म एफ) बीएलओ को उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। इस संबंध में राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया कि वे अपने बीएलए के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित कर आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों को विधानसभा क्षेत्रवार बूथ-वार डिजिटाइजेशन प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई और अपेक्षा की गई कि वे कम प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष जनजागरूकता चलाकर मतदाताओं को दस्तावेज प्रदान करने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी मनीष बसंल ने बताया कि यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो वह फॉर्म-6 के माध्यम से नया नाम जुड़वा सकता है, वहीं संशोधन, नाम सुधार अथवा स्थानांतरण हेतु फॉर्म-6 जमा किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी मतदाता सूची को पूर्णतः अद्यतन, त्रुटिरहित और सटीक बनाने में राजनीतिक दलों का सहयोग महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डा. महेन्द्र सैनी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप राणा, महानग अध्यक्ष मनीश त्यागी, अपना दल के नेता राजकुमार पंवार, संजय कुमार, भाजना के योग चुग, कांगेंस के वरूरण षर्मा, सपा के चौ.अब्दुल गफूर बसपा के सुनीन प्रधान, आप के संजय कुमार जैन, सपा महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी आदि मौजूद रहे।

# मनोज कुमार यादव को मिला सर्वोत्तम क्षेत्राधिकारी सम्मान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी की ओर से आयोजित साप्ताहिक अपराध समीक्षा गोष्ठी में इस माह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय मनोज कुमार यादव को सर्वोत्तम क्षेत्राधिकारी सम्मान चिन्ह (शील्ड) प्रदान किया गया।

प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाली इस गोष्ठी में जनपद के राजपत्रित अधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन किया जाता है। अपराध नियंत्रण, प्रभावी पर्यवेक्षण, पुलिसिंग एवं जनसुरक्षा के आधार पर सम्मान हेतु अधिकारी का चयन किया जाता है। इस माह के मूल्यांकन में क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय मनोज कुमार यादव ने कुल 1000 में से 680 अंक अर्जित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके निर्देशन में अपराध नियंत्रण, बेहतर कानून-व्यवस्था और त्वरित पुलिस कार्रवाई को सराहनीय माना गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड भेंट करते हुए उत्कृष्ट कार्यशैली की प्रशंसा की और अन्य अधिकारियों को प्रेरणा लेने की बात कही।

# इकरा व नाहिद को सौंपी एसआईआर रिपोर्ट




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के कैराना ब्लाक प्रभारी फैसल सलमानी ने एसआईआर की विस्तृत रिपोर्ट सांसद इकरा हसन व विधायक नाहिद हसन को सौंप दी।

ब्लॉक स्तर पर सामने आई कुछ तकनीकी कमियों और प्रक्रियागत कमजोरियों को बताते हुए फैसल सलमानी ने कहा कि एसआईार से जुड़ी छोटी-छोटी बातों पर विशेष ध्यान जरूरी है ताकि हर पात्र नागरिक का वोट सही और समय पर बन सके। रिपोर्ट मिलते ही सांसद इकरा हसन और विधायक नाहिद हसन ने अपनी टीम को तत्काल दिशा-निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट कहा कि छोटी से छोटी त्रुटि को भी गंभीरता से सुधारें। सांसद इकरा हसन ने जनता से अपील की कि लो. कतंत्र में वोट का अधिकार सबसे बड़ी ताकत है, अपना वोट खुद जागरूक होकर बनवाएँ। किसी भी समस्या पर तुरंत हमसे संपर्क करें। उधर विधायक नाहिद हसन की टीम पूरे ब्लॉक में घर-घर जाकर वोटर फॉर्म भरवाने, गलतियाँ सुधारने और लोगों को जागरूक करने में जुटी है।

इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा, शुभम वर्मा, रवि यादव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है संविधानः डा. वाजिद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण , कुलपति प्रोफेसर जॉन फिनबे की प्रेरणा तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी के अनुप्रेरणा से आज संविधान दिवस बड़े गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ग्लोकल लॉ स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया। कार्यक्रम का संयोजन मिस शहनाज ने किया।






इस अवसर पर मुख्य वक्ता ग्लोकल लॉ स्कूल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद वाजिद खान ने संविधान की मूल भावना, नागरिक कर्तव्यों और भारतीय लोकतंत्र की विशेषताओं पर अत्यंत प्रभावशाली व प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारतीय समाज की विविधता, समावेशिता और न्याय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद शाहिद ने सधे और प्रभावपूर्ण अंदाज में किया, जिन्होंने पूरे आयोजन को व्यवस्थित और संवादी बनाए रखा। इस अवसर पर छात्रा अलीना राशिद ,आयशा कुरैशी और फायजा राव ने भी अपने विचार अभिव्यक्त किए।

संविधान दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी छात्रों और अध्यापकों को छात्र कल्याण अधिष्ठाता और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शोभा त्रिपाठी द्वारा 'संविधान की शपथ' दिलाई गई, जिसमें सभी ने संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखने और उसके मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को कार्यक्रम अधिकारी एवं कुलानुशासक जमीरुल इस्लाम ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर अध्यापकगण और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

ग्लोकल विश्वविद्यालय परिवार ने संविधान दिवस को सामाजिक जागरूकता, नागरिक दायित्व और राष्ट्रनिर्माण की भावना के साथ मनाया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और सामाजिक प्रतिबद्धताओं का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने युवक पर छेड़छाड़ करने तथा बेटे द्वारा विरोध किए जाने पर धारदार हथियारों से हमला करने का आरोप लगाया।

मिली जानकारी के अनुसार चिलकाना क्षेत्र के गांव बरथाकायस्थ निवासी एक विधवा महिला ने गांव के ही एक युवक पर आरोप लगाते हुए बताया है कि विपक्षी युवक ने उसके घर में घुसकर महिला के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। महिला द्वारा युवक की हरकतों का विरोध किया गया, लेकिन वह नहीं माना, जिसके विरोध में महिला द्वारा शोर मचाया गया।

**महिला ने लगाया आरोप, थाने में तहरीर देकर की कार्यवाही की मांग**

महिला की चीख-पुकार सुनकर उसका बेटा वहां आया और विपक्षी की हरकतों का विरोध किया। आरोप है कि उस समय तो विपक्षी युवक वहां से चला गया लेकिन कुछ देर बाद अपने साथ अपने चार बेटों सहित पांच युवकों को लेकर आया ओर आते ही पीड़िता के बेटे पर हमला कर दिया, जिससे पीड़िता का बेटा जख्मी हो गया। पीड़िता ने थाना पर तहरीर देकर विपक्षियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# 31 बीएलओ सहायकों को हटाने के मामले ने तूल पकड़ा

## नकुड एसडीएम से मिले सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा, पूछा कारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नकुड़ विधानसभा क्षेत्र के सरसावा ब्लॉक में समुदाय विशेष के 31 बीएलओ सहायकों को बिना किसी कारण अचानक सूची से हटाए जाने का मामला तूल पकड़ गया है। इस गंभीर प्रकरण को लेकर सपा के कद्दावर नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाड़ा ने उपजिलाधिकारी नकुड़ से मिलकर कारण जानने की मांग की है। उन्होंने पूरे प्रकरण को सत्ता के दबाव में की गई संदिग्ध छेड़छाड़ बताया है।



गुरुवार को फरहाद आलम गाड़ा अपने समर्थकों संग एसडीएम कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने बताया कि 20 नवंबर को तहसील प्रशासन द्वारा इसव की सहायता के लिए सरकारी स्कूलो के अध्यापको को नियुक्त किया और एक सूची जारी की गई थी।लेकिन 26 नवंबर को एक नई सूची जारी करते हुए इनमें से एक विशेष समुदाय के 31 सहायकों के नाम हटाकर दूसरे समुदाय के सहायकों को शामिल करने के आरोप लगाए हैं। आरोप हे न तो इन साहयको के काम मे कोई कमी थी और न ही इन्होने अपनी ड्यूटी कटवाने की अर्जी दी

आरोप है कि यह बदलाव किसी त्रुटि के कारण नहीं बल्कि सोची समझी साजिश तथा राजनीतिक दबाव का परिणाम है। फरहाद आलम ने कहा कि मामले की शिकायत जिलाधिकारी के माध्यम से चुनाव आयोग को भेजी जाएगी, इतना ही नहीं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी इससे अवगत कराया जाएगा। उन्होंने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि दाल में कुछ काला नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली दिखाई दे रही है।

इस दौरान शादाब दिलशाद, उस्मान, अनस प्रधान, शमीम अंसारी, यूसुफ अहमद, नसीम सलमानी, शादाब नंबरदार, इकराम ठेकेदार, अबूबकर, हसीब, अहकाम, इनाम सहित कई समर्थक मौजूद रहे।

# बसपा के जिलाध्यक्ष बनाए गए रजनीश बंधु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो सुश्री मायावती ने युवाओं को तरजीह देते हुए रजनीश बंधु को जिलाध्यक्ष मना. ेनीत किया है।



निवर्तमान जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह से दायित्व हटाते हुए रजनीश बन्धु को बहनजी ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। आगामी चुनावों को देखते हुए संगठन में फेरबदल कर मजबूती करने की कवायद नेतृत्व के स्तर से लगातार जारी है। नवमना. ेनीत जिलाध्यक्ष रजनीश बंधु ने बहनजी के साथ-साथ नेशनल कोर्डिनेटर रणधीर बेनीवाल समेत सभी पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि बहनजी ने जो जिम्मेदारी दी है उसका बखूबी निर्वाहन किया जायेगा।

**कहा- मिली जिम्मेंदारी को पूरी निष्ठा से निभाया जाएगा**

उन्होंने कहा कि संगठन मेरे लिये सर्वोपरि है।

## रैली निकाली

**तीतरों।** अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के उपलक्ष में दीपालय संस्था की ओर से रैली निकाल कर महिलाओं के प्रति हिंसा नहीं करने की अपील की गई। रैली को हरी झंडी दिखाकर प्रधानाचार्य गोगिल कुमार त्यागी ने रवाना किया।

इससे पूर्व उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाएं आगे आ रही है और अपना मुकाम खुद तय कर रही हैं लेकिन इसके बावजूद भी कुछ लोग महिलाओं के प्रति हिंसा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। आज 21वीं सदी में भी महिलाओं को हिंसा का शिक. ार होना पड़ रहा है।

अवनी, सांची, अवनी शर्मा, रुद्रिका, पारुल, अनुष्का, सफिया, परी, विदुषी, अंशिका, नंदिनी नंदिनी, मेघा, पीहू, गुंजन, उर्वशी, शगुन, रिया, सौम्या, वंशी चौहान, सोनम, अवि, पंकज चौधरी, रेनू, अंजना, कीर्ति, रितु, छाया, सोनिया, कोमल, आकांक्षा, सुजाता, हंस कुमार आदि उपस्थित रहे।

# खिलाड़ियों ने मनाया ब्रूसली का जन्मदिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्रूस ली मार्शल आर्ट्स अकैडमी द्वारा विश्व विख्यात मार्शल आर्टस सम्राट ब्रूसली का 85 वां जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। साथ ही सिने स्टार धर्मेंद्र के निधन पर मौन धारण किया गया।



शांति नगर एकेडमी परिसर में एकेडमी अध्यक्ष नंदकिशोर के साथ कोषाध्यक्ष श्रीमती रीटा अनुराधा, सुरेश कुमार, पुष्कर सिंह पुन्डीर एवं मार्शल आर्ट्स खिलाड़ियों ने ब्रूस ली के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। नंदकिशोर ने कहा कि जूडो कराटे कुंग फू मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ियों के दिलों में ब्रूसली आज भी बसे हुए हैं। बालक व बालिकाएं वह बच्चे इस सेल्फ डिफेंस विद्या को जरूर सीखे जिससे वह अपने एवं अपने परिवार व देश की आत्मरक्षा कर सकें। इसके साथ-साथ वह अपना व्यायाम कर निरोगी काया भी रख सकते हैं।

इस अवसर पर गणेश, कार्तिक, प्रेरणा, राधिका, जाकिया, योगेश प्रताप सिंह, विनायक, पुष्कर सिंह पुंडीर, ब्लैक बेल्ट अंशिका, निधि, साक्षी, अंशिका, देव, भावना, आकांक्षा, सागर, गीता, सुमन, दर्शना, बबली आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मेयर डा.अजय ने पत्नी रीटा संग कराया भूमि पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री साईं सिद्ध पीठ मंदिर में आज श्री साईं बाबा की कृपा एवं पीठाधीश्वर पंडित आशुतोष वशिष्ठ महाराज के सानिध्य में तथा पंडित आनंद मिश्रा के सहयोग से श्री महाकाल, पंचमुखी हनुमान जी एवं श्री खाटू श्याम की भव्य मूर्तियों की स्थापना हेतु भूमि पूजन विधिवत सम्पन्न हुआ।



बेहट रोड स्थित श्री साईं सिद्ध पीठ मंदिर मेंआज मुख्य यजमान महापौर डॉ. अजय सिंह एवं धर्मपत्नी श्रीमती रीटा सिंह द्वारा विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना एवं नींव में ईंट स्थापित की गई। मंदिर ट्रस्टी विनीत कर्णवाल ने बताया कि यहां शीघ्र ही एक भव्य मंदिर का निर्माण होगा, जिसमें स्थापित होने वाली प्रतिमाएं जयपुर से मंगाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर के पूर्ण निर्माण के बाद इसका स्वरूप अत्यंत भव्य एवं श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। पूजन उपरांत आयोजित हवन में मुख्य रूप से ट्रस्टी विनीत कर्णवाल, अलका कर्णवाल, राजीव शर्मा, राजीव सेतिया, अजय जैन, आशु जैन, डॉ. ट.ज्ञ. शर्मा, अमित चौरसिया, राकेश सिंह, वसुधा वशिष्ठ, पं. युवराज वशिष्ठ, पं. आद्यांश वशिष्ठ, जे.पी. बंसल, गुलशन क्वात्रा, देवांश जैन, टोनी राणा, राजवीर सैनी, राजीव भरतरी, दिनेश जायसवाल सहित अनेक भक्तों ने सहभागिता की। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं द्वारा कलश पूजन कर नींव पूजन किया गया।मंदिर ट्रस्टी विनीत कर्णवाल ने बताया कि यहां शीघ्र ही एक भव्य मंदिर का निर्माण होगा, जिसमें स्थापित होने वाली प्रतिमाएं जयपुर से मंगाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर के पूर्ण निर्माण के बाद इसका स्वरूप अत्यंत भव्य एवं श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। कार्यक्रम के सभी भक्तों ने श्रद्धा भाव से भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# दिव्यांग बच्चों को कराई एक्सपोजर विजिट




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समेकित शिक्षा के अंतर्गत परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु ब्लॉक पुवारका, बलियाखेड़ी एवं नगर सहारनपुर के दिव्यांग बच्चों का एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल के कुशल निर्देशन एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अरविंद कुमार सिंह के संयोजन में कार्यक्रम के तहत हरियाणा प्रदेश के जनपद कुरुक्षेत्र मे दिव्यांग बच्चों हेतु एक्सपोजर विजिट कराया गया। बच्चों को ज्ञानवर्धक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक स्थलों एवं पिपली चिड़ियाघर एवं ब्रहमसरोवार का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न स्थलों का अवलोकन किया और इतिहास, विज्ञान एवं संस्कृति की जानकारी प्राप्त की इस तरह के भ्रमण कार्यक्रम इनके आत्मविश्वास और सीखने की इच्छा को नई दिशा देते है, हमारा उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को जीवन के हर क्षेत्र में अवसर देना है। जब ये बच्चे इतिहास, विज्ञान और संस्कृति को स्वयं देखकर सीखते हैं, तो उनमें समाज से जुड़ने और आगे बढ़ने की प्रेरणा जागती है।

इस कार्यक्रम ने यह साबित किया कि समेकित शिक्षा के प्रयास न केवल शिक्षण तक सीमित हैं। विजिट मे मीनू, पूनम, कमलेश कुमार यादव, चन्द्रमणि रुहेला, प्रमोद सिंह, शशिकांत प्रसाद सिंह उपस्थित रहे।

# उद्यमियों ने प्रदेश सरकार के निर्णय का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा प्रदेश सरकार एवं विभिन्न मंचों पर उद्योगों की स्थापना व विस्तार हेतु- औद्योगिक विकास के लिए भूमि एमएसएमई उद्योगों को त्वरित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्लग एंड प्ले मॉडल नीति के अंतर्गत औद्योगिक शेड की स्थापना, भूमि सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने तथा नीलामी की बजाय लॉटरी प्रणाली से औद्योगिक भूखण्ड आवंटित किए जाने के संबंध में निरंतर मांग उठाता आ रहा ताकि वास्तविक उद्यमियों को अवसर प्राप्त हो सके। हमारी इन मांगों को संज्ञान में लेते हुए प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी एवं एमएसएमई मंत्री राकेश सचान एवं राज्यमंत्री औद्योगिक विकास जसवंत सैनी द्वारा विभिन्न औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में औद्योगिक शेड, लॉटरी के माध्यम से औद्योगिक भूखण्डों के आवंटन एवं भूमि की लागत को व्यवहारिक रूप से कम किए जाने की घोषणा की गई है। इस दूरदर्शी निर्णय का इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) हृदय से स्वागत करता है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी ने कहा कि इस निर्णय से सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को बड़ी राहत मिलेगी और वे अपनी पूंजी मशीनरी तथा कार्यशील पूंजी में निवेश कर सकेंगे। वहीं, चौप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने इसे पारदर्शी और उद्योगों को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। कन्वीनर पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र अनुज कुमार जैन तथा यूपीसीडा और आयुष विभाग के कन्वीनर शिवम गोयल ने भी इस पहल को निवेश और औद्योगिक विस्तार के लिए महत्वपूर्ण बताया। आईआईए ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान तथा राज्यमंत्री जसवंत सैनी के इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।









# अश्लील कमेंट पर 'कमेंट'

सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया और ओटीटी पर आपत्तिजनक कमेंट के नियमन को लेकर नाराजगी जताई और सरकार से चार हफ्तों में जवाब देने को कहा है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत मिश्रा ने कहा कि अश्लीलता कहीं भी हो सकती है, किताब में भी, पेंटिंग में भी, अगर कहीं इसको लेकर नीलामी होती है, तो भी पाबंदियां होनी चाहिए। अदालत का तर्क था कि हम जाहिर है, एक सुझाव दे रहे हैं। एक समिति का गठन होना चाहिए, जो विशेषज्ञों का एक समूह हो सकता है। इसमें न्यायपालिका और मीडिया से भी कोई शामिल हो सकता है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर कुछ सामने आने दें और अगर इससे अभिव्यक्ति की आजादी बाधित होती है, तो उस पर विचार किया जा सकता है। हमें एक जिम्मेदार समाज बनाने की जरूरत है और एक बार ऐसा हो जाए, तो ज्यादातर समस्याएं हल हो जाएंगी। ये सुप्रीम कोर्ट में शायद पहला मामला आया हो, लेकिन से सही है कि अश्लील कमेंट आम लोगों को अपराध करने को उत्साहित करते हैं, जिस पर रोक लगाना जरूरी है। अभी तक इस पर न तो कोई कानून बना और न ही सभ्य समाज इन्हें बर्दाश्त करता है। अलबत्ता बीएनएस की धाराओं में कुछ ऐसा कहा गया है कि अश्लील कमेंट करने वालों को सजा दी जाएगी। ये अश्लील कमेंट समाज में एक नासूर की तरह हैं, जिनका इलाज बहुत जरूरी है, क्योंकि हमारे संविधान में सभी को अपनी जिंदगी जीने का मार्ग प्रशस्त है, लेकिन जब आम जिंदगी में कोई अवरोध पैदा होता है, तो आम इंसान ही अपराधी बन जाता है। अश्लील कमेंट के बहुत कम केस ही पुलिस के पास जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद यह सिलसिला नहीं रुक रहा। आखिरकार जब आम आदमी को न्याय नहीं मिलता, तो उसकी मंजिल कोर्ट की ओर जाती है। इसीलिए इसमें कोर्ट को सख्त होना पड़ा, क्योंकि वहीं से उम्मीद जताई गई है कि इस पर सरकार कोई कानून बनाएगी और इस नासूर का इलाज कर पाएगी। क्योंकि यह तेजी से फैलने की क्षमता रखता है। सोशल मीडिया के लिए यह और भी अस्पष्ट है, क्योंकि यह सीमाओं को पार कर वैश्विक हो जाता है। बेशक, अधिकारों का गला घोंटने का विचार नहीं है, लेकिन अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ कंटेंट को व्यवस्थित करने की बेहद शक्ति है। मुख्य न्यायाधीश कांत ने कहा कि जब ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था । एक्स पर एक व्यक्ति था, उसने आकर पोस्ट किया कि मैं पाकिस्तान के साथ हूं। फिर उसने कहा कि उसने एक घंटे बाद पोस्ट हटा दिया, तो क्या हुआ? नुकसान तो हो ही चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को उपयोगकर्ता-जनित सामग्री, सोशल मीडिया/ओटीटी सामग्री से निपटने के लिए नियम बनाने हेतु चार हफ्ते का समय दिया। आम आदमी के अंदर उठ रहे गंदे और अश्लील विचारों को कैसे रोका जाए। इसके लिए कुछ बातों का जानना बहुत जरूरी है। जैसे अश्लील और नकारात्म विचार न केवल हमारे मानसिक शांति को भंग करते हैं, बल्कि हमारे आत्मिकता और रिश्तों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। आजकल अश्लीलता बहस का एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। सोशल मीडिया हो, मुख्य धारा की सिनेमा हो या फिर बेवसीरीज हर जगह इसे सामान्य रूप से देखा जा रहा है। पर इस के बारे में कानून क्या कहता है? क्या अश्लीलता रोकने के लिए कोई कानूनी है? अगर है तो क्या यह पर्याप्त है? उससे भी बड़ी बात यह कि अश्लीलता है क्या? हालांकि अश्लीलता को कानून ने पारिभाषिक रूप से 'महिलाओं का अशिष्ट चित्रण' का नाम देकर उसे परिभाषित करने का प्रयास किया है, पर इस बारे में सबसे बड़ी व्यावहारिक समस्या यह है कि यह एक व्यक्तिगत चीज है। किसी व्यक्ति को कोई चीज अश्लील या अशिष्ट लग सकती है जबकि दूसरे को नहीं।

## लोग हताश होकर नौकरी छोड़ने को मजबूर



भाजपा सरकार सत्ता के अहंकार में इस भ्रम में है कि काम के दबाव में किसी की मृत्यु होने पर न तो वे अपनी व्यवस्था सुधारेंगे, न ही कोई मुआवजा देंगे, चुनाव आयोग से अपील है कि मृतक आश्रितों को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए, समाजवादी पार्टी मृतक आश्रितों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी, बीएलओ भाई-बहनों पर एसआईआर का अव्यावहारिक एवं असंभव लक्ष्य थोपकर जो अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, वह अत्यंत निंदनीय और घोर आपत्तिजनक है, भाजपा राज में कर्मचारियों को प्रताड़ना, दबाव और अशांति के अलावा कुछ नहीं मिला है, भाजपा ने नई नौकरियां नहीं दीं और जो मौजूदा व्यवस्थाएं हैं, उन्हें इतना कठिन बना दिया है कि लोग हताश होकर नौकरी छोड़ने को मजबूर हों। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# सदैव आकर्षण का केंद्र रहा है लाल ग्रह





**योगेश कुमार गोयल**

**मंगल ग्रह के चारों ओर कोई वलय नहीं हैं। कई अध्ययनों से पता चल चुका है कि मंगल ग्रह पृथ्वी की स्थलाकृति से काफी मिलता-जुलता है। मंगल ग्रह पर पृथ्वी की तरह अलग-अलग मौसम हैं लेकिन वे पृथ्वी पर मौसम की तुलना में अधिक समय तक रहते हैं। चूंकि मंगल ग्रह के बहुत से गुण पृथ्वी की तरह ही हैं, इसीलिए पृथ्वी के पर्यावरण की तरह मंगल के पर्यावरण को समझकर यह माना जाता है कि बहुत साल पहले मंगल ग्रह पर भी जीवन संभव हुआ होगा और यह भी माना जाता है कि भविष्य में भी मंगल ग्रह पर जीवन संभव है। सूर्य से बहुत दूर होने के कारण मंगल की कक्षा पूरी होने की गति बहुत धीमी है और इसी कारण मंगल ग्रह पर एक वर्ष में करीब 687 दिन बीतेंगे, जो पृथ्वी पर एक वर्ष से लगभग दोगुना समय है। सूर्य के चारों ओर एक चक्कर पूरा करने में मंगल ग्रह को 1.88 पृथ्वी वर्ष लगते हैं। मंगल ग्रह का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव पृथ्वी का करीब एक-तिहाई है और गुरुत्वाकर्षण के विभिन्न खिंचाव के परिणामस्वरूप ही यदि किसी व्यक्ति का वजन पृथ्वी पर सौ पाउंड है तो अंतरिक्ष में उसका वजन केवल 38 पाउंड ही होगा।**

वैसे तो रात होते ही आसमान में बहुत सारे तारे टिमटिमाते नजर आते हैं लेकिन इंसानों के लिए पृथ्वी के बगल में सदा से ही आकर्षण का केन्द्र रहा एक खूबसूरत लाल ग्रह मौजूद है, जिसे रेड प्लेनेट अथवा मंगल के नाम से जाना जाता है।

मंगल ऐसा ग्रह है, जो रात के समय लाल रंग का दिखाई देता है। इसी लाल ग्रह के बारे में और अधिक जानने के लिए प्रतिवर्ष 28 नवम्बर को लाल ग्रह दिवस (रेड प्लेनेट डे) मनाया जाता है। यह दिवस 28 नवम्बर 1964 को नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) द्वारा अंतरिक्ष यान मेरिनर-4 के प्रक्षेपण की याद में मनाया जाता है, जो कई असफल मिशनों के बाद मंगल ग्रह पर उतरने वाला पहला अंतरिक्ष यान था। करीब आठ महीने की यात्रा करने के बाद यह अंतरिक्ष यान 14 जुलाई 1965 को लाल ग्रह पर पहुंचा था। 28 नवम्बर 1964 को नासा ने जब पहली बार मेरिनर-4 रोबोटिक इंटरप्लेनेटरी प्रो लांच किया था, तब अनौपचारिक छुट्टी की घोषणा की गई थी और सभी ने नासा की इस सफलता को उत्साहपूर्वक मनाया था। मेरिनर-4 को फ्लाई-बाय के दौरान डेटा एकत्र करने, ग्रहों की खोज और मंगल ग्रह के वैज्ञानिक अवलोकन को सक्षम करने तथा उस डेटा को पृथ्वी पर लोगों को वापस रिले करने के लिए बनाया गया था। अपने 228 दिनों के सफर को सफलतापूर्वक तय करने के बाद मेरिनर-4 पहला ऐसा स्पेसक्राफ्ट बना था, जिसे नासा द्वारा मंगल ग्रह पर सफलतापूर्वक उतारा गया था। उसी स्पेसक्राफ्ट ने मंगल ग्रह की तस्वीरें पहली बार दुनिया के सामने प्रस्तुत की थी।


अब तक 14 मंगल मिशन सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जहां मानव निर्मित वस्तुएं इस ग्रह पर उतरी। भारत भी इसरो के जरिए मंगल ऑर्बिट तक पहुंचने के अपने मंगल मिशन में सफल हो चुका है। मंगल को जानने के लिए अब तक दुनियाभर में शुरू किए गए दो तिहाई अभियान असफल रहे हैं लेकिन भारत 24 सितम्बर 2014 को मंगल पर पहुंचने के साथ ही विश्व में अपने पहले ही प्रयास में सफल होने वाला पहला देश तथा सोवियत रूस, नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बाद मंगल पर पहुंचने वाला दुनिया का चौथा देश बना था। सूर्य से चौथा ग्रह लाल ग्रह यानी मंगल है और मंगल तथा पृथ्वी का गहरा संबध माना जाता रहा है। मंगल ग्रह पृथ्वी के आकार का लगभग आधा है और अपने साथी स्थलीय ग्रहों की ही तरह इसमें भी एक केन्द्रीय कोर, एक चट्टानी आवरण और एक ठोस परत है। धूल भरी, ठंडी, रेगिस्तानी दुनिया में इसका वातावरण बहुत पतला है। मौसमों, ध्रुवीय बर्फ की चोटियों, घाटियों, विलुप्त ज्वालामुखी और इस बात के प्रमाण होने के साथ-साथ कि यह एक समय और भी अधिक सक्रिय था, मंगल एक गतिशील ग्रह है। पृथ्वी की तुलना में सूर्य से अधिक दूरी के कारण, मंगल ग्रह पर ऐसे मौसम का अनुभव होता है, जो अत्यधिक तापमान से बना होता है और तापमान -191 डिग्री फारेनहाइट से 81 डिग्री तक जा सकता है। लाल ग्रह के बारे में जानने के लिए कई एस्ट्रोनॉमी क्लब की भी शुरुआत की गई है, जो मंगल ग्रह से जुड़ी जानकारियों को एक-दूसरे से बांटने का काम करते हैं।

मंगल ग्रह के चारों ओर कोई वलय नहीं हैं। कई अध्ययनों से पता चल चुका है कि मंगल ग्रह पृथ्वी की स्थलाकृति से काफी मिलता-जुलता है। मंगल ग्रह पर पृथ्वी की तरह अलग-अलग मौसम हैं लेकिन वे पृथ्वी पर मौसम की तुलना में अधिक समय तक रहते हैं। चूंकि मंगल ग्रह के बहुत से गुण पृथ्वी की तरह ही हैं, इसीलिए पृथ्वी के पर्यावरण की तरह मंगल के पर्यावरण को समझकर यह माना जाता है कि बहुत साल पहले मंगल ग्रह पर भी जीवन संभव हुआ होगा और यह भी माना जाता है कि भविष्य में भी मंगल ग्रह पर जीवन संभव है। सूर्य से बहुत दूर होने के कारण मंगल की कक्षा पूरी होने की गति बहुत धीमी है और इसी कारण मंगल ग्रह पर एक वर्ष में करीब 687 दिन बीतेंगे, जो पृथ्वी पर एक वर्ष से लगभग दोगुना समय है। सूर्य के चारों ओर एक चक्कर पूरा करने में मंगल ग्रह को 1.88 पृथ्वी वर्ष लगते हैं। मंगल ग्रह का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव पृथ्वी का करीब एक-तिहाई है और गुरुत्वाकर्षण के विभिन्न खिंचाव के परिणामस्वरूप ही यदि किसी व्यक्ति का वजन पृथ्वी पर 100 पाउंड है तो अंतरिक्ष में उसका वजन केवल 38 पाउंड ही होगा। यह जानना भी बहुत दिलचस्प है कि मंगल ग्रह को लाल ग्रह क्यों कहा जाता है? दरअसल यह आकाश में एक लाल सितारे के रूप में दिखाई देता है और इसकी सतह भी महीन रेत और आयरन ऑक्साइड से भरी धूल से ढ़की हुई होती है। मंगल ग्रह की सतह पर पाए जाने वाले तत्वों के कारण ही यह ग्रह लाल रंग का है। नासा के मुता. बिक मंगल की सतह पर आयरन ऑक्साइड की बहुत अधिक मात्रा में मौजूदगी है और वैज्ञानिकों के अनुसार जिस प्रकार ऑक्सीजन तथा नमी के सम्पर्क में आने पर पृथ्वी पर लोहे की वस्तुओं पर जंग लग जाती है, ठीक उसी प्रकार मंगल की मिट्टी में मौजूद लौह खनिज में जंग लग गया है और उसी कारण यह लाल नजर आती है। मंगल की सतह पर काफी मात्रा में लोहा है और जब यह ऑक्सीजन के अणुओं के साथ क्रिया करता है तो आयरन ऑक्साइड बनाता है, जिसे आम भाषा में जंग लगना भी कहते हैं। पृथ्वी अपने वायुमंडल के कारण नीले रंग की दिखाई देती है लेकिन मंगल का जंग जैसा लाल रंग इसकी मिट्टी में ऑक्सीकृत लोहे के कारण आता है। नासा के मुता. बिक मंगल ग्रह पर बहुत सारी चट्टानें लोहे से भरी हुई हैं और जब वे बाहरी वातावरण के सम्पर्क में आती हैं तो ऑक्सीकरण करती हैं और लाल हो जाती हैं। जब उन चट्टानों से जंग लगी धूल वायुमंडल में फैलती है तो इससे मंगल ग्रह का आकाश लाल या गुलाबी दिखने लगता है। आयरन ऑक्साइड अथवा आयरन रस्ट की मात्रा बहुत ज्यादा होने के कारण ही मंगल ग्रह लाल रंग का दिखाई देता है और इसीलिए इसे लाल ग्रह कहा जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अब खून बताएगा थकान की असली वजह

CFS दुनियाभर में लगभग 1.7 से 2.4 करोड़ लोगों को प्रभावित करता है, लेकिन कोई निश्चित जांच न होने के कारण इसे अक्सर पहच. ाना नहीं जाता या अन्य बीमारियों के साथ जोड़ लिया जाता है। मरीज न केवल अत्यधिक थकान से जूझते हैं, बल्कि बदन दर्द, नींद की समस्याएं और एकाग्रता में कठिनाई का सामना भी करते हैं। डॉ. दिमित्रि पीशेजेत्स्की की शोध टीम ने एक विशेष एपिजेनेटिक परीक्षण का इस्तेमाल किया, जिससे यह पता लगाया गया कि प्रतिरक्षा कोशिकाओं के अंदर डीएनए कैसे व्यवस्थित होता है। 47 गंभीर मरीजों और 61 स्वस्थ लोगों के रक्त नमूनों की तुलना में इस परीक्षण ने 96 प्रतिशत मामलों में सही पहचान की, जिससे इसके भविष्य में शक्तिशाली नैदानिक विधि बनने की संभावना है।



वैज्ञानिक अब खून की एक सरल जांच विकसित करने के करीब हैं, जिससे क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम CFS या मायाल्जिक एन्सेफेलोमेलाइटिस ME का निदान आसानी से किया जा सकेगा। ब्थ्ै की वजह से लाखों लोग वर्षों तक लगातार थकान और ऊर्जा की कमी से पीड़ित रहते हैं। ब्रिटेन स्थित युनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंग्लिया के शोधकर्ताओं के नए अध्ययन में पाया गया कि ME/CFS से पीड़ित लोगों की रक्त कोशिकाओं में एपिजेनेटिक बदलाव होते हैं। ये ऐसे रासायनिक परिवर्तन हैं जो जीन के काम करने के तरीके को प्रभावित करते हैं, हालांकि जीन की संरचना में कोई बदलाव नहीं होता। दशकों से पहेली बनी इस बीमारी के निदान के लिए यह खोज एक भरोसेमंद परीक्षण विकसित करने में मदद कर सकती है।

गौरतलब है कि CFS दुनियाभर में लगभग 1.7 से 2.4 करोड़ लोगों को प्रभावित करता है, लेकिन कोई निश्चित जांच न होने के कारण इसे अक्सर पहचाना नहीं जाता या अन्य बीमारियों के साथ जोड़ लिया जाता है। मरीज न केवल अत्यधिक थकान से जूझते हैं, बल्कि बदन दर्द, नींद की समस्याएं और एकाग्रता में कठिनाई का सामना भी करते हैं। डॉ. दिमित्रि पीशेजेत्स्की की शोध टीम ने एक विशेष एपिजेनेटिक परीक्षण का इस्तेमाल किया, जिससे यह पता लगाया गया कि प्रतिरक्षा कोशिकाओं के अंदर डीएनए कैसे व्यवस्थित होता है। 47 गंभीर मरीजों और 61 स्वस्थ लोगों के रक्त नमूनों की तुलना में इस परीक्षण ने 96 प्रतिशत मामलों में सही पहचान की, जिससे इसके भविष्य में शक्तिशाली नैदानिक विधि बनने की संभावना है।

अध्ययन में पाया गया कि जीन और एपिजेनेटिक स्तर पर बदलाव प्रतिरक्षा और शोथ प्रतिक्रिया से जुड़े हैं, जो ME/CFS में प्रतिरक्षा प्रणाली के असंतुलन का संकेत देते हैं। यह बदलाव नॉन-कोडिंग डीएनए में पाए गए, जो प्रोटीन नहीं बनाते बल्कि अन्य जीन के चालू या बंद होने को नियंत्रित करते हैं। यह अध्ययन एक बड़ी सफलता है, लेकिन विशेषज्ञों ने और शोध की आवश्यकता जताई है। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी की डॉ. केटी ग्लास, जो स्वयं कभी ME/CFS से पीड़ित रही हैं, ने इसे सराहा लेकिन कहा है कि यह अध्ययन बहुत छोटे स्तर पर हुआ है, इसलिए इसे अभी निदान के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता। फिर भी यह लंबे समय से इस अबूझ बीमारी से जूझ रहे लाखों लोगों के लिए उम्मीद जगाती है।

**स्रोत फीचर्स**

# गाजा का पुनर्निर्माण: वैज्ञानिकों की क्या है भूमिका

गाजा में हालिया युद्धविराम की घोषणा के बाद एक ओर तो लोग खुशियां मना रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक फिलिस्तीन के स्थानीय वैज्ञानिक, शिक्षक और योजनाकार पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी नहीं संभालते, तब तक गाजा को फिर से खड़ा करना मुश्किल होगा। यह चेतावनी उन शोधकर्ताओं की है जो युद्ध के बाद पुनर्निर्माण और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में काम करते हैं। उनका मानना है कि यदि यह काम विद. ेशी संस्थाओं या सरकारों के हाथों में दिया गया, तो पहले जैसी गलतियां दोहराई जा सकती हैं और असली जानकार यानी जो अपनी जमीन और समाज की जरूरतों को समझते हैं वे पीछे रह जाएंगे।

गौरतलब है कि अमेरिका द्वारा तैयार और इस्राइल द्वारा मंजूर की गई योजना के तहत, हमास द्वारा अपने हथियार डालने, बंधकों को रिहा करने और राजनीति से पीछे हटने की उम्मीद है। बदले में इस्राइल अपनी सैन्य कार्रवाई रोकने, सेना को गाजा से हटाएगा, मानवीय सहायता बढ़ाने और संयुक्त राष्ट्र को क्षेत्र में काम करने की अनुमति देगा। हालांकि इस योजना में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि गाजा का पुनर्निर्माण कैसे होगा और उससे भी महत्वपूर्ण कि कौन करेगा।

अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इस्राइल के सैन्य अभियान ने गाजा को पूरी तरह तबाह कर दिया। अगस्त के अंत तक सहायता पर लगे प्रतिबंधों के कारण लोगों को खाने की भारी कमी का सामना करना पड़ा। एक स्वतंत्र समिति की रिपोर्ट के अनुसार, पांच लाख से अधिक लोग भुखमरी से जूझ रहे हैं। वहीं, दी लैंसेट की रिपोर्ट के अनुसार पांच साल से छोटे लगभग 55,000 बच्चे गंभीर कुपोषण का शिकार हैं। मानव संसाधन के स्तर पर भी स्थिति बहुत खराब है। 2200 से अधिक डॉक्टर्स, नर्सें और शिक्षक मारे जा चुके हैं। युनेस्को के अनुसार, लगभग 80 प्रतिशत विश्वविद्यालय और कॉलेज या तो क्षतिग्रस्त हो गए हैं या पूरी तरह ढह गए हैं, जिससे करीब 88,000 विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी है। दक्षिण अफ्रीका स्थित नेल्सन मंडेला यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता सावो हेलीटा का अनुमान है कि युद्ध में गाजा के उच्च शिक्षा क्षेत्र को लगभग 222 मिलियन डॉलर (1950 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ है। उनका कहना है कि इसे दोबारा खड़ा करने में करीब एक अरब डॉलर लग सकते हैं, क्योंकि निर्माण से पहले मलबा हटाना और बमों को निष्क्रिय करना होगा। इस काम के लिए आवश्यक सहायता राशि मुख्य रूप से खाड़ी देशों और तुर्की से मिलने की संभावना है। हालांकि पहले के वर्षों में फिलिस्तीनी विश्वविद्यालयों को सालाना लगभग 20 मिलियन डॉलर की बहुत कम आर्थिक सहायता मिलती थी। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि पुनर्निर्माण केवल इमारतों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसके साथ में ऑनलाइन शिक्षा को जारी रखना होगा, विद्यार्थियों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा और गाजा के शोधकर्ताओं को दुनिया के शैक्षणिक समुदाय से दोबारा संपर्क बनाना होगा। चूंकि गाजा के अधिकांश विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की फीस पर निर्भर हैं, ऐसे में सुझाव है कि अंतर्राष्ट्रीय



सहायता से फीस भरी जाए ताकि विश्वविद्यालय पुनर्निर्माण के दौरान भी चलते रहें।

### स्थानीय विशेषज्ञता की ताकत

विशेषज्ञों का मानना है कि गाजा के पुनर्निर्माण का नेतृत्व उन्हीं फिलिस्तीनियों को करना चाहिए जो अपनी जमीन, संस्कृति और समाज को सबसे अच्छी तरह जानते हैं। गाजा के शिक्षाविदों के पास अपनी धरती और लोगों की अनोखी और गहरी समझ है, जिसे कोई बाहरी व्यक्ति नहीं समझ सकता। इसके अलावा गाजा के माहौल को फिर से बसाने में उन लोगों की भागीदारी जरूरी है जो वहां रहेंगे और इसके परिणामों को झेलेंगे। इलाके के भविष्य से जुड़े फैसले उन्हीं समुदायों से आने चाहिए जो सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प की पुनर्निर्माण योजना के तहत, गाजा की सार्वजनिक सेवाएं एक तकनीकी समिति चलाएगी, जिसमें कुछ फिलिस्तीनी और कुछ अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ होंगे।

इस समिति की निगरानी बोर्ड ऑफ पीस नामक एक अंतर्राष्ट्रीय निकाय करेगा, जिसका नेतृत्व खुद ट्रम्प करेंगे और जिसमें ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी शामिल होंगे। कई विशेषज्ञों के लिए यह व्यवस्था काफी चिंताजनक है, क्योंकि उन्हें डर है कि इससे फिलिस्तीनी नेतृत्व को नजरअंदाज किया जा सकता है। कतर स्थित हमद बिन खलीफा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर सुल्तान बराकात चेतावनी देते हैं कि अगर यह समिति कब्जे का प्रबंधन बनकर रह गई, तो कई सम्मानित शिक्षाविद इसमें शामिल होने से इंकार कर देंगे। असली पुनर्निर्माण तभी संभव है जब फिलिस्तीनियों को योजना बनाने से लेकर शिक्षा और पर्यावरण सुधार तक में नेतृत्व और अधिकार दिया जाए। इसी तरह का विचार गाजा यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष और शोधकर्ता फरीद अल-कीक का भी है जिन्होंने युद्धविराम के जश्न के दौरान कहा कि आज खुशी और उम्मीद का दिन है, लेकिन गाजा का भविष्य गाजा के लोगों के हाथों से ही बनना चाहिए।

**-स्रोत फीचर्स**

# नहीं कम हो रहीं शेख हसीना की मुश्किलें

## बांग्लादेश की कोर्ट ने अपदस्थ प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में 21 साल की सजा सुनाई

**ढाका।** बांग्लादेश की एक कोर्ट ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में 21 साल जेल की सजा सुनाई। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी बीएसएस ने बताया कि ये तीनों मामले पुरबाचोल में राजुक न्यू टाउन प्रोजेक्ट में प्लॉट बांटने में कथित गड़बड़ियों को लेकर दर्ज किए गए थे। जज ने दोषी की गैरमौजूदगी में यह फैसला सुनाया क्योंकि उसे अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है और उसकी गैरमौजूदगी में ही उस पर मुकदमा चलाया गया था।

बता दें कि शेख हसीना को हर मामले में सात साल की सजा सुनाई गई, यानी कुल 21 साल जेल। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि शेख हसीना को प्लॉट बिना किसी अर्जी के और कानूनी तौर पर तय अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर दिया गया था। बांग्लादेश एंटी-करप्शन कमीशन (एसीसी) ने इस साल जनवरी में शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ छह अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। आरोप था कि उन्होंने ढाका के पूर्वाचल इलाके में



शेख हसीना और उनके परिवार की ओर से किसी भी मामले में कोई वकील मौजूद नहीं था

सरकारी प्लॉटों का अवैध रूप से आवंटन किया। आज जिन तीन मामलों में फैसला आया है, बाकी तीन मामलों का फैसला 1 दिसम्बर को सुनाया जाएगा। वहीं इस मामले में शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय को पांच साल की कैद और एक लाख टका जुर्माना और उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल को भी पांच साल जेल की सजा सुनाई गई है। शेख हसीना और उनके परिवार की ओर से किसी भी मामले में कोई वकील मौजूद नहीं था, क्योंकि वे लंबे समय से फरार हैं। हालांकि, वे कई बयानों में भ्रष्टाचार के सभी आरोपों को झूठा और राजनीतिक साजिश बताते रहे हैं। इससे पहले ह बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूद अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने शेख हसीना को मानवता विरोधी अपराधों के आरोप में फांसी की सजा सुनाई थी। यह आरोप जुलाई 2024 में सरकार विरोधी आंदोलनों को दबाने के दौरान हुई हिंसा से जुड़े हैं। इसी बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत से शेख हसीना को वापस भेजने का अनुरोध किया है। भारत ने बताया कि यह अनुरोध मिल चुका है और उसे कानूनी प्रक्रिया के तहत जांच किया जा रहा है। इस मामले में भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत बांग्लादेश के लोगों की शांति, लोकतंत्र और स्थिरता के हितों के अनुसार इस पूरे मामले पर विचार कर रहा है और सभी पक्षों से बातचीत जारी रखेगा।

## इंडोनेशिया ने 12 बीएनटी-250 बमों का सफलतापूर्वक किया परीक्षण

**जकार्ता।** इंडोनेशियाई वायु सेना ने अमेरिकी निर्मित हथियारों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से घरेलू स्तर पर निर्मित बीएनटी-250 बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। जकार्ता पोस्ट अखबार ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एयरबेस कमांडर मुचतादी अंजार लेगोवो ने कहा कि ये परीक्षण तकनीकी डेटा एकत्र करने और बम के परिचालन प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए किए गए थे। उन्होंने बताया कि तीसरे एयर स्क्वाड्रन के पायलटों ने 18 नवम्बर को कुल 12 बीएनटी-250 बमों से लैस दो एएफ-16 एम लड़ाकू विमानों को लॉन्च किया। प्रत्येक विमान ने आठ बम विस्फोट किए।




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब रहने के कारण ठंडी और धुंध भरी सर्दियों की सुबह में कर्तव्य पथ पर एक साइकिल चालक।

## भारत-इंडोनेशिया ने समृद्ध हिन्द प्रशांत के लिए प्रतिबद्धता जताई

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया ने अंतर्राष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के अधिकार पर आधारित मुक्त, खुले, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिन्द प्रशांत के महत्व को दोहराते हुए इसके लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है। दोनों देशों ने रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने पर भी सहमति व्यक्त की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री सज़ाफ़री सज़ामसोएद्दीन के साथ तीसरे भारत-इंडोनेशिया रक्षा मंत्री संवाद की सह-अध्यक्षता की। बैठक में दोनों देशों ने दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की पुष्टि की।

## जी-20 सदस्यता हमारा अधिकार अपमान बर्दाश्त नहीं: रामाफोसा

**प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति साइरिल रामाफ़ोसा ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान पर अपना रुख साफ़ करते हुए कहा है कि उनका देश 'अपने अधिकार से' जी-20 का सदस्य है और सम्मेलन में शामिल होने के लिए उन्हें किसी देश के मशवरे की ज़रूरत नहीं है। गौरतलब है कि ट्रम्प ने कहा था कि वह दक्षिण अफ्रीका को 2026 में फ्लोरिडा में होने वाले जी-20 सम्मेलन में आमंत्रित नहीं करेंगे। इसके जवाब में रामाफोसा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका अपने नाम और अधिकार से जी-20 का सदस्य है। उसकी जी-20 सदस्यता सभी सदस्य राष्ट्रों की मंजूरी से है। दक्षिण अफ्रीका एक स्वायत्त संवैधानिक लोकतांत्रिक देश है और वैश्विक मंचों में सदस्यता एवं अधिकार के संबंध में किसी अन्य देश से अपमान स्वीकार नहीं करता है। उन्होंने एक बयान में कहा कि दक्षिण अफ्रीका हर देश की संप्रभुता का सम्मान करता है और वैश्विक समुदाय में किसी देश का या उसकी उपस्थिति और योग्यता का अपमान नहीं करेगा।

# इमरान खान जेल में, बाहर मौत की अफवाह

## जेल प्रशासन बोला: पूर्व पीएम की तबीयत ठीक, समर्थक मुलाकात पर अड़े, बहनें बोलीं: सच बताएं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की मौत को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह तेज हो गई है। इमरान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। पिछले 3 हफ्तों से इमरान की बहनें उनसे मिलने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन जेल प्रशासन इसकी अनुमति नहीं दे रहा है। इसके चलते से इमरान की खराब सेहत के कयास लगाए जा रहे हैं। इमरान की बहनों ने सरकार से सच बताने की मांग की है। तनाव बढ़ने के बाद जेल प्रशासन ने कहा है कि इमरान खान की तबीयत बिल्कुल ठीक है। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने भी इमरान की सेहत के बारे में हाल की अफवाहों के बारे में सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही प्रशासन से पूर्व प्रधानमंत्री और उनके परिवार के बीच मुलाकात की व्यवस्था करने की मांग की है। इमरान की बहन अलीमा खान मंगलवार रात रावलपिंडी की अडियाला जेल के बाहर प्रदर्शन में शामिल हुईं। पीटीआई ने आरोप लगाया है कि विदेशी सोशल मीडिया अकाउंट्स से इमरान की मौत तक की खबरें फैलाई जा रही हैं, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। पार्टी ने सख्त चेतावनी दी है कि इमरान खान की सुरक्षा, स्वास्थ्य और संवैधानिक अधिकारों की जिम्मेदारी सीधे सरकार पर है। अगर कोई अनहोनी हुई तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीटीआई ने अफवाह फैलाने वालों की जांच कराने की भी मांग की। इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डॉ. उज्मा खान पिछले कई दिनों से अडियाला जेल के बाहर धरना दे रही हैं, लेकिन उन्हें भाई से मिलने की अनुमति नहीं मिली। उनकी बहनों ने आरोप लगाया कि धरने के समय उन पर लाठीचार्ज किया गया और सड़क पर खींचकर घसीटा गया। उन्होंने इसे क्रूरता बताया और कहा है कि यह सब इमरान को परिवार से अलग करने की साजिश का हिस्सा है। अडियाला जेल में हर मंगलवार को कैदियों से मुलाकात की इजाजत मिलती है। इमरान खान के परिवार और पीटीआई नेताओं का कहना है कि उन्हें कई हफ्तों से खान से मुलाकात करने नहीं दी गई। बीते मंगलवार को भई बड़ी संख्या में पीटीआई कार्यकर्ता इमरान खान को देखने पहुंचे, लेकिन जेल प्रशासन ने किसी को भी उनसे मिलने नहीं दिया। इससे लोगों की चिंता और भी बढ़ गई। इसके बाद मंगलवार रात सोशल मीडिया पर 'इमरान खान कहां हैं', ट्रेंड करने लगा। इसके बाद बुधवार को अदियाला जेल के बाहर भारी संख्या में पीटीआई समर्थक जुटे। इस बीच, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इमरान की जेल सुविधाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इमरान के पास जेल में टीवी है, बाहर से खाना आता है और जिम इक्विपमेंट भी मौजूद है। आसिफ ने कहा कि जब वो जेल में बंद थे तो उनके पास सिर्फ दो कंबल होते थे। उन्होंने बताया कि हम ठंडे फर्श पर सोते थे और जेल में बना खाना ही खाते थे। हमें गर्म पानी भी नहीं मिलता था। उन्होंने आरोप लगाया कि इमरान के पास डबल बेड और मखमली बिस्तर है। दावा किया कि जेल अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उनकी देखभाल करते हैं। आसिफ ने कहा कि इमरान पर उनके समर्थकों को झूठ बोलने से पहले खुदा से डरना चाहिए। मार्च 2025 में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान खान को परिवार और वकीलों से नियमित मुलाकात की मंजूरी दी थी, लेकिन जेल प्रशासन आदेश का पालन नहीं कर रहा।



इमरान को कुछ हुआ, तो बर्दाश्त नहीं करेंगे: पीटीआई, इमरान जेल में मखमली बिस्तर पर सोते हैं: रक्षा मंत्री

## एक हिंदू के सामने हमारे 90 हजार फौजियों ने सरेंडर किया: पाकिस्तान के पूर्व सांसद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व सांसद और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) के प्रमुख फजल-उर-रहमान ने रविवार को एक रैली में कहा कि सेना देश की लगातार बेइज्जती करा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 1971 की जंग में पाकिस्तान की सेना ने एक हिंदू (भारतीय जनरल) के सामने 90 हजार से ज्यादा सैनिकों के साथ सरेंडर किया था और पूरे मुल्क की इज्जत मिट्टी में मिला दी। उनके मुताबिक, पाकिस्तान ने दुनिया के सामने अपना चेहरा उसी दिन जला लिया था। मौलाना ने कहा कि देश को मिली उस शर्मनाक हार से पाकिस्तान आज तक उबर नहीं पाया है, क्योंकि उसी मानसिकता के फैसले आज भी जारी हैं।

# भारत-यूएई व्यापार 100 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच का व्यापार वित्त वर्ष 2024-25 में 19.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ सौ अरब डॉलर के स्तर को पार कर 100.06 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत-यूएई सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) के अंतर्गत संयुक्त समिति की राजधानी में हुई तीसरी बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार में हुई तीव्र वृद्धि का स्वागत किया।

भारत की ओर से बैठक की अध्यक्षता वाणिज्य विभाग के अपर सचिव अजय भादू और यूएई के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कार्य सहायक अवर सचिव जुमा अल कैत ने की। दोनों पक्षों ने वर्ष 2030 तक गैर-तेल और गैर कीमती धातु व्यापार को 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने के लक्ष्य की ओर अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में पक्षों के बीच व्यापार सुगमता, नियामक सहयोग, डेटा साझाकरण को मजबूत करने और सेवा उपसमिति की बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी है। यूएई भारत के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों में है। भारत-यूएई संयुक्त आयोग द्विपक्षीय व्यापार में प्रगति की



यूएई भारत के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों में है

समीक्षा, चुनौतियों का समाधान और सीईपीए को लागू करने के लिए प्राथमिक संस्थागत तंत्र के रूप में कार्य करता है। वाणिज्य मंत्रालय की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार दोनों पक्षों ने सीईपीए के अंतर्गत प्रगति की व्यापक समीक्षा की। बैठक में बाजार में प्रवेश से जुड़े मुद्दों, डेटा के आदान-प्रदान, सोने के व्यापार में शुल्क-दर आधारित मात्रात्मक आयात कोटा (स्वर्ण टीआरक्यू) के आवंटन, डंपिगरोधी मामलों, सेवाओं, उत्पत्ति के नियमों, बीआईएस लाइसेंसिंग आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। भारतीय पक्ष ने पारदर्शी प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से स्वर्ण टीआरक्यू आवंटित करने के अपने हालिया निर्णय के बारे में भी यूएई को जानकारी दी।

# चीन में 15 साल बाद सबसे बड़ा ट्रेन हादसा

## ट्रैक पर काम कर रहे लोगों को ट्रेन ने मारी टक्कर

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी प्रांत युन्नान में गुरुवार सुबह रेल हादसा में 11 रेलवे कर्मचारियों की मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक टेस्ट ट्रेन, जो भूकंप से जुड़े इक्विपमेंट की जांच कर रही थी, अचानक उन कर्मचारियों से टकरा गई।

हादसा कुनमिंग शहर के लुओयांगजेन रेलवे स्टेशन पर हुआ, जहां रेलवे कर्मचारी एक टर्निंग ट्रैक वाले हिस्से में काम कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेन उसी ट्रैक पर आ गई और टक्कर हो गई। यह 2011 में हुए ट्रेन हादसे के बाद दूसरी सबसे बड़ी दुर्घटना है। तब ट्रेन हादसे में 40 लोगों की मौत हुई थी। घायलों को तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया। चीन के सरकारी टीवी

**11 की मौत, दो घायल**

चौनल सीसीटीवी के मुताबिक, टेस्ट ट्रेन नंबर 55537 साइज्मिक (भूकंप मापने वाले) इक्विपमेंट की जांच के लिए चल रही थी। हादसे के तुरंत बाद रेलवे और लोकल प्रशासन ने इमरजेंसी रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया था। कुनमिंग रेलवे अथॉरिटी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पीड़ितों और उनके परिवारों के संवेदना जाहिर की है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क चलाता है, जिसकी लंबाई 160000 किलोमीटर से ज्यादा है और हर साल इसमें अरबों लोग टैवल करते हैं। चीन की रेल सर्विस को तेज और सुविधाजनक माना जाता है, लेकिन पहले भी कई बड़े हादसे हो चुके हैं। 2011 में झेजियांग प्रांत में हुई एक दुर्घटना में 40 लोगों की मौत हुई थी। 2021 में गांसू प्रांत में भी एक ट्रेन ने कर्मचारियों को टक्कर मारी थी, जिसमें 9 लोग मारे गए थे। चीन अपनी हाई-स्पीड रेल को दुनिया की सबसे सुरक्षित और आधुनिक ट्रेन सेवा के रूप में पेश करता है। यह दावा काफी हद तक सही भी है, क्योंकि हाई-स्पीड ट्रेनें अपने मुख्य रूटों पर ऑटोमैटिक सिस्टम पर चलती हैं और वहां मानव गलती की गुंजा. इश बहुत कम रहती है। असली खतरा वहां पैदा होता है, जहां इन ट्रेनों के ट्रैक की मरम्मत, तकनीकी जांच या टेस्टिंग का काम चल रहा होता है।

# श्रीलंका में बारिश, भूस्खलन से मरने वों की संख्या 31 हुई

**कोलंबो।** हाल के वर्षों में सबसे खतरनाक प्राकृतिक आपदा से गुजर रहे श्रीलंका में भारी बारिश और कई भूस्खलनों के बाद 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कम से कम 14 लोग गायब हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

डीएमसी ने अपने बयान में कहा कि इस आपदा के कारण हज़ारों की संख्या में लोग बेघर हो चुके हैं। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, इस मौसम ने 17 जिलों के 1158 परिवारों का जीवन प्रभावित किया है। डीएमसी ने कहा कि 10 लोग घायल हुए हैं। तीन घर पूरी तरह तबाह हो चुके हैं जबकि 381 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। कम से कम 131 लोगों को अस्थाई सुरक्षा केंद्रों में विस्थापित किया गया है। बदुल्ला जिले में सबसे ज्यादा 18 लोग मारे गए हैं, जबकि केगल्ला में सात लोगों ने अपनी जान गंवाई है। नुवारा एलिया में इस मौसम के कारण चार लोगों का निधन हुआ है।

डीएमसी ने बताया कि हंबनटोटा और कुरुनेगला में एक-एक व्यक्ति की जान जाने की खबर है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि लगातार बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ के अलावा सड़कें बंद होने का भी खतरा है। खासकर केंद्रीय और पहाड़ी क्षेत्रों में। बिगड़ते हालात के बीच यहां परीक्षा विभाग ने गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को होने वाली विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षाओं को स्थगित करने की घोषणा की है।

# हांगकांग के ताइ पो में लगी आग

**हांगकांग।** हांगकांग के ताइ पो जिले में आवासीय इमारत में आग लगने से कम से कम 65 लोगों की मौत हो गई है और 279 लोग अभी भी लापता हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार बचाव दल ऊंची इमारतों की तलाशी ले रहे हैं, जिनमें अभी भी आग लगी हुई है। इस कॉम्प्लेक्स में बड़ी संख्या में बुजुर्ग लोग रहते हैं, जिससे मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है।

अधिकारियों ने तीन लोगों को गैर-इरादतन हत्या के शक में गिरफ्तार किया है, उन पर आग लगने से जुड़ी 'बड़ी लापरवाही' का आरोप है। उनके शामिल होने के बारे में अभी तक जानकारी नहीं दी गई है। हांगकांग के चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव जॉन ली ने कहा है कि आने वाले लेजिस्लेटिव काउंसिल (लेगको) चुनावों से पहले सभी चुनाव प्रचार गति.

## 65 लोगों की मौत, 279 लोग लापता



विधियों को रोक दिया गया है। सरकार आपदा प्रतिक्रिया को प्राथमिकता दे रही है। रेडियो टेलीविज़न हांगकांग के मुताबिक शहर के चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव जॉन ली ने सुबह एक ब्रीफ़िंग में पत्रकारों से कहा कि सबसे पहली प्राथमिकता आग बुझाना और फंसे हुए लोगों को बचाना है। दूसरा काम घायलों का इलाज करना है, तीसरा उसके बाद के हालात को संभालना है और फिर हम पूरी जांच करेंगे। पब्लिक ब्रॉडकास्टर आरटीएचके के मुताबिक ली ने पत्रकारों से कहा कि हमने लेगको चुनावों के लिए प्रमोशनल एक्टिविटीज़ और फ़ोरम रोक दिए हैं। सरकार इस बड़ी मुसीबत से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। अब हमारी प्राथमिकता आग पर काबू पाना है। आग की खबरें चीन में सोशल मीडिया पर छाई रहीं पोस्ट को एक अरब से जयादा बार देखा गया।

# रूस जंग खत्म करने को तैयार नहीं: जर्मनी

## देश का रक्षा बजट बढ़ाने का ऐलान, कहा: 2029 तक नाटो पर हमला कर सकते हैं पुतिन

**बर्लिन।** जर्मनी ने रूस पर आरोप लगाया है कि वह यूक्रेन जंग खत्म करने के लिए किसी तरह का समझौता करने को तैयार नहीं दिख रहा है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने संसद में कहा कि रूस ने यूक्रेन के लिए तैयार की गई नई शांति योजना पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बयानों में शांति की कोई इच्छा नहीं दिखती। बोरिस ने कहा, पुतिन की प्रतिक्रिया से साफ है कि वह किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहते।

बोरिस ने बताया कि इसी वजह से जर्मनी अपने रक्षा बजट में बढ़ोतरी करेगा। साथ ही यूक्रेन को सैन्य मदद भी बढ़ाएगा। बोरिस ने यह भी कहा कि जर्मनी को बदलते वक्त के साथ अपने लिए नए पार्टनर ढूंढने की जरूरत है। जर्मनी के विदेश मंत्री योहान



जर्मनी को बदलते वक्त के साथ अपने लिए नए पार्टनर ढूंढने की जरूरत: बोरिस पिस्टोरियस

वेडफुल ने मंगलवार चेतावनी दी है कि रूस अगले चार साल में किसी छ।ज्ञ देश पर हमला कर सकता है। उन्होंने यह बात बर्लिन फॉरेन पॉलिसी फोरम में कही। वेडफुल ने बताया कि जर्मन खुफिया एजेंसियों के मुता. बिक रूस 2029 तक नाटो के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहा है। उनका कहना है कि रूस की महत्वाकांक्षा सिर्फ यूक्रेन तक सीमित नहीं है। उसने पिछले कुछ सालों में अपनी सैन्य ताकत और हथियार उत्पादन काफी बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि रूस ने अपनी अर्थव्यवस्था और समाज को काफी हद तक युद्ध के हिसाब से ढाल दिया है। साथ ही, रूस जरूरत से ज्यादा सैनिकों की भर्ती कर रहा है। लगभग हर महीने एक नई डिविजन तैयार की जा रही है। वेडफुल ने चेतावनी दी है कि रूस की ये नई सैन्य यूनिट्स् यूरोपीय संघ और नाटो को निशाना बना सकती हैं। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने कहा है कि यूक्रेन युद्ध में अगर शांति समझौता भी हो जाए, तब भी रूस यूरोप के लिए लंबे समय तक खतरा बना रहेगा। उन्होंने यह बयान ब्रसेल्स में स्पेनिश अखबार एल पाइस को दिए इंटरव्यू में दिया।

## वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी, दो सुरक्षा प्रहरी गंभीर रूस से घायल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में बुधवार को व्हाइट हाउस के पास हुई गोलीबा. री में दो सुरक्षा प्रहरी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में नेशनल गार्ड के जवानों के साथ एक और व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। यह घटना वाशिंगटन डीसी के भीड़भाड़ वाले इलाके, फारागट स्क्वायर के पास हुई, जिससे इलाके में अफरा तफरी मच गई। इस गोलीबारी के मामले में एक हमलावर को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार आरा. पी ने सुरक्षा प्रहरियों पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद पास में मौजूद नेशनल गार्ड के दूसरे जवानों ने उसे पकड़ लिया, जिन्होंने गोलियों की आवाज सुनी थी।

## यूक्रेन के लिए 8.1 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता देगा आईएमएफ

**कीव।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यूक्रेन को अगले चार साल में 8.1 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए युद्धग्रस्त देश के साथ एक स्टाफ लेवल समझौता किया है। आईएमएफ की टीम ने गेविन ग्रे के नेतृत्व में 17-21 नवम्बर के दौरान यूक्रेनी अधिकारियों के साथ एक नई विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) व्यवस्था के लिए यूक्रेन के अनुरोध पर विचार किया था। उसके बाद दोनों पक्षों के बीच यह समझौता हुआ है। इस समझौते के मुख्य उद्देश्य यूक्रेन की वृहद आर्थिक स्थिरता बनाए रखना, ऋण स्थिरता और बाहरी व्यवहार्यता को पुनर्स्थापित करना, भ्रष्टाचार का मुकाबला करना और शासन में सुधार हैं। आईएमएफ द्वारा बुधवार को जारी बयान में कहा गया है कि 48 महीने के ईएफएफ के तहत यूक्रेन को 5.94 अरब सिंगापुर डॉलर (लगभग 8.1 अरब अमेरिकी डॉलर) की मदद मुहैया कराई जाएगी जो उसके कोटे का 295 प्रतिशत है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108